राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित


केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 त्रिशा कृष्णन ने गुड बैड अग्ली में...



कांग्रेस प्रवक्ता के रोहित शर्मा... 12

गाजियाबाद, बुधवार 05 मार्च 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 363, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# बड़ा हादसा टला: दो भागों में बंटी नंदन कानन एक्सप्रेस

**चंदौली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में स्थित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन (डीडीयू जंक्शन) पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सोमवार रात लगभग 9:30 बजे आनंद विहार से ओडिशा के पुरी जा रही 12876 नंदन कानन एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच एस4 बोगी की कपलिंग टूट गई, जिससे ट्रेन के कोच अलग-अलग हो गए। इंजन सहित छह कोच 200 मीटर आगे पहुंच गए और बाकी पीछे ही रह गए। इसके बाद यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। वे घबराए हुए थे और समझ नहीं पा रहे थे कि क्या हो रहा है। ट्रेन के अंदर यात्री असमंजस की स्थिति में थे, लेकिन सौभाग्य से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं पहुंची। घटना के समय ट्रेन पहले से ही तीन घंटे से अधिक देरी से चल रही थी। घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कपलिंग टूटने वाली एस4 बोगी को ट्रेन से अलग किया गया और उसमें सवार यात्रियों को दूसरी बोगी में शिफ्ट किया गया। करीब डेढ़ से दो घंटे की देरी के बाद दोनों हिस्सों को जोड़कर रात 1 बजे के आसपास ट्रेन को फिर से रवाना किया गया।

**इंजन सहित छह कोच 200 मीटर आगे पहुंचे; यात्रियों में मची अफरा-तफरी**

यात्रियों ने इस घटना पर गुस्सा जताया और रेलवे को इसका जिम्मेदार ठहराया। एक यात्री ने कहा कि यदि ट्रेन की गति अधिक होती, तो शायद बड़ा हादसा हो सकता था। उसने भारतीय रेलवे से अपील की कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए ताकि भविष्य में ऐसी कोई दुर्घटना न हो। डीडीयू जंक्शन के स्टेशन मैनेजर, एस.के. सिंह ने बताया कि ट्रेन को प्लेटफार्म संख्या 2 से रवाना किया गया था, लेकिन छह किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद ही यह घटना घटी।



उन्होंने बताया कि दोनों हिस्सों को एक साथ लाकर ट्रेन की मरम्मत की गई और फिर पूरी ट्रेन को फिर से सही सलामत रवाना किया गया। एक यात्री ने बताया, मैं ट्रेन नंबर 12816 में आनंद विहार से मेदिनीपुर जा रहा था। हमारी सीट एस5 में थी, जब अचानक एस4 और एस5 के बीच कपलिंग टूट गई। गति धीमी होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। अगर ट्रेन तेज चलती, तो स्थिति अलग होती। मैं रेलवे से अपील करता हूं कि इसे गंभीरता से लेकर सुधार करें। एक अन्य यात्री ने बताया, ट्रेन प्लेटफॉर्म 2 से रवाना हुई और 6 किलोमीटर बाद अलग हो गई। दोनों हिस्से प्लेटफॉर्म 1 पर लाए गए और मरम्मत के बाद ट्रेन रवाना हुई। महिला यात्री लोचिनी ने भी इस घटना के बारे में बताया कि ट्रेन के अंदर स्थिति बहुत डरावनी हो गई थी जब स्लीपर एस4 बोगी की कपलिंग टूट गई। उन्होंने कहा कि उस समय वह बहुत घबराई हुई थीं और उन्हें डर था कि अगर ट्रेन की गति तेज होती, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### केंद्र सरकार ने पासपोर्ट बनाने के नियमों में किया बदलाव, अब इस दस्तावेज के बिना नहीं होगा आवेदन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पासपोर्ट को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के तौर पर माना जाता है। पासपोर्ट के होने से किसी भी शख्स की आसानी से पहचान हो जाती है, इसके साथ ही उसकी नागरिकता भी साबित होती है। इस बीच भारत सरकार ने पासपोर्ट को लेकर नियमों में बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने पासपोर्ट बनवाने के



नियमों में बदलाव किया है। नए नियम के तहत अब पासपोर्ट बनवाने के लिए बर्थ सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी होगी। केवल जन्म प्रमाण पत्र ही जन्मतिथि के लिए वैध प्रमाण होगा। हालांकि, ये नियम सभी लोगों पर लागू नहीं होगा। ये नए नियम केवल उन लोगों पर ही लागू होंगे जो 01 अक्टूबर 2023 या उसके बाद पैदा हुए हैं। इससे पहले बर्थ सर्टिफिकेट की जगह मार्कशीट या स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रयोग कर लिया जाता था। पासपोर्ट बनवाने के लिए बर्थ सर्टिफिकेट उन लोगों के लिए आवश्यक नहीं हैं, जिनका जन्म इस तिथि से पहले हुआ है। वे पहले के जैसे ही ड्राइविंग लाइसेंस, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जैसे अन्य डॉक्यूमेंट देकर पासपोर्ट बनवा सकते हैं। बता दें कि अब पासपोर्ट के आखिरी पन्ने पर आवासीय पते नहीं छापे जा सकेंगे। आव्रजन अधिकारी अब बारकोड स्कैन कर जानकारी प्राप्त कर पाएंगे। वहीं, पासपोर्ट के अंतिम पन्ने पर से माता-पिता के नाम को भी नहीं छापा जाएगा। इस नियम से एकल अभिभावक या अलग-थलग परिवारों के बच्चों को राहत मिलेगी।

### रंग लाई कोशिशें, गंगा में बढ़ी डॉल्फिन की संख्या

**लखनऊ (आरएनएस)।** ताजा रिपोर्ट के अनुसार, गंगा नदी में एक बार फिर डॉल्फिन की संख्या बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, डॉल्फिन की सबसे ज्यादा संख्या उत्तर प्रदेश में पाई गई है।



उत्तर प्रदेश में 2397 डॉल्फिन पाई गई हैं, जबकि बिहार में 2220, पश्चिम बंगाल में 815 और असम में 635 डॉल्फिन पाई गई हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश में गंगा जल को निर्मल एवं स्वच्छ बनाने के लिए योगी सरकार लगातार काम कर रही है। नतीजतन नदी में जलीय जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी गुण मौजूद हैं। लगातार नदियों की सफाई का नतीजा डॉल्फिनों की संख्या में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है।

### सेबी की पूर्व अध्यक्ष को राहत, एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर रोक

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेबी की पूर्व अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के विशेष अदालत के आदेश पर रोक लगाई है। पूर्व सेबी प्रमुख बुच और पांच अन्य ने कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

बंबई उच्च न्यायालय ने आज बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर चार मार्च तक कोई कार्रवाई न करने का भ्रष्टाचार-निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को निर्देश दिया। मुंबई स्थित एसीबी की विशेष अदालत ने शनिवार को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के मामलों में बुच समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। इस फैसले को याचिकाकताओं ने अवैध और मनमाना करार देते हुए रद्द करने की मांग की।न्यायमूर्ति एस. जी. डिगे की अध्यक्षता वाली एकल पीठ ने इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई तय की और तब तक एसीबी अदालत के आदेश पर कोई कार्रवाई न करने का निर्देश दिया।

## मियां-तियां और पाकिस्तानी कहना खराब, अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति को 'मियां-तियांइ और 'पाकिस्तानी कहना निश्चित रूप से खराब है, लेकिन इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में आरोपी व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप से मुक्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल 'धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचानेइ वाले कानून के अंतर्गत अपराध नहीं माना जा सकता।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ झारखंड हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया जिसमें उच्च न्यायालय ने आरोपी को आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था।

यह मामला एक एफआईआर से जुड़ा है जो एक उर्दू अनुवादक और चास अनुमंडल कार्यालय के कार्यवाहक लिपिक (सूचना का अधिकार) द्वारा दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता के



अनुसार, जब वह एक आरटीआई आवेदन के संबंध में जानकारी देने के लिए गए, तो आरोपी ने उनके धर्म का उल्लेख करते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार किया, उन्हें 'मियां-तियांइ और 'पाकिस्तानी जैसे शब्दों से संबोधित किया।

झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी को आरोप मुक्त करने से मना कर दिया था, जिसका अर्थ है कि उच्च न्यायालय ने प्रथम दृष्टया इसे अपराध माना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के इस दृष्टिकोण से असहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा, निस्संदेह, दिए गए बयान खराब तरीके के हैं। हालांकि, यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के समान नहीं है। अदालत ने इसके बाद अपीलकर्ता को धारा 298 के तहत आरोपों से मुक्त कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से संबंधित कानूनों की व्याख्या के लिए एक महत्वपूर्ण मिसाल कायम करता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अनुचित और अपमानजनक भाषा का उपयोग करना नैतिक रूप से गलत हो सकता है, लेकिन हर खराब बयान को कानूनी रूप से अपराध नहीं माना जा सकता, खासकर जब तक कि यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से न किया गया हो।

## विधायक धीरेंद्र सिंह ने सपा पर साधा निशाना कहा सपा के लोगों का उद्योग में कटौती का प्रस्ताव हास्यप्रद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** प्रदेश में सपा सरकार के कार्यकाल में 80 हजार करोड़ रुपये का घोटाला गौतमबुद्ध नगर में हुआ था। यह घोटाला नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में हुआ था। जांच के दौरान कैग ने इसे पकड़ा था। विधानसभा सत्र के दौरान विधायक धीरेंद्र सिंह ने सपा सरकार के कार्यकाल में हुए 80 हजार करोड़ के घोटाले के मामले को प्रमुखता से रखा। कहा सपा सरकार में गौतमबुद्ध नगर में उद्योग की हालत बहुत ही चिंताजनक थी। प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में कानून व्यवस्था में सुधार से जिले में उद्योग की स्थिति में बड़ा बदलाव हुआ है।

**सपा ने बंद कराए थे उद्योग**

धीरेंद्र सिंह ने कहा कि सपा सरकार में उद्योगों के मामले में जिले की स्थिति बहुत ही चिंताजनक थी। सपा कार्यकाल में ही जिले से



डेबू कंपनी को भगा दिया गया। जिससे हजारों लोगों का रोजगार छिन गया। अब देश के साथ ही विदेशी कंपनियां भी जिले में अरबों रुपये का निवेश कर रही हैं। महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। कहा सपा के लोग उद्योग में कटौती का प्रस्ताव कर रहे हैं, जो कि बहुत ही हास्यप्रद है।

## छुट्टी मुबारक हो... अब जॉइन कहां करना है ये लोग तय करेंगे, सीएम मान ने हड़ताल पर गए तहसीलदारों को दी चेतावनी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब में विजिलेंस ब्यूरो की कार्रवाई के विरोध में आज तहसीलदार सामूहिक छुट्टी पर हैं। उन्होंने शुक्रवार तक काम न करने का फैसला लिया है। तरसीलदारों की इस मनमानी को लेकर अब मुख्यमंत्री मान ने कड़ा रुख अपनाया है। अब मुख्यमंत्री भगवंत मान भी एक्शन मोड में आ



गए हैं। सीएम भगवंत मान ने तहसीलदारों को चेतावनी दी है कि तहसीलदार को सामूहिक छुट्टी मुबारकज्अब लोग तय करेंगे कि छुट्टी के बाद वह कहां जॉइन करना है। वहीं जानकारी के मुताबिक आज सीएम भगवंत मान, खरड़ समेत कुछ अन्य तहसीलों का दौरा करेंगे। सीएम भगवंत मान ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि, तहसीलदार अपने भ्रष्ट साथियों के पक्ष में हड़ताल पर जा रहे हैं, लेकिन हमारी सरकार रिश्वतखोरी के सख्त खिलाफ है। आम लोगों को असुविधा न हो, इसके लिए तहसीलों के दूसरे अधिकारियों को कामों की जिम्मेदारी दी जा रही है, ताकि लोगों के काम न रुकें। तहसीलदारों को सामूहिक अवकाश की शुभकामनाएं। लेकिन अवकाश के बाद कब और कहां जॉइन करना है, यह तो ये लोग तय करेंगे।

## मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला रवैया न्यायसंगत नहीं : मायावती

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दोनों ही सरकारों पर मुस्लिमों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दो पोस्ट भी किए।

अपने पहले पोस्ट में उन्होंने लिखा, भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है।

उन्होंने आगे लिखा, ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों को मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। उन्होंने अपने दूसरे पोस्ट में कहा, साथ ही, सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबंदियां व छूट से संबंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।उन्होंने कहा कि इससे समाज में शांति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक है,



जो अति-चिंतनीय है। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें।मायावती ने इससे पहले तीन मार्च को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसकी जानकारी मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी थी।

उन्होंने कहा था कि आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी और मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। एक दिन पहले ही रविवार को मायावती ने आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से हटाया था।

मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, बीएसपी की ऑल इंडिया की बैठक में रविवार को आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन, इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लंबी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है, वह उसके पछतावे और राजनीतिक मैच्योरिटी का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह, मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दंडित भी करती रही हूं।

बसपा प्रमुख मायावती ने आगे लिखा था, अतः परमपूज्य बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट के हित में तथा मान्यवर कांशीराम जी की अनुशासन की परंपरा को निभाते हुए आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

**बुलन्द संदेश एक्सक्लुसिव**

### मासूम बच्चे को भी बोलना सिखा देते हैं आरिफ

## पिता ने किया शोध,फिर खुद विकसित की विधि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (अंकित गोस्वामी)।** अब गूंगे भी मम्मी-पापा बोलने लगे है, कोई कुछ कह दे तो उसका भी मुंह से जबाव देते है। जीं हां हर कोई गूंगा अपनी बात को मुंह से कहकर बोल सके, इसी को लक्ष्य लेकर विकसित की गई कंपन विधि। इस कंपन विधि के जरिए गूंगोंको बोलने का हुनूर दे रहे मोहम्मद आरिफ प्रदेश के विभिन्न जिलों मेंशिविर लगा रहे है। अब यह शिविर सम्भल के उपनगरी सरायतरीन में लगाया गयाहै। जहां गूंगों को बोलने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक वह 300 गूंगे लोगों को बोलना सिखा चुके है। उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ निवासी मोहम्मद आरिफ जब 10 वर्ष के थे। उस वक्त वह किसी गूंगे बच्चे या व्यक्ति को देखते थे वह भावुक हो जाते थे। गूंगों के दर्द को देखकर आंखों से आंसू बहने लगते थे। बस दिल में यहीं उम्मीद जगाए रखते थे कि आखिर ये गूंगे लोग अपनी आवाज और दर्द को मुंह से कैसे बयां करे। इसके बाद उन्होंने ऐसे लोगके लिए दिल में कुछ करने की तमन्ना ठान ली। उनके पिता मोहसिन खान भी गूंगे, बहरे बच्चों का उपचार करते थे। इसके बाद पिता की मदद से कंपन विधि की खोज की। इस विधि को अपनाने के बाद गूंगे बोलने लगे। इसके लिए बच्चों को दो माह यानी 60 दिन तक प्रशिक्षण करना पड़ता है। उनका दावा है कि दो माह के भीतर न बोल पाने वाले मासूम आवाज निकालने लगते हैं अब तक वह देशभर के 300 से अधिक गूंगे बच्चों को बोलना सिखा चुके हैं। वह बच्चें अब खुद ही अपनी आवाज में बात भी करते हैं। फिलहाल में मोहम्मद आरिफसरायतरीन में शिविर लगाकर गूंगे बच्चों को बोलना का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह अब तक लखनऊ, इलाहाबाद, रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद समेत कई अन्य जनपदों में शिविर लगा चुके है। उनका कहना है कि जो बच्चे नहीं बोल पाते, उन्हें शंख में पानी डालकर पिलाना चाहिए। साथ ही काली मिर्च का उपयोग अधिक करना चाहिए। कंपन विधि से पुस्तैनी काम को आगे बढ़ा रहे आरिफ सम्भलः



मासूमों को आवाज के रूप में दे रहे हैं नई जिंदगी

मोहम्मद आरिफ खां बताते है कि उनके पिता डा. मोसिम (स्पीच विशेषज्ञ) है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता बचपन से ही पोलियोग्रस्त हैं। उन्होंने वर्ष 1966-67 में सी.टी.डी (डेफ टीचर ऑफ सटिफिर्कट) डिग्री हासिल की। इसके बाद इस शोध में लग गए कि आखिर गूंगे, बहरे कैसे बोल सकते है। सफलता वर्ष 1988 में नासिक के डॉ. नवाल की पुत्री अर्चना नवाल पर मिली। मेरे पिता ने जिस विधि का प्रयोग किया, उस विधि का नाम स्पर्श कंपन प्राकृतिक चिकित्सा विधि रखा। तब से आज तक वह लाखों गूंगे, बहरे बच्चों के प्रशिक्षण देकर बोलना सिखा चुके हैं। आरिफ खां ने बतायाकि मैं अपने पिता के साथ 12 वर्ष की उम्र से ही साथ रहकर गूंगे, बहरों को बोलना सिखाने का कार्य कर रहा हूं। इस कंपन विधि में बच्चे का बाया हाथ का पंजा अपने गाल पर रखकर बुलवाया जाता है। क्योंकि गूंगे व बहरे बच्चे बोल व सुन न पाने की वजह से कंपन महसूस करते हैं। मैंने अब तक 300 से अधिक गूंगे , बहरे बच्चों को बोलना सिखाया है। इनसेट कंपन विधि से ऐसे सिखाते है डाक्टर आरिफ खान सम्भलः गूंगे बच्चों को बोलना कंपन विधि के जरिए कैसे सिखाया जाता है, उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। प्राकृतिक चिकित्सक आरिफ खान ने बताया कि जो बच्चे गूंगे और बहरें होते है। न सुन पाने की वजह से बोल नहीं पाते है। कुछ बच्चें सुनते तो है लेकिन बोल नहीं पाते है। इन बच्चों को सिखाना का तरीका यह है कि सबसे पहले बच्चों के मुंह से फूंक करवाई जाती है। जब बच्चा फूंक फूंक लेता है तो जीभ देखी जाती है। कि कहीं जीभ मोटी व पतलीतो नहीं है। अगर यह समस्या बच्चों में पाई जाती है तो इन्हें जीभ का अभ्यास कराया जाता है। जब फूंक व जीभ सही हो जाए तो इन्हें बोलने का अभ्यास कराते हुए सबसे पहले पा अक्षर को बुलवाया जाता है। जब पा अक्षर साफ बोलने लगता है। इसके बाद बच्चे से टा, का, ता, मा, ना, इत्यादिशब्दों को बुलवाया जाता है। जब बच्चें यह शब्द बोलने लगे तब दो अक्षरोंका अभ्यास कराया जाता है। जैसे पापा, टाटा, मामा, नाना, पानी आदि।उन्होंने बताया कि इन शब्दों को बोलने के बाद बच्चा सभी बातों को बोलने लगते है।

# रोडवेज के रंग में रंगी सड़कों पर दौड़ रही निजी बसें, अफसर बेखबर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (अंकित गोस्वामी)।** रोडवेज के रंग में रंगी निजी बसें बुलंदशहर से मेरठ, अलीगढ़ व दिल्ली एनसीआर तक सडकों पर खूब फरार्टा भर रही है। इन निजी बसों पर रोडवेज की तरह टाइटल

- **बसों के दोनों तरफ लिखा है अपना साथी, सीएनजी**
- **रोडवेज बस समझकर झांसे में आ जाते है यात्री**
- **भूड़ चौराहे के निकट रात में खड़ी हो जाती है बसें**




लिखा है। माथे पर कौशांबी डिपो, मेरठ डिपो व साइडों में अपना साथी व सीएनजी लिखा है। यात्री रोडवेज समझकर इन में सफर करते है, लेकिन उनसे रोडवेज के अनुरूप ही किराये की वसूली भी की जाती है। जिम्मेदार बेखबर है या फिर कोई खेल। हालांकि जिम्मेदारों ने अभियान चलाकर कार्यवाही की बात कही है।

बुलंदशहर से रोजाना दर्जनों निजी बसें रोडवेज के रंग में विभिन्न जिलों के लिए दौड़ रही है। वैसे तो वाहनों के अनाधिकृत संचालन पर रोकथाम की जिम्मेदारी सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की है। इसके बावजूद सडकों पर मनमानी का खेल चरम पर है। निजी बस संचालक उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम द्वारा अधिकृत रंग का प्रयोग कर रहे है। जानकारी न होने के अभाव में काफी यात्री इन बसों में ही सफर करते है। हालांकि परिवहन विभाग के अधिकारी जरूर ही रोजाना गाडियों के चालान करते है लेकिन इन निजी बसों पर कार्यवाही नहीं होती। इन निजी बसों के संचालन से रोडवेज डिपो के खजाने को नुकसान पहुंच रहा है।

**ये है रोडवेज बसों के मानक**

गेरूए लाल रंग के बीच सफेद रंग की पट्टी होगी। आगे का ऊपरी हिस्सा पीले रंग में रंगा होगा। चालक खाकी व परिचालक हल्ले नीले रंग की वर्दी में होंगे

यात्रियों को टिकट ईटीएम मशीन से मिलेंगे

**क्या बोले जिम्मेदार**

यात्रियों को भी सचेत रहना चाइए। कई तरह की बसों को रोडवेज के रंग में रंगा हुआ है। एआरटीओ से इस मामले की शिकायत की गई है।

**परमानंद, एआरएम बुलंदशहर डिपो**

# बच्चे को बचाने के चक्कर में अल्टो कार बम्बे में गिरी 4 लोगों की दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**गुलावठी।** मंगलवार को थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में एक अल्टो कार नहर (रजवाहे) में जा गिरी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई वहीं एक महिला जिंदगी पर मौत की लड़ाई लड़ रही है। इस अल्टो कार में अमरोहा जनपद के नंगला नसीर के रहने वाले कौशल पत्नी निपेंद्र 39 वर्ष, निपेंद्र पुत्र मलखान 40 वर्ष, कन्हैया पुत्र निपेंद्र 16 वर्ष, वंशिका पुत्री पवन 16 वर्ष, हर्ष पुत्र पवन 10 वर्ष सवार थे। इनमें से कन्हैया तथा वंशिक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि निपेंद्र, कौशल तथा हर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां निपेंद्र तथा हर्ष ने भी दम तोड़ दिया, जबकि महिला कौशल जिंदगी और मौत से जूझ रही है। बताया जा है कि सिकंद्राबाद से शादी समारोह से लौट रहे थे, सभी लोग अमरोहा के रहने वाला ये परिवार बीती रात सिकंद्राबाद एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। सुबह गुलावठी क्षेत्र में पितुबास नहर के मोड़ पर अंधेरे में कार चालक को बंबा का टर्न प्वांइट संभवत दिखाई नहीं दिया, जिस कारण यह हादसा हो गया। कार नहर में जा गिरी और कार में सवार लोग नहर के पानी में फंसे रह गए। नहर (रजवाहे) का टर्न प्वाइंट इस दर्दनाक हादसे का कारण बना और पूरा परिवार तबाह हो गया है। पूरे मामले में जानकारी देते हुए बुलंदशहर एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ है जिसमें चार लोगों की मौत हुई है। फिलहाल सभी मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

# बुलंदशहर की बेटी को मिला राष्ट्रीय सम्मान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया ने बढ़ाया जिले का मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण एवं अपने कार्यकाल के दौरान जिला पंचायत बुलंदशहर में किए गए अद्वितीय कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है। पूरे उत्तर प्रदेश से इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए केवल डॉ. अंतुल तेवतिया का चयन हुआ था। डॉ. अन्तुल ने जिला पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी पर रहते हुए बुलंदशहर में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी



नेतृत्व क्षमता और जिले के निवासियों के प्रति उनके समर्पण ने जिले में महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त जनपदवासियों में गर्व और हर्ष का माहौल है। डॉ. अन्तुल तेवतिया को यह पुरस्कार नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महिला दिवस से पूर्व दिया गया। जहाँ देश भर से चयनित महिलाओं को सम्मानित किया गया है। डॉ. अंतुल की इस उपलब्धि ने बुलंदशहर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

# क्षेत्र में तेज आवाज में बज रहे डीजे साउंड, प्रशासन इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** क्षेत्र में डीजे साउंड एवं अन्य ध्वनि वाले उपकरणों को तेज आवाज में बजाने से परेशान लोगों को तेज आवाज से मनुष्य एवं मानसिक स्वास्थ्य पर

**चल रही हैं बोर्ड की परीक्षाएं**

विपरीत प्रभाव पड़ता है। क्षेत्र में अपनी मर्जी का डीजे और साउंड सिस्टम चलाया जा रहा है। बारात हो अन्य कार्यक्रमों हो निर्धारित मापदंड से दुगने साउंड सिस्टम के साथ निकल जा रहे हैं। परीक्षाएं चल रही हैं लेकिन डीजे बजाने वालों को न तो बच्चों की परीक्षा का ख्याल रहता है नहीं अस्पताल के सामने से गुजरा हुए मरीजों की स्थिति का ध्यान। जबकि 120 डेसबल या इससे ज्यादा साउंड हार्ट के मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है इसके बावजूद किसी को फिक्र नहीं है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक डीजे और लाउडस्पीकर की आवाज से विद्यार्थी परेशान है। परीक्षाएं चल रही हैं उनकी पढ़ाई में व्यवधान हो रहा है



प्रशासन इस मामले पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बोर्ड परीक्षाएं चल रही है इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आगामी समय में होने जा रही हैं और कुछ चल रही हैं साथ ही छोटे बच्चों की परीक्षाएं भी जारी हैं। बच्चों का पूरा ध्यान इस समय पढ़ाई पर है ऐसे में माहौल शांत रखना अति आवश्यक है फिर भी लोग परीक्षार्थियों की परेशानियां नहीं देख रहे हैं। लाउडस्पीकर और डीजे ने ब्रद में बच्चों को परेशान कर रखा है।

**प्रशासन की जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**

इस समय शादी का सीजन चल रहा है जिसमें जोर से लोग डीजे की धुन पर नाचते नजर आ रहे हैं शादी में खुशी के लिए लोग बच्चों के भविष्य से खेल रहे हैं जिन्हे उन्हें परीक्षा परिणाम बिगड़ने का डर बना हुआ है। इधर प्रशासन के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं डीजे की तेज आवाज और तय सीमा के बाद भी लॉर्ड श्री कर चलाए जा रहे हैं यदि जल्दी इस और ध्यान नहीं दिया गया तो बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। वहीं क्षेत्र वासियों का कहना है कि देर रात तक चलने वाले डीजे से रात में जल्दी नहीं सो पाते जिससे नींद पूरी नहीं हो पाती। हार्ड बीपी की शिकायत भी आ रही है।

# बाइक सवार वृद्ध को अज्ञात वाहन ने रौंदा हुई मौत,मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** मेरठ-बदायूं हाईवे पर जलालपुर कटोरा मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकारपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर कटोरा निवासी 75 वर्षीय बालकिशन शर्मा खेती-बाड़ी करते थे रविवार को वह किसी काम से पड़ोसी गांव रानउ गए थे घर लौटते समय जलालपुर कटोरा मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सीओ शिव ठाकुर ने बताया कि मृतक के पुत्र राम शर्मा के द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।




# रमजान व होली पर किसी समुदाय के खिलाफ कोई गलत पोस्ट न डाले : एसडीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)।** रमजान व होली के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। इन दोनों पर्वों को लेकर कस्बा चौकी में दोनों समुदायों के साथ एसडीएम प्रियंका गोयल व सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बैठक कर त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुये कहा कि शोसल मीडिया पर कोई भी गलत पोस्ट न डालें, जिससे किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

रमजान का पाक महीना रविवार से शुरू हो गया है और 13 मार्च को होली का पर्व है इसी को लेकर पुलिस प्रशासन गम्भीर है। इसी के तहत कस्बा चौकी में मंगलवार को शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम प्रियंका गोयल व सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि जहांगीराबाद नगर की भाईचारे की मिसाल को कायम रखते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखें और आगामी त्यौहारो को आपसी भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई भी गलत पोस्ट शोसल मीडिया पर नही डालें, जिससे किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे।

**सिर्फ माहौल खराब कर के चले जाते है और भुगतना नगर के सभ्रांत लोगों को उठाना पड़ता है। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन किशनपाल लोधी व शहर इमाम सैय्यद कलीमुर्रहमान बुखारी ने पुलिस प्रशासन को सहयोग करने व शहर में अमन चैन से रहने का आश्वासन दिया है**

यदि शहर की फिजा बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो ऐसे शरारती तत्वों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कानून का शिकंजा कसा जायेगा। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के किसी को रंग नहीं लगायें, जिससे कोई विवाद खड़ा हो। पर्वों की शांति व्यवस्था भंग करने बालों कों किसी कीमत पर बख्शा नही जायेगा। कोतवाली प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी ने भी कहा कि शरारती तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें ओर ऐसे लोगों को बढ़ावा न दें जिससे नगर की फिजा बिगड़े क्योंकि ऐसा लोग किसी धर्म के नही होते हैं। सिर्फ माहौल खराब कर के चले जाते है और भुगतना नगर के सभ्रांत लोगों को उठाना पड़ता है। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन किशनपाल लोधी व शहर इमाम सैय्यद कलीमुर्रहमान बुखारी ने पुलिस प्रशासन को सहयोग करने व शहर में अमन चैन से रहने का आश्वासन दिया है।

चेयरमैन किशनपाल लोधी ने त्यौहार पर नगर में सफाई, प्रकाश व जलापूर्ति को दुरुस्त रखा जायेगा और नगर को साफ सुधरा बनाने के नगरपालिका की टीमें लगी हुई हैं। बैठक में मनमोहन अग्रवाल, कैलाशचंद्र सैनी, अनीस मलिक, मनोज गुप्ता, संजय सैनी, ओमप्रकाश लोधी, गौरव शिशोदिया, रामकुमार, व्यापारी नेता रोहित पहाड़ी, संजय कंसल, मुफ़्ती खालिद, नईम अंसारी, हाजी खालिद सिद्दीकी, बिष्णु गुप्ता, सभासद सुल्तान अंसारी, इकराम प्रधान, इंतजार अली, राकेश सैनी, तारीक खां समेत आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# कुएं में गिरने से युवक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर में घर के पास 45 वर्षीय युवक कुएं में गिर गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बाहर निकलवाया गया। कुएं में गिरे युवक को गंभीर चोट आने से जिला अस्पताल से मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया था परंतु उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला कोट कला निवासी 45 वर्षीय विजय सैनी पुत्र मरामकुमार सैनी शराब का आदि था। रविवार देर शाम शराब पीकर घर जा रहा था घर के पास बने कुएं में गिरने से उसे गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगों ने कुएं से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल से मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। लेकिन मंगलवार सुबह डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है परिजनों द्वारा जानकारी मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# होमगार्ड की अचानक मौत, परिजनों में शोक की लहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू ।** थाना पर तैनात होमगार्ड की दिल का दौरा





पड़ने से अचानक मौत हो गई। मृतक होमगार्ड का परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। पहासू क्षेत्र के गांव बनैल निवासी मोहन पुत्र इंद्र पाल पहासू थाने ने होमगार्ड के पद पर तैनात था सोमवार शाम ड्यूटी करने के बाद रात्रि में वह अपने घर आकर सो गया। तड़के करीब तीन बजे उसकी तबियत अचानक बिगड़ गई। दिल का दौरा पड़ने से होमगार्ड की मौत हो गई। अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।मृतक के बड़े बेटे रणवीर ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग 3 बजे अचानक पिताजी की तबियत खराब हुई और वे जमीन पर गिर गए। इसके बाद उनकी मौत हो गई।इस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फल सब्जी मंडी के आढ़तियों ने अधिकारियों से लगाई गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** फल व सब्जी के आढ़तियों ने जिलाधिकारी बुलंदशहर श्रुति शर्मा,अपर जिलाधिकारी प्रशासन, प्रशांत

**जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उपनिदेशक प्रशासन से फल सब्जी मंडी के आढ़तियों ने अपनी समस्याओं के बारे में कराया अवगत**

कुमार,उपनिदेशक प्रशासन राज्य कृषि मंडी परिषद मेरठ अमरेश कुमार को एक प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति डिबाई पर आरोप लगाते हुए बताया है कि पूर्व में फल में सब्जी मंडी में मंडी समिति के अधिकारियों द्वारा मंडी स्थित दुकानों की नीलामी के समय हमसे 5-5 हजार रुपए जमा करा लिए गए थे लेकिन उसके बाद भी व्यापारियों को दुकान आवंटित नही की गई थी। फल सब्जी के आढ़तियों ने इस मामले की एक याचिका न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू.डि. ग्रामीण न्यायालय डिबाई के यहां विचाराधीन है। मामला न्यायालय में



आते ही मंडी समिति के अधिकारियों द्वारा फल सब्जी मंडी के आढ़तियों की दुकानों का ताला डालकर सील कर दिया गया। कई वर्षो से फल सब्जी के आढ़ती दुकान के बाहर जमीन पर खुले में फड़ लगा रहे है । मंडी समिति के अधिकारियों द्वारा 7 मार्च 2025 को इन दुकानों की नीलामी की विज्ञप्ति जारी कर दी गई। जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मंडी के अधिकारी अपनी मनमानी करने में अड़े है। फल सब्जी मंडी के आढ़तियों को अधिकारियों ने यह आश्वाशन दिया कि यदि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो इस प्रकरण की जांच कराकर नीलामी को निरस्त कराई जाएगी।

**बैठक** | **जिला पंचायत सभागार मे जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में चल रहे रमजान व आगामी होली के पर्व को शांतिपूर्ण से मनाए जाने हेतु ...**

# हिन्दू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की सम्पन्न हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** जिला पंचायत सभागार मे जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में चल रहे रमजान व आगामी होली के पर्व को शांतिपूर्ण से मनाए जाने हेतु हिन्दू-मुस्लिम समाज के धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिए जनपद में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ गोष्ठियों का आयोजन करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त अधिशासी अधिकारियों को रमजान व होली के अवसर पर साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई करने व पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एव शोभा यात्रा निकलने के दौरान मार्गो पर पानी की टैंकरों की व्यवस्था एव वैकल्पिक जनरेटरो की व्यवस्था तथा चूना डाले जाने हेतु निर्देशित किया।बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने विद्युत अधिकारी को त्यौंहारों पर बिना कटौती के पूर्ण विद्युत आपूर्ति करने तथा रमजान व होली एवं शोभा यात्रा के दौरान विद्युत खम्बो को पॉलिथीन द्वारा ढकवाना तथा ट्रांसफार्मरों को कवर करने तथा विद्युत लाइनों की नियमित पैट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में त्यौहारों के अवसर पर सड़कों पर निराश्रित पशुओ को पकड़ने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को रमजान, होली एवं शोभा यात्रा के दौरान मार्गो पर कैम्प लगाकर दवाई की समुचित आपूर्ति, हेल्थ कैम्प लगाने के निर्देश दिए। साथ ही होलिका दहन के अवसर पर निजी व राजकीय अस्पताल खुले रखकर समुचित चिकित्सा व्यवस्था हेतु ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने होली व शोभा



यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर शराब की दुकानों को बंद करने व त्योहारों के अवसर पर अवैध व जहरीली शराब किसी भी दशा में न बिकने पाए, पकड़े जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शोभा यात्रा निकलने वाले मार्गो को गड्ढा मुक्त करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य पदार्थों के विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिए। शोभा यात्रा निकलने के दौरान डी0जे0 कम ध्वनि से बजाने तथा अधिक ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार ने कहा कि त्यौहार पर माङ्ग सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि छोटी से छोटी सूचना का संज्ञान लेकर उसका निस्तारण करें। त्यौहार के मौके पर कोई भी असामाजिक तत्व व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना दी जाए जिससे उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा सके। त्यौहार पर व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रमजान, होली के पर्व पर सभी व्यवस्था को सुनिश्चित कराए। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाए अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसएसपी श्री श्लोक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी समय त्यौहारो का समय है जो कि चुनौतीपूर्ण है। इसलिए धैर्य का परिचय देते हुए जो भी व्यवस्था होनी है उन्हे सुनिश्चित कराए। सभी थाना प्रभारी अपने अपने यहां शांति समिति की बैठक कर ले। पर्याप्त संख्या में मंदिर व मस्जिदों पर पुलिस बल की ड्यूटी लगा दे। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए। बुलंदशहर जनपद गंगा जमुनी तहजीब का एक उदहारण है यहां पर आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए जाते हैं। इसी भाईचारे को कायम रखना हम सभी का कर्त्तव्य है। त्यौहार मनाते समय इस बात का ध्यान रखे कि किसी दूसरे को हमारी वजह से परेशानी न हो। उन्होंने दोनों समुदाय के संभ्रांत नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहार के अवसर पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलिंटियर्स भी बना ले। पूर्व में कावड यात्रा के दौरान समाज के लोगो द्वारा कावड यात्रा पर पुष्प वर्षा कर गंगा जमुना तहजीब का परिचय दिया गया, इसी प्रकार माह रमजान व आगामी त्यौहार होली को सौहार्द के साथ मनाएं।

सरस आजीविका मेला

स्वाद, हस्तकला और संस्कृति का महासेगम बना सरस आजीविका मेला

# एसएचजी के उत्पादों के लिए निर्यातकवनियमन और अनुपालन विषय पर कार्यशाला आयोजित की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** मंगलवार को सरस मेले के 12वें दिन यहां एसएचजी के उत्पादों के लिए निर्यातकवनियमन और अनुपालन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को इंटरनेशनल ट्रेड कंसलटेंट मानस चुग ने

**सरस मेले में 12वें दिन पहाड़ी राज्यों के उत्पादों की रही धूम**

संबोधित किया। उन्होंने बताया कि निःसंदेह देशभर से यहां आई सभी दीदियों के हस्तनिर्मित उत्पाद बेमिसाल हैं। आज इन्हें ऐसे प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है, जहां से ये अपने उत्पादों के लिए निर्यात विनियमन और अनुपालन की उचित जानकारी अर्जित कर सकें। इसके संबंध में उन्होंने दीदियों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर यहां राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया, शोध अधिकारी सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश पंसाद के सहित केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं एनआईआरडीपीआर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 का आयोजन सेक्टर- 33ए स्थित नोएडा हाट में किया जा रहा है। 21 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक के आयोजन में देशभर के 31 राज्यों से महिला उद्यमी अपनी हस्तकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उक्त मेले में जहां एक ओर हैंडीक्राफ्ट एवं हैंडलूम के उत्पाद धूम मचा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर देश के पहाड़ी राज्यों के उत्पाद भी लोगों को खासे भा रहे हैं। मंगलवार को सरस मेले के 12वें दिन भी लोगों की खासी भीड़ रही तथा जमकर खरीदारी भी की। सरस आजीविका मेला वास्तव में स्वाद, हस्तकला और संस्कृति का महासेगम बना है। जहां पूरे भारत की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। मेले में उत्तराखंड की जय मां काली एसएचजी के बैग एवं पर्स के साथ ही हिमाचल एवं झारखंड के अचार की लोगों ने जमकर खरीदारी की। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर के आफताब एसएचजी के सूट, कश्मीरी शॉल तथा साड़ी महिलाओं की पहली पसंद बने। वहीं हिमाचल प्रदेश के जेकेट्स तथा साड़ी-सूट की भी जमकर खरीदारी हुई। सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेला-2025 में दिनोंदिन खरीदारों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। मंगलवार को जहां एक ओर मेले के 12वें दिन लोगों ने खसकर महिलाओं एवं युवतियों ने मेले में जमकर खरीदारी की। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से आयोजित इस मेले में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में मंगलवार को जमकर खरीदारी हुई। इंडिया फूडकोर्ट में भी लोगों की खासी चहल-पहल रही। फूडकोर्ट के सब कॉर्डिनेटर विष्णु जीके ने बताया कि इंडिया फूडकोट में देश के सभी राज्यों के स्वादिष्ट एवं प्रचलित व्यंजन उपलब्ध हैं, जिनका लोगों को भरपूर जायका मिल रहा है। एक छत के नीचे पूरे देश के व्यंजनों का स्वाद ही इंडिया फूडकोट की पहचान है। मंगलवार को सरस मेले के 12वें दिन यहां न सिर्फ खासी भीड़ रही, बल्कि लोगों ने जमकर खरीदारी भी की। मनोरंजन के क्षेत्र में भी सरस मेला खासी ख्याति अर्जित कर रहा है। 12वें दिन मंगलवार को यहां ओडिशा के बीना बंसल ग्रुप के कलाकारों ने ओडिशी नृत्य के माध्यम से न सिर्फ समां बांधा बल्कि लोगों का दिल जीत लिया।






# शहर के लोगों के विरोध को देखते हुए उठाया कदम, लोगों ने की लाइट लगाने व स्थाई दीवार बनाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान )।** ग्रेटर नोएडा के अंतगर्त सेक्टर पी थ्री के पास नाले में गिरकर युवक की मौत के बाद शहर के लोगों में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रति भारी नाराजगी थी। लोगों ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। घटना व लोगों के विरोध के बाद प्राधिकरण अधिकारियों की आंख खुली। सुरक्षा के लिहाज से नाले के पास मिट्टी का ढ़ेर लगाकर सुरक्षा की प्राथमिक व्यवस्था की गई है। लोगों ने घटना स्थल के पास पक्की दीवार बनाने व लाइट लगवाने की मांग की है। सेक्टर पी थ्री के पास सड़क के ठीक सामने नाला है। जहां पर सड़क समाप्त होती है उसके पास सुरक्षा के लिहाज से दीवार या कुछ अन्य उपाय नहीं किया गया है। दिल्ली के मंडावली के रहने वाले भारत भाटी एक शादी समारोह में आ रहे थे। वह रेलवे में स्टेशन मास्टर थे। रफ्तार अधिक होने के कारण उनकी कार नाले में गिर गई थी। घटना में उनकी मौत हो गई थी। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि नाले के पास जल्द ही सुरक्षा का पक्का उपाय किया जाएगा।





# फ्री सैनेट्री पैड के प्रथम वितरण कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** फ्री सैनेट्री पैड के प्रथम वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के कम्युनिटी हॉल में सफलता पूर्वक किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेवा भारती महानगर गाजियाबाद की शुभ्रा जैन ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमारी यह पहल केवल मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी सामग्री वितरित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चियों को इस विषय पर जागरूक बनाना, उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना भी है।

आगे बताते हुए शुभ्रा जैन ने कहा कि सेवा भारती पिछले दो वर्षों से गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में इस अभियान को चला रही है, और आज रामेश्वरम सोसाइटी की बहनों का इसमें जुड़ना हमारे लिए हर्ष का विषय है। यह सिर्फ एक शुरूआत है–आगे भी हम सेवा भारती के अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाएंगे। शुभ्रा जैन ने कहा कि हम उन सभी सहयोगियों का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने इस अभियान में भाग लिया और इसे सफल बनाया। हमारा उद्देश्य है कि कोई भी महिला मासिक धर्म स्वच्छता के अभाव में परेशान न हो, और हर बहन इस विषय पर खुलकर बात कर सके। सेवा ही हमारा संकल्प है।"अध्यक्षा चित्रा सिंह एवं उनकी टीम ने मुख्य अतिथि शुभ्रा जैन एवं विशिष्ट अतिथि रैनी अग्रवाल का स्वागत किया। चित्रा सिंह ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम हर महीने के पहले सप्ताह में आयोजित करेंगे। सोसाइटी की मैड्स का कहना था कि अब हम हर माह सैनेट्री पैड्स इस्तमाल करेंगें एवं बताए गए निदेशों के अनुसार निस्तारण भी करेंगें। चिंकी शर्मा का कहना था कि शुभ्रा जैन जी के द्वारा बहुत सारी ऐसी जानकारी दी गई जिसको हम लोगों तक को नहीं पता था। कार्यक्रम के संयोजक मनोज अग्रवाल ने बताया कि "प्रधानमंत्री स्वच्छता मिशन की ओर एक पहल" कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष से भी ज्यादा समय से प्रत्येक माह राजनगर एक्सटेंशन की विभिन्न सोसाइटीज में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम राजनगर रेजीडेंसी में श्री अग्रवाल सेवा समिति, आशियाना पाम कोर्ट में सारथी क्लब और प्लैटिनम 321 सोसाइटी में सेवा भारती महानगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक वंचित परिवार की बहनों को उनकी आवश्यकतानुसार 100 से भी ज्यादा सैनेट्री पैड वितरित किए गए।



# पेरेंट्स एसोसिएशन ने की 8वे निःशुल्क बुक एक्सचेंज मेला लगाने की घोषणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पेरेंट्स एसोसिएशन हर साल अभिभावकों को कॉपी किताबों के नाम पर प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही अंधाधुंध लुट से राहत दिलाने और कॉपी किताब की प्रिंटिंग के नाम पर देश में लाखों पेड़ो को कटने से बचाकर पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए हर साल निःशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन करती है पुस्तक एक्सचेंज मेला लगाने की प्रक्रिया पिछले 8 साल से चल रही जिसमें हजारों अभिभावक शामिल होकर जहा आपस में किताब कॉपी ड्रेस एक दूसरे से एक्सचेंज करते है वहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तके भी जरूरतमंद छात्रों तक इस मेले के माध्यम से पहुंचती है इस मेले की सबसे अहम बात यह की ये पुस्तक मेला अभिभावकों के लिए एक दम निःशुल्क होता है जीपीए के शास्त्रीनगर स्थित कार्यालय में सीमा त्यागी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में निर्णय लिया गया कि बुक एक्सचेंज मेले का पहला चरण 22 एवं 23 मार्च को शास्त्रीनगर के लाल बहादुर शास्त्री हाकी स्टेडियम में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा जबकि दूसरा चरण 30 मार्च को यॉर्क ग्राउंड, करकर मोड, राधा कुंज ,डेल्टा कालोनी में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा । जीपीए ने जहा अभिभावकों से अपील की है वो इस निःशुल्क पुस्तक एक्सचेंज मेले में ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ उठाए वही अन्य संगठन भी अपने अपने क्षेत्रों में इस बुक एक्सचेंज मेले को लगाकर इस अनूठी मुहिम में को आगे बढ़ाए। इस मौके पर अनिल सिंह, पवन शर्मा, कौशलेंद्र सिंह ,साधना सिंह, नवीन राठौर , कौशल ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, विवेक त्यागी आदि मौजूद रहे ।

**जीपीए के बुक एक्सचेंज मेले के पहले चरण की शुरूआत 22 एवं 23 मार्च को शास्त्रीनगर से**



# मारपीट की घटना सीसीटीवी में हुई कैद, पुलिस ने एक को हिरासत में लिया अन्य की तलाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (अंशु चौहान)।** स्वर्ण नगरी सेक्टर में स्थित स्वर्ण प्लाजा के पास युवकों के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष के भारी पड़ने पर दूसरे पक्ष के युवक मौके से भाग गए। दूसरे पक्ष ने एक युवक की डंडे से पिटाई कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। स्वर्ण नगरी कांप्लेक्स के पास पैसे के लेनदेन को लेकर युवकों के दो पक्ष के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष के युवा जब भारी पड़े तो दूसरे पक्ष के दो युवक मौके से भाग गए। दूसरे पक्ष के युवकों ने एक को पकड़ लिया। जमीन पर गिराकर डंडे से जमकर पिटाई की। उनकी पकड़ से किसी प्रकार छूट कर युवक भी वहां से भगा। पिटाई के कारण युवक को काफी चोट आई है।




# एनटीपीसी दादरी में मनाया गया 54वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (बिलाल)।** एनटीपीसी दादरी के नेताजी सुभाष चंद्र बोस ऑडिटोरियम में 54वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के. सी. मुरलीधरन, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (एनटीपीसी दादरी) द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के. सी. मुरलीधरन के साथ गुरु प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एन. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (यूएफएससी - वित्त), बी. एन. गुप्ता, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा), डी. के. एस. रौतेला, अपर महाप्रबंधक (यांत्रिक अनुरक्षण - गैस) एवं आर. पी. सिंह, कमांडेंट - सीआईएसएफ भी उपस्थित रहे एवं सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के दौरान विद्युत सुरक्षा, ऊँचाई पर कार्य सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के संदर्भ में संदेश दिया गया। इस अवसर पर सुरक्षा दिवस के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सुरक्षा मानकों के आधार पर प्रथम तीन विभागों को भी पुरस्कृत किया गया, जिनमें प्रथम स्थान बॉयलर अनुरक्षण विभाग, द्वितीय स्थान ऐश हैंडलिंग विभाग एवं तृतीय स्थान सी एंड आई अनुरक्षण विभाग को प्राप्त हुआ।परियोजना प्रमुख, के. सी. मुरलीधरण ने उपस्थित सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई एवं इस वर्ष की थीम "सुरक्षा और स्वास्थ्य - विकसित भारत के लिए अत्यावश्यक" पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे सुरक्षा को अपने व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बनाएं एवं सुरक्षित कार्यप्रणाली का पालन करें।




# लीज डीड में तय शर्तों के बावजूद किसानों को नहीं मिल रहा लाभ : गौरव भाटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर (बिलाल)।** मंगलवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकताओं ने 6 मार्च को शिक्षा, स्वास्थ्य व युवाओं के लिए रोजगार की मांग को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर होने वाले पैदल मार्च के लिए संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय के नेतृत्व में कुलीपुरा सहित कई गांवों में जनसंपर्क किया। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के युवा के जिलाध्यक्ष गौरव भाटी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की लीज डीड में प्राइवेट स्कूलों व अस्पतालों के लिए निर्धारित की गई शर्तों को अभी तक लागू नहीं कराने पर करप्शन फ्री इंडिया संगठन क्षेत्र के गांव गांव जाकर लोगों को उनके लिए लागू सुविधाओं के संबंध में जागरूक कर रहे है।

गौरव भाटी ने बताया कि मंगलवार को कुलीपुरा, घंघौला सहित कई गांवों में जन सभाएं की व लोगों से बड़ी संख्या में 6 मार्च को पहुंचने का आह्वान किया। गौरव भाटी ने बताया कि करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ता क्षेत्र के सैकड़ों किसानों के साथ 6 मार्च को पैदल मार्च निकालकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों से मांग करेंगे कि लीज डीड की शर्तों को तुरंत पूरा करे।इस दौरान मास्टर दिनेश नागर, गौरव भाटी, नरेश भाटी, जयवीर भाटी, अजयपाल प्रधान, रोहित कुमार, देवेंद्र भगत, रणवीर प्रधान, मोहित कुमार, धीर सिंह, शीशराम भाटी, जगदीश, प्रिंस भाटी व जितेंद्र भाटी आदि लोग मौजूद रहे।





# कार्यालय नगर पंचायत दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर

पत्रांकः 165/न0पं0द0/2025 दिनांकः 04 मार्च 2025

## ई-निविदा प्रेस नोट

शासनादेश संख्या-3890/9-5-19-149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्रावधानों के अन्तर्गत अर्हठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत दनकौर द्वारा 15वाँ वित्त आयोग निधि Tied Grant / Untied Grant / अवस्थापना निधि के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि से निर्माण/विकास कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए अर्हठेकेदारों/ फर्मों से ई-निविदाएं ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

**Tender Reference Number-03ET/2024-2025**

| S.No. | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Document Downloading start date | 06 March 2025 | 10:00 A.M. |
| 2 | Document Downloading end date | 26 March 2025 | 05:00 P.M |
| 3 | Online Bid Submission start date | 06 March 2025 | 10:00 A.M. |
| 4 | Online Bid Submission closing date | 26 March 2025 | 05:00 P.M |
| 5 | Technical Bid Opening date | 27 March 2025 | 11:00 A.M. |
| 6 | Financial bid opening After Evaluation of Technical Bids | | |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण, उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (ईएमडी) निविदा मूल्य तथा समय अवधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06 मार्च 2025 से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेगी।

(फिरोज खान)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दनकौर
जनपद-गौतमबुद्धनगर।

(राजवती)
अध्यक्ष
नगर पंचायत दनकौर
जनपद-गौतमबुद्धनगर।

# महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित उदयन संस्था का निरीक्षण किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित उदयन संस्था का निरीक्षण किया गया और वहां आवासित बालिकाओं के रहने खाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, पुनर्वास आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली गई।आवासित बालिकाओं से वार्ता कर उन्हें जीवन में एकाग्रता के साथ मेहनत कर अच्छा जीवन यापन किए जाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाने हेतु प्रेरित भी किया गया बृज भूषण, सदस्य मानवाधिकार आयोग, लखनऊ द्वारा जनपद में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित उदयन केयर होम फॉर गर्ल्स का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय जिला बाल संरक्षण इकाई से सागर श्रीवास्तव संरक्षण अधिकारी संस्थागत,





जितेन्द्र कुमार संरक्षण अधिकारी, लोकेंद्र सिंह विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, स्वैच्छिक संगठन से स्वाति रॉय, सहायक निदेशक, सुश्री अनन्या बनर्जी प्रभारी अधीक्षिका, संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं संस्था के स्टाफ उपस्थित हुए। सदस्य का आवासित बालिकाओं द्वारा अपने हाथ से बनाई गई पेंटिंग व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

इसी क्रम में महोदय द्वारा संस्था का निरीक्षण किया गया और वहां आवासित बालिकाओं के रहने खाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, पुनर्वास आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी ली गई। संस्था प्रभारी से बालिकाओं के स्कूल में पंजीकरण कराए जाने एवं सभी के आधार कार्ड की स्थिति के साथ ही बालिकाओं को परिवार में पुनर्वास कराए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाने के निर्देश दिए गए।

माननीय सदस्य द्वारा संस्था के कार्यों की सराहना की गई। साथ ही आवासित बालिकाओं से वार्ता कर उन्हें जीवन में एकाग्रता के साथ मेहनत कर अच्छा जीवन यापन किए जाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाने हेतु प्रेरित भी किया गया। संस्था की बालिकाओं द्वारा माननीय सदस्य को अपनी रुचि को साझा करते हुए उनसे भजन और गीत सुनाया गया, जिसकी माननीय सदस्य द्वारा प्रशंसा की गई।

# पुजारी पर शराब के नशे मे तेज आवाज से लाउडस्पीकर बजाने का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** गांव झुप्पा के कुछ लोगों ने गांव के ही एक मंदिर के पुजारी पर शराब व भांग के नशे मे तेज आवाज से लाउडस्पीकर बजाने व मना करने पर धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मंगलवार को इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त से कर आरोपी पुजारी के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है। गांव झुप्पा निवासी सूरजपाल ने शिकायत देते हुए बताया कि वह दिल की बीमारी से ग्रस्त है और उसका इलाज पलवल मे चल रहा है। आरोप है कि गांव के एक मंदिर पर सेवा धाम का एक पुजारी रहता है, जो गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों के साथ हर समय शराब व भांग के नशे मे धुत रहता है और मंदिर पर लगे लाउड स्पीकर को तेज आवाज से बजाता है। जिससे गांव के लोग ठीक से सो नहीं पाते और बच्चे ठीक से पढ़ाई भी नही कर पाते हैं। जब पीड़ित व गांव के ही नीरज, रिंकू, लीले, वीरेंद्र आदि ने उसको समझाया, तो आरोपी पुजारी ने 24 घंटे लाउड स्पीकर को तेज आवाज मे बजाने की धमकी दी और उनको डराने धमकाने लगा। पीड़ितों ने 2021 मे फरवरी व मार्च माह मे भी तहसील दिवस मे मामले की शिकायत दी थी, लेकिन उस पुजारी के खिलाफ कोई कार्यवाई नही हुई। आरोप है कि आरोपी के परेशान करने पर 26 सितंबर 2023 मे सौ नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुलाना पड़ा था, लेकिन आरोपी पर इसका भी कोई असर नही हुआ। अब पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत पर आरोपी पुजारी के खिलाफ कार्यवाई किये जाने की मांग की है।

# 09 मार्च को गाजियाबाद में होगा कश्यप-निषाद संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन गोल्डन व्यू रिसोर्ट में होगा आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** कश्यप -निषाद समाज की ओर से 09 मार्च 2025 को राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन गाजियाबाद के गोल्डन व्यू रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप जो कि इस संगठन के मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। कार्यक्रम सुबह करीब 10 बजे से लेकर शाम को 5 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम का मकसद कश्यप-निषाद समाज के लोगों को एकजुट करने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का रहेगा। वहीं वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश चुनाव को लेकर भी इसमें महत्वपूर्ण रणनीति बनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र भारत राज्य



मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप भी तमाम विषयों पर गंभीरता के साथ विचार रखेंगे। बता दे कि नरेंद्र कश्यप कश्यप बता दे कि नरेंद्र कश्यप कश्यप-निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की वजह से इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे स्वागत के बाद उनका संबोधन होगा और कार्यक्रम समापन पर भी वह अपने विचार व्यक्त करेंगे।

**नरेंद्र कश्यप सहित कई वक्ता रखेंगे अपने विचार**

कश्यप- निषाद समाज की ओर से गोल्डन व्यू रिजॉर्ट गाजियाबाद में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन का मकसद पूरे देश के कश्यप-निषाद समाज को एकजुट करने के साथ ही राजनीतिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में प्रस्तावना एवं भाषण कश्यप-निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप रखेंगे।

तो वहीं राष्ट्रीय महासचिव रामकुमार कश्यप स्वागत भाषण देंगे। इसके साथ ही समर्थन भाषण राजवीर कश्यप राष्ट्रीय महासचिव वेद कश्यप ,राष्ट्रीय महासचिव व सुल्तान कश्यप अपनी स्पीच देंगे।

# 3R और सर्कुलर इकोनामी को लेकर जयपुर में 40 देशों की आयोजित हुई भव्य कार्यशाला, नगर आयुक्त ने किया प्रतिभाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** वेस्ट टू वैल्यू पर लगी हुई विभिन्न प्रदर्शनियों पर गाजियाबाद नगर निगम ने दी जानकारी 3फ और सर्कुलर इकोनामी को लेकर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में एशिया तथा पेसिफिक क्षेत्र का भव्य आयोजन हुआ जिसमें गाजियाबाद नगर निगम ने भी हिस्सा लिया नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर 3फ और सर्कुलर इकोनामी हेतु लगाई गई प्रदर्शनियों को भी देखा गया तथा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी चर्चा की गई, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड, ग्रीन म्युनिसिपल बोंड प्रोजेक्ट, म्यूजिकल स्क्वायर वेस्ट से बेस्ट मुहिम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट व अन्य चल रहे प्रोजेक्ट पर प्रेजेंटेशन भी दी जाएगी, नगर आयुक्त द्वारा कार्यशाला में लगाई गई प्रदर्शनियों पर भी जाकर जानकारी साझा की गई तथा देशभर में 3R और सर्कुलर





इकोनामी हेतु महत्वपूर्ण चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी भी ली गई, जिनके माध्यम से 3फ और सर्कुलर इकोनामी के नव चारों ओर समाधानों का प्रदर्शन किया गया गाजियाबाद नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी साथ में उपस्थित रहे'3R और सर्कुलर इकोनामी की तीन दिवसीय कार्यशाला मे भारत के साथ-साथ अन्य 40 देशों का भी सहयोग रहा है, वेस्ट टू वैल्यू पर गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश के नगर निगम में बेहतर कार्य कर रहा है जिसके फल स्वरुप प्रदेश में तथा पूरे भारतवर्ष में कई बार नगर आयुक्त द्वारा चल रहे कार्यों की प्रेजेंटेशन दी गई, इसी क्रम मे गाजियाबाद नगर निगम को भारत सरकार अवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा, 3फ और सर्कुलर इकोनामी की कार्यशाला में भी आमंत्रित किया गया है, जो की सराहनीय है, लखनऊ प्रयागराज वाराणसी द्वारा भी उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से हिस्सा लिया गयाल कार्यशाला का मुख्य विषय एशिया तथा पेसिफिक क्षेत्र का सतत विकास तथा लक्ष का कार्बन तटस्थता की दिशा में निर्माण करना है जिसमें नई जानकारी और नई योजनाओं के साथ गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में और बेहतर कार्य करने के लिए तैयार है जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लेते हुए शहर वासियों को वेस्ट टू वैल्यू की तरफ जागरूक किया जाएगा।

# संहिता जनसहायक चैरिटेबल ट्रस्ट का स्थापना दिवस, जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शिक्षा एक ऐसा प्रकाश है, जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर समाज को समृद्धि की ओर ले जाता है। इसी उद्देश्य को लेकर संहिता जन सहायक चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापिका अध्यक्ष नीतू चौधरी ने गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा अभियान की शुरूआत की। यह अभियान न केवल बच्चों के भविष्य को संवार रहा है, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी उजागर कर रहा है। आज ट्रस्ट के स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर आज की चीफ गेस्ट पतंजलि राज्य प्रभारी सविता तिवारी, डीआईजी कल्पना सक्सेना आईपीएस श्रीमती चारू निगम पी ए सी 47 बटालियन, तथा विशिष्ट अतिथि श्रम मंत्रालय से प्रकाश कुमार , एस श्रीवास्तव, विकास प्राधिकरण से मानवेंद्र सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी , तथा ओके मिश्रा, अंकित पांडेय , अनुराग, आचार्य डॉक्टर कपिल मलिक , , नीतू चावला , शैली चौधरी सुमन, नरेंद्र डागर,कौशल, आदि उपस्थित रहे। नीतू





चौधरी के हेल्पिंग हैंड मेरे सहयोगी मोनिका शर्मा पूजा गिलहोत्रा सुकृति महाजन, सलोनी बंसल , श्रेया , पारुल मित्तल, पंकज विनी गर्ग पुष्पलता पंडित सुधा शर्मा बबली सैनी थे,, एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने व अलीगढ़ गांव से आए पूनम चौधरी, गोविंद कुमार, राकेश चौधरी आदि अतिथियों ने भी इस नेक पहल की प्रशंसा की। समारोह में संहिता जन सहायक चैरिटेबल ट्रस्ट के निस्वार्थ सेवा भाव और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को सराहा गया। अतिथियों ने नीतू चौधरी के इस अभियान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनके प्रयासों को समर्थन देने की बात कही। नीतू चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और हमारा प्रयास यही है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।" उनका सपना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें और आत्मनिर्भर बनें। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि यदि समाज के सक्षम वर्ग आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें, तो एक शिक्षित और सशक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है। संहिता जन सहायक चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास निश्चित रूप से समाज में एक नई रोशनी बिखेर रहा है ट्रस्ट के द्वारा लगभग 200 बच्चे निशुल्क पढ़ रहे हैं और बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# विजयनगर जोन में अवैध अतिक्रमण हटाने की हुई बड़ी कार्यवाही, एनएच-9 से सम्राट चौक तक चला अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा अवैध






अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई जिसमें NH-9 से सम्राट चौक तक तथा सम्राट चौक से लीलावती चौक तक अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया जिसमें जोनल प्रभारी अंगद गुप्ता का नेतृत्व रहा मौके पर स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण विभाग की टीम भी उपस्थित रही पुलिस विभाग का सहयोग रहा'नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जोरों से चल रही है विजयनगर क्षेत्र में अभियान के दौरान जुमार्ना लगाते हुए 41500 की वसूली भी की गई, जोनल प्रभारी द्वारा बताया गया कि कई स्थानों पर स्थाई रूप से अतिक्रमण किया गया था जिनका बुलडोजर के माध्यम से हटाया गया जिसमें कई रैंप पर भी तोड़े गए मार्गो को खाली कराया गया तथा आवागमन को सरल बनाया गयाल विजयनगर क्षेत्र में जोनल प्रभारी विशेष रूप से अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर रहे हैं जिस्म व्यापारी वर्ग का भी विशेष सहयोग मिल रहा है जो की सराहनीय है।

# सरस्वती कॉलेज में पाठ योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** सरस्वती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज गाजियाबाद में बी०एड० प्रथम वर्ष छात्रों के लिए पाठ योजना विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बी०ड० द्वितीय वर्ष की छात्रा आरती ने मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ० सत्येंद्र गुप्ता, प्रोफेसर एवं डीन गलगोटिया यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा का परिचय मंच को दिया। कार्यशाला में डॉ० सत्येंद्र गुप्ता ने छात्रों के पाठ योजना संबंधी विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया। बी०एड० प्रथम वर्ष के छात्रों साक्षी सोम, खुशबू शर्मा, मानसी सिंह कुमारी आंचल द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों जैसे पाठ योजना के उद्देश्य संबंधी, पाठ योजना के शिक्षण बिंदु संबंधी, पाठ योजना बनाते समय विभिन्न सावधानियां आदि पूछे प्रश्नों का डॉ० सत्येंद्र गुप्ता ने समाधान किया। उन्होंने बताया कि अच्छी पाठ योजना कक्षा शिक्षण को व्यवस्थित, प्रभावी, अंतर क्रियात्मक रखने में सहायक



होती है। एक अच्छी पाठ योजना शिक्षक के आत्मविश्वास को बढ़ाती है। एक अच्छी पाठ योजना बनाने का अभ्यास शिक्षक के आत्मविश्वास को बढ़ाता है। कार्यशाला का संचालन शिक्षा विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ० कामना चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यशाला में प्राचार्य डॉव संजय कुमार, डॉ अनीता सिंह एवं शिक्षा विभाग के समस्त प्रवक्ता ग्रहण उपस्थित रहे।

# एचपीसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट लोनी में एचपी सखी कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** विकास अधिकारी, के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीण उपभोक्ताओं को एलपीजी रीफिल और संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर एचपी डिस्ट्रीब्यूटर और और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह की सखियों के मध्य हस्ताक्षर किए गए हैं। एवं इसके अंतर्गत उनको नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए हैं। इस समझौते के तहत, वितरक HP सखी के रूप में चयनित सखियों को नियुक्त करेगा, जो ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं तक एलपीजी सेवाएं पहुँचाने में सहयोग करेंगी। इस कार्यक्रम का आयोजन विलास मनी चंद्र जनरल मैनेजर, North zone एचपीसीएल एवं संदीप कुमार गुप्ता जनरल मैनेजर लोनी एल पी जी रीजनल ऑफिस एचपीसीएल द्वारा किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य एलपीजी पंचायतों, सुरक्षा क्लीनिकों, और निष्क्रिय ग्राहकों के लिए वित्तीय सहायता जैसी गतिविधियों के माध्यम से एलपीजी के उपयोग को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही, लढ सखी एलपीजी चूल्हों और अन्य उत्पादों की बिक्री में भी सहायता प्रदान करेंगी, जिससे एलपीजी की रीफिल और वितरण सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा सभी सखियों को आगे आकर उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया एवं उनको बताया गया कि किस प्रकार वह एचपी सखी बनकर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकती हैं।इस कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गाजियाबाद, खंड विकास अधिकारी लोनी, सहायक विकास अधिकारी क्ड़इ लोनी, ब्लॉक मिशन प्रबंधक लोनी भी उपस्थित रहे। यह योजना गाँव, ब्लॉक और जिले स्तर पर लागू की जाएगी, जिसे एचपीसीएल (HPCL) द्वारा निर्धारित किया जाएगा। यह समझौता दो वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा और पारस्परिक सहमति के आधार पर नवीनीकरण की संभावना होगी। यह साझेदारी ग्रामीण समुदायों में एलपीजी सेवाओं की पहुंच, सुरक्षा और किफायती दरों को सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल रसोई को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।





**आदेश** राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का वृहद स्तर पर किया जाये प्रचार–प्रसार, जिससे वादकारियों को मिल सके लाभ: अनिल कुमार–दशम जनपद न्यायाधीश


# जनपद न्यायाधीश ने दिय राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के आदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण करना हो एकमात्र लक्ष्यः अनिल कुमार-दशम जनपद

**जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें**

न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में अनिल कुमार-दशम जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जनपद न्यायालय के सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक आहूत की गई। माननीय जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों को दिनांक 08-03-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु दिशानिर्देश जारी किये गये तथा उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित सभी वादों के विवरण का अवलोकन किया। जिला प्रशासन द्वारा अभी तक सभी प्रकार के लगभग 1,34,000 वादों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित करते हुये निस्तारण की संम्भावना व्यक्त की गई है। माननीय जनपद





न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। दिनांक 08-03-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार–प्रसार हेतु जिला सूचना अधिकारी, को निर्देशित किया गया कि वह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया इत्यादि साधनों से दिनांक 08-03-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में अधिक से अधिक लोगो तक जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित करें जिससे कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण करना एकमात्र लक्ष्य हो।

बैठक में न्यायिक अधिकारियों के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 हीरालाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नजारत प्रभारी नीरज गौतम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौरव शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसवीर सिंह यादव तथा प्रशासनिक अधिकारियों के रूप मे अपर जिलाधिकारी , जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रतिनिधि जिला सूचना अधिकारी, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात , उप श्रमायुक्त , लीड बैंक मैनेजर केनरा बैंक , तहसीलदार मोदीनगर लोनी एवं , सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।कुमार मिताक्षर,अपर जिला जज,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद ।

# बिच्छू पुरा में सीसी रोड का शिलान्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जिला पंचायत सदस्य सदस्य पति सुरेश तोमर ने किया साथ में ग्राम प्रधान जीएस राणा राजू त्यागी नेताजी देवेंद्र तोमर जी सुशील राणा रविंद्र राणा बंटी राणा अमित राणा



वार्ड नंबर 16 जनपद हापुड़ के ग्राम बिच्छू पूरा में सीसी रोड का शिलान्यास लागत से जिला पंचायत नितिन पंडित अनिल जाटव गांधी जाटव प्यारेलाल जाटव ओमवीर जाटव आदि मौजूद रहे।

# कार्यक्रम का उद्देश्य: 15 वर्ष की आयु से अधिक के निरक्षरों को शिक्षा की धारा से जोड़ना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)** । सिंभावली ब्लॉक संसाधन केंद्र मंगलवार को नवसाक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों को साक्षरता अभियान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना

**स्वयंसेवकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन, कार्यक्रम में 49 स्वयंसेवकों ने लिया भाग**

तथा 15 वर्ष की आयु से अधिक के निरक्षरों को शिक्षा की धारा से जोड़ना है।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है।बल्कि यह व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा से निभाएं और अधिक से अधिक लोगों को साक्षर बनाने में योगदान दें।इस अवसर पर प्रशिक्षण सत्र के



दौरान सन्दर्भदाताओं ने स्वयंसेवकों को शिक्षण पद्धतियों,अध्ययन सामग्री,शिक्षार्थियों की पहचान और उन्हें प्रेरित करने की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में 49 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।और प्रशिक्षण के अंत में उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रवीण शर्मा, प्रवीण केशरी तथा स्वाति त्यागी द्वारा किया गया।इस अवसर पर जिला समन्वयक ( प्रशिक्षण) अमित कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# भाकियू के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सहारा ने रखा छिजारसी टोल जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित छिजारसी टोल प्लाजा के कर्मियों द्वारा बदसलूकी की। जिसकी जानकारी मिलने पर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सहारा ने किसानों के साथ लेकर छिजारसी टोल प्लाजा जाम कर नारेबाजी की। भाकियू युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सहारा के नेतृत्व में छिजारसी टोल प्लाजा पर जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गयी। जिसे देखकर मौके पर पहुंचे टोल के मैनेजर ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। टोल मैनेजर ने किसानों से अपनी टोल कर्मी द्वारा हुई सभी गलतियों को लेकर माफी मांगी और उन्हें भरोसा दिलाया कि किसानों मजदूरों को किसी भी तरह की शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। एकलव्य सहारा ने कहा कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में प्रबंधक के आश्वासन पर धरना समाप्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओ का सम्मान सर्वोपरि है।

इस अवसर पर मंडल महासचिव भवेन्द्र सिसोदिया,मंडल सचिव ललित चौधरी,सभासद प्रदीप तेवतिया, तहसील अध्यक्ष चीनू चौधरी, गूडू ककोड़ी, अनुभव अहलावत, आकाश चौधरी, परमजीत सिंह, भानु सिद्धू, साहिल पुनिया, सुनील टाइगर, लोकेश प्रधान, जगवीर प्रधान, गोलू चौधरी आदि उपस्थित रहे।



**टोल कर्मियों ने भाकियू कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी की थी**

# धौलाना एसडीएम और तहसीलदार ने ठंडे शीतल जल का वाटर कूलर जनता को किया समर्पित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । धौलाना तहसील परिसर में लोगो को शुद्ध ठंडे जल की उपलब्धता हेतु धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत भाई शिशोदिया ने वाटर कूलर स्थापित कराया । जिसका मंगलवार को धौलाना एसडीएम लवी त्रिपाठी और तहसीलदार प्रवेश कुमार ने उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया । इस मौके पर बोलते हुए एसडीएम लवी त्रिपाठी ने ब्लाक प्रमुख निशांत भाई का आभार व्यक्त किया । तहसीलदार प्रवेश कुमार ने कहा की गर्मी के दिनों में लोगो को तहसील परिसर में ठंडे और शीतल जल की उपलब्धता होगी। ये बेहद और पुनीत कार्य है । इससे तहसील आने वाले लोगो को बड़ी राहत मिलेगी । इस दौरान नायब तहसीलदार अमर पाल सिंह, धौलाना तहसील बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया, पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा , बार सचिव मो फहीम, उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह, पूर्व बार अध्यक्ष अमर पाल सिंह राणा, हरेंद्र तोमर, रामप्रकाश राणा, नितिन राणा, बादल सिंह राणा, अनिल यादव, अभिषेक तोमर, शाहरुख खान, सचिन शर्मा, मोहित शर्मा, सतीश राणा, राहुल राणा, रामकिशन राणा, रविन्द्र यादव, सतेंद्र शिशोदिया, रणदीप राघव, संजीव राघव, संजीव सागर, प्रवीण तोमर, हुकुम तिवारी, अमित चेयरमैन, योगेश शिशोदिया, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे । सभी ने एसडीएम और तहसीलदार प्रवेश कुमार का आभार व्यक्त किया जिनके प्रयास से खतौनी रूम के निकट वाटर कूलर की स्थापना हो पाई ।

- **अधिवक्ताओं की मांग पर धौलाना ब्लाक प्रमुख निशांत ने लगवाया वाटर कूलर**
- **ठंडा शीतल जल उपलब्ध कराना महान और पुनीत कार्य: प्रवेश कुमार तहसीलदार**



# जे.एम.एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जे.एम.एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के द्वारा छात्र,छात्राओं के बेहतर रोजगार के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के एच.आर,संस्थान आकर चयनित छात्र,छात्राओं को दे रहे हैं प्लेसमेंट स्थानीय- जे.एम.एस ग्रुप के मैनेजमेंट सचिव डॉ० रोहन सिंघल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ० आयुष सिंघल,डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर (डॉ०) सुभाष गौतम ने संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग को बधाई देते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। संस्थान के एम.डी डॉ० आयुष सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया की संस्थान के डायरेक्टर जनरल ने प्लेसमेंट अधिकारियों, डीन, प्राचार्य व विभागाध्यक्षों के मध्य अकादमिक समन्वय/ सामंजस्य बनवाते हुए विषम सेमेस्टर 2024-25 से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अध्यनरत व संस्थान से उत्तीर्ण हुए छात्र/छात्राओं को नामचीन कंपनियों में स्मार्ट पैकेज व सभी मूलभूत सुविधाओं सहित प्लेसमेंट दिलाकर संस्थान का नाम रोशन करते हुए आज के युवाओं प्रोफेशनल व टेक्निकल छात्र,छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए एक अच्छा भविष्य प्रदान कर रहे हैं। प्लेसमेंट अधिकारी साक्षी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 3 महीने से कई प्रतिष्ठित कंपनियों के एच.आर जैसे Inditab, Rupeeq, Techsperts Software Solutions आदि कंपनियों के सभी इंटरव्यू राउंड्स को क्लियर करते हुए छात्र ,छात्राओं ने बेहतरीन रोजगार प्राप्त करते हुए प्लेसमेंट उपलब्धि हासिल की।

हाल ही में संस्थान में अध्यनरत अंतिम वर्ष के 10 छात्र, छात्राओं विनय, देव मित्तल,अंशिका, दीपांशु (बी.सी.ऐ) प्रशांत चौधरी, मानसी,पलक, सागर अरोड़ा (बी.कॉम ) दिषु मलिक,सतेंद्र(बी.ऐ) को Rupeeq कंपनी ने अपने यहां ARO के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये। Inditab में एक छात्र (दीपांशु गर्ग-बी.सी.ऐ )को सॉफ्टवेयर डेवलपर का स्थान व Techsperts software solutions में दो छात्रों (अभिनव व दीपांशु -बी.सी.ए)ने डिजिटल सॉल्यूशन की पोस्ट पर चयनित होकर संस्थान का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस सफलता पर संस्थान के मैनेजमेंट ने सभी छात्र ,छात्राओं को अपना शुभाशीष देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।




# हेलीकॉप्टर में बैठकर विदा हुई दुल्हन, हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने पिलखुवा पहुंचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** हेलीकॉप्टर में बैठकर विदा हुई दुल्हन -हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने पिलखुवा पहुंचे पटौदी के समीर चौहान, हेलीकॉप्टर देखने के लिए लगी भीड़ शादी के पल को यादगार बनाने के लिए सोमवार को पिलखुवा में एक दूल्हा हेलीकॉप्टर से दुल्हन लेने के लिए पहुंचा। हेलीकाप्टर देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हरियाणा के रामपुर पटौदी निवासी समीर चौहान का रिश्ता पिलखुवा के पबला रोड निवासी अनिल तोमर की पुत्री काजल तोमर के साथ हुआ था। पटौदी से दूल्हा समीर चौहान अपनी दुल्हन काजल तोमर को लेने के लिए पिलखुवा के रेलवे रोड स्थित बालमुकुंद आनंद स्वरुप धर्मशाला में बारात लेकर पहुंचा। हेलीकॉप्टर रामलीला मैदान में बने अस्थाई हेलीपैड पर पहुंचा। शादी के बाद जब विदाई का समय आया, तो दूल्हा-दुल्हन हेलीकॉप्टर से विदा हुए। इस दौरान परिजनों के चेहरे पर उत्सुकता और खुशी झलक रही थी। परिवारवालों के साथ-साथ पूरे आसपास के लिए यह शादी यादगार बन गई। दूल्हे समीर चौहान ने हेलीकॉप्टर को लेकर बताया कि हम दोनों की इच्छा थी कि हम अपनी शादी में कुछ अनोखा करें। इसलिए शादी में दुल्हन को लेने हेलीकॉप्टर से आये हैं। बहरहाल शादी के लिए हेलीकॉप्टर से दूल्हे के पहुंचने की आसपास में भी चर्चा रही।




# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** एसडीजीआई ग्लोबल( सुंदर दीप)यूनिवर्सिटी को 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को प्रतिष्ठित 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'मातृभूमि का गौरव' कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसका आयोजन ठएहर 18 (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) द्वारा होटल ताज महल, लखनऊ में किया गया। इस भव्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त संस्थानों और संगठनों को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार महेन्द्र अग्रवाल , चांसलर,एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सानिध्य में कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार द्वारा प्राप्त किया गया, जो उच्च शिक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवीन शिक्षण पद्धतियों में विश्वविद्यालय के योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान विश्वविद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा और भविष्य के नेताओं को तैयार करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और संगठनों ने भाग लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक थे, जिन्होंने अपने गरिमामयी उपस्थिति से इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की इस उपलब्धि ने अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान में प्रगति और समग्र छात्र विकास की दिशा में किए गए प्रयासों को उजागर किया।

अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने कहा, ह्लयह पुरस्कार हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है, जिन्होंने शिक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखा है।

हम विश्व स्तरीय शिक्षण अनुभव प्रदान करने और शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी नवाचार, समावेशिता और अकादमिक सख्ती को बढ़ावा देते हुए उच्च शिक्षा में नए मानदंड स्थापित कर रही है। यह सम्मान विश्वविद्यालय को अकादमिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रभाव के अपने मिशन को जारी रखने के लिए और अधिक प्रेरित करता है।



**बैठक** होली रंग और रमजान का जुम्मा एक दिन होने से प्रशासन बरत रहा है विशेष सतर्कता

# भाईचारे और सद्भावना से मनाए होली पर्व : लवी त्रिपाठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** थाना धौलाना परिसर में आगामी आ रहे होली और भिन्न पर्व को लेकर धौलाना थानेदार देवेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह की पहल पर धौलाना एसडीएम लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में दोनो समुदाय की एक शांति समिति की बैठक का आयोजन थाना परिसर में किया गया । जिसमें दोनों समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

आ रहे होली एवं रमजान को लेकर थाना परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में दोनो समुदाय की शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमे मुख्य होली रंग और जुम्मा रमजान एक दिन होने की विशेष चर्चा की गई । और समय सीमा सुनिश्चित की गई । इस दौरान आयोजित शांति समिति की बैठक में बोलते हुए एसडीएम धौलाना लवी त्रिपाठी ने कहा की हमारी सांस्कृतिक धरोहर अमूल्य ओर बेहद मजबूत है । वर्षों से भारत राष्ट्र के लोग हर पर्व मिल जुलकर मनाते आए है ।

इसलिए हर पर्व आपसी सामंजस्य और प्रेम पूर्वक सद्भाव से मनाए । जिससे आपसी भाईचारा और मजबूत हो ।उन्होंने उपस्थित लोगों से आगामी होली और जुम्मा में शांति तथा सौहार्द कायम रखने की अपील की । उन्होंने कड़े शब्दो में चेतावनी जारी की यदि कोई आसामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा उससे कड़ाई से निपटना हमे आता है । इसलिए सभी सद्भाव बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करे । शांति समिति बैठक में बोलते हुए सीओ अनीता चौहान ने कहा कि अगर कोई माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कर्रवाई की जाएगी । त्योहारों को लेकर प्रशासन काफी चौकन्ना है हर छोटी बड़ी घटनाओं पर प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने पीस कमेटी गठन करने के निर्देश जारी किए । बैठक में क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आगामी त्यौहारों को एकता एवं भाईचारे के साथ मनाया जाये। इस दौरान थाना धौलाना में आए क्षेत्र के गणमान्य लोगों व धर्म गुरुओं से थाना धौलाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने भाईचारे के साथ त्योहार को मनाने की अपील की। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, यूपीएसआईडीसी चौकी प्रभारी पंकज शर्मा, हल्का प्रभारी जब्बार अहमद, पिंटू कुमार, शिवांग शेखर, अरुण कुमार, धौलाना ग्राम प्रधान अतीक अहमद, सगीर अहमद, इदरीश प्रधान, पवन प्रधान, देवा प्रधान, बब्बल ठेकेदार, आदि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# सिंभावली एनएच-24 रेलवे रोड के सामने खड़े ऑटो ई रिक्शा दे रहे सड़क हादसों को न्योता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एन एच -24 रेलवे रोड के सामने मंगलवार के साप्ताहिक बाजार के मद्देनजर खड़े ऑटो ई रिक्शा दे रही सड़क हादसे को न्यौता। शायद सिंभावली पुलिस को अभी भी किसी बड़े हादसे का इंतजार है। आपको बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंभावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत भोवापुर मस्तान नगर, एवं मौहम्मदपुर खुडलिया के द्वारा प्रत्येक वर्ष मंगलवार के साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर 12 से 15 लाख रुपए में ठेका छोड़ा जाता है। और इस बाजार को नेशनल हाईवे के सर्विस रोड पर लगवाया जाता है।इस मंगलवार के साप्ताहिक बाजार को ग्रामीण आचल क्षेत्रवासियों का शॉपिंग मॉल भी कहा जाता है। क्योंकि इस बाजार में कई हजार लोग आवागमन के साथ अपनी जरूरत से संबंधित सामान की खरीदारी करने आते हैं।जिसके चलते एन एच-24 पर ऑटो ई रिक्शा से सवारी का आवागमन लगा रहता है। जो खतरे से खाली नहीं है। पूर्व में भी कई बड़े सड़क हादसे इस कट पर हो चुके हैं और कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। उसके बावजूद भी स्थानीय पुलिस के द्वारा इन ऑटो चालकों एवं ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर रोक नहीं लगाई जा रही है और ना ही ठेकेदारों के द्वारा इनको खड़ा करने के लिए कोई निश्चित स्थान तय किया जा रहा है।जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**इस अवैध कट पर कई लोग मौत की नींद सो चुके हैं**



## सम्पादकीय

# समय और घटना किसी के बस में नहीं



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

इंदिरा गांधी ने असली कांग्रेस को पार्टी तोड़ कर खत्म किया था। वही नरेंद्र मोदी ने बिना कुछ किए ही भाजपा और संघ परिवार को अपने रंग में डाला है। सौ टका सत्ता आश्रित बना दिया है।

सोचें, दिल्ली में मुख्यमंत्री के नए चेहरे के हवाले भाजपा के कुल नए अर्थ पर। भाजपा अब क्या है? दो, सिर्फ दो नेताओं के करिश्मे पर आश्रित पार्टी। एक, 74 वर्षीय नरेंद्र मोदी और दूसरे 52 वर्षीय योगी आदित्यनाथ। दोनों की उम्र में 22 वर्ष का फर्क। ऐसे में नरेंद्र मोदी यदि 2034 तक प्रधानमंत्री रहते है (कोई अनहोनी नहीं, मोरारजी देसाई 81 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बने थे और 28 महीने पद पर रह कर 84 वर्ष की उम्र में रिटायर हुए थे) तब वे 84 साल के होंगे और योगी आदित्यनाथ 64 वर्ष के। तब उनका विकल्प योगी को उत्तराधिकार सुपुर्द करने का होगा। यदि मोदी को इतने लंबे समय तक राज करना है तो मेरा मानना है कि वे उत्तर प्रदेश और हिंदी भाषी भक्तों के लिए योगी को लगातार मुख्यमंत्री बनाए रखेंगे। यह भारतीय राजनीति का नया कीर्तिमान होगा। साथ ही भारत के भविष्य का अकल्पनीय सिनेरियो भी। क्योंकि मोदी के हिंदुत्व और योगी के हिंदुत्व के तीस-चालीस साल में भारत अंदरूनी तौर पर जो बनेगा, वह छुपा नहीं रहना है। संभवतया यह सिनेरियो नामुमकिन लग रहा हो। तब जरा नई भाजपा पर गौर करें? सन् 2019 के बाद से आरएसएस को दरकिनार कर प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का चेहरा, चरित्र ही बदल डाला है।

भारत की पार्टियों और आजाद भारत का इतिहास है कि केंद्र सरकार की सत्ता तभी संभव है जब राष्ट्रीय चेहरों की धुरी पर पार्टी का विकास हो। साथ ही क्षत्रपों की स्वयंभू ताकत पर पार्टी संगठित हो। जनसंघ-भाजपा के इतिहास में श्यामा प्रसाद, बलराज मधोक, वाजपेयी यदि धुरी थे तो उसकी पहली दिल्ली की सत्ता में लोकल नेताओं (पंजाबी तिकड़ी- मल्होत्रा, साहनी, खुराना) का योगदान था। अटल बिहारी वाजपेयी से हिंदी प्रदेशों में गूंज थी तो साथ में भैरो सिंह शेखावत, शांता कुमार, मंगल सेन, माधवकांत त्रिपाठी, कैलाशपति मिश्र, कैलाश जोशी, केशुभाई, जगन्नाथ राव जोशी, येदियुरप्पा, मनोहर पार्रिकर, कल्याण सिंह, प्रमोद महाजन की जातीय-लोकल क्षत्रप राजनीति से भी जनसंघ-भाजपा की सत्ता सीढि?ां बनी थी। संगठन के चेहरों में दीनदयाल उपाध्याय, नानाजी देशमुख, सुंदर सिंह भंडारी, कुशाभाऊ ठाकरे, लालकृष्ण आडवाणी आदि से संगठन को गति थी लेकिन जनभावना का ग्राफ तो चेहरों से ही बना था।

वह सब क्या भाजपा में अब है? भाजपा में जनता से सरोकार के चेहरे कितने हैं? जरा गौर करें इन चेहरों पर- भूपेंद्र भाई पटेल (गुजरात, उम्र 62 वर्ष), मोहन यादव (मध्य प्रदेश, उम्र 59), देवेंद्र फड?वीस (महाराष्ट्र, उम्र 54), मोहनचरण मांझी (ओडिसा, उम्र 53), भजनलाल शर्मा (राजस्थान, उम्र 58), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड, उम्र 49), नायब सिंह सैनी (हरियाणा, उम्र 55), प्रमोद सावंत (गोवा, उम्र 51), विष्णुदेव साय (छतीसगढ़, उम्र 60), रेखा गुप्ता (दिल्ली, उम्र 50) भाजपा के अब सत्तावान चेहरे हैं। बाकी में पेमा खांडू (अरूणाचल, उम्र 45), हिमंत बिस्वा सरमा (असम, उम्र 56) और त्रिपुरा के मानिक शाह कांग्रेस से आयातित हैं। आखिर में उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ (उम्र 52 वर्ष) हैं, जिसके एक हिंदू आईकॉन के चेहरे के आगे सभी जीरो हैं! तो पहली बात नरेंद्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्रियों की आयु व कद में इतना गैप है कि कोई दिल्ली में प्रधानमंत्री पद की कुर्सी की महत्वाकांक्षा पाल ही नहीं सकता। सभी नरेंद्र मोदी के द्वारा बनाए गए हैं। इन्हे प्रदेशो के स्थापित, पुराने चेहरों को हाशिए में डाल कर बनाया गया है तो जाहिर है सभी राज्यों में भाजपा का पूरा ढांचा दिल्ली की खड़ाऊ है।

# पच्चास साल बाद होने वाली परिसीमन को लेकर चिंताएँ



डॉ सत्यवान सौरभ

उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुँचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से सम्बोधित कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आँकड़ों पर आधारित है, बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आँकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास सम्बंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढाँचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है। प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुँचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। यह राजनीतिक पुनर्संरेखण वित्त आयोग द्वारा करों के आवंटन को प्रभावित कर सकता है, जो संभावित रूप से बड़ी आबादी वाले राज्यों के पक्ष में हो सकता है। अपने महत्त्वपूर्ण आर्थिक इनपुट के बावजूद, तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है, जिससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं, उन्हें डर है कि अधिक हिन्दी भाषी आबादी वाले राज्यों को सत्ता का नुकसान होगा, जिससे राजनीतिक परिदृश्य और अधिक विखंडित हो सकता है। निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा जैसा मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुँचाए बिना संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट के पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले।

## वैज्ञानिक रूप से, उपवास कई पहलुओं में स्वास्थ्य में सुधार करने वाला साबित हुआ है

इस्लामिक कैलेंडर में रमजान सबसे पवित्र महीना है। हर साल, आप मुसलमानों को पूरे एक महीने तक सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास करते हुए देखेंगे। तो, मुसलमानों के लिए रमजान इतना महत्वपूर्ण महीना क्यों है और वे उपवास क्यों करते हैं? इस्लामिक कैलेंडर में रमजान नौवां महीना है, जो चंद्र चक्र या चंद्रमा के चरणों पर आधारित है। स्वस्थ वयस्क मुसलमानों को रमजान के दिन के उजाले में उपवास करना आवश्यक है, जिसमें खाने, पीने, अनैतिक कार्यों और गुस्सा करने से परहेज करना शामिल है। मुसलमानों के लिए, यह धर्मपरायणता और आध्यात्मिकता का समय है; ईश्वर के करीब जाने का अवसर. कुरान 114 अध्यायों से बना है और इसे ईश्वर की प्रत्यक्ष वाणी माना जाता है। कुरान हदीस द्वारा पूरक है, पैगंबर के जीवन (उनके विचार, शब्द और कर्म) के बारे में उनके साथियों द्वारा दिए गए विवरण - दोनों को प्राथमिक इस्लामी ग्रंथ माना जाता है जो मुसलमानों को इस्लामी शिक्षाओं और जीवन के तरीके के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

वैज्ञानिक रूप से, उपवास कई पहलुओं में स्वास्थ्य में सुधार साबित हुआ है। यह पाचन तंत्र को शांत और नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे पाचन संबंधी समस्याओं में मदद मिलती है। यह भी सिद्ध हुआ है कि उपवास हृदय रोगों की संभावना को कम करता है और शर्करा और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रण में रखता है; चूँकि यह एक आहार है।



डॉ.एम.वसी बेग

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# हिंदी विरोध को बनाना चाहते हैं सत्ता बचाने का हथियार

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉमूर्ले को लेकर तमिलनाडु के नेता जिस प्रकार का बयान दे रहे हैं, वह सिर्फ भड़काऊ होने के साथ ही राजनीतिक स्वार्थ से ओत-प्रोत है। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं, इसके पीछे उनका सिर्फ एक ही मकसद है वोट बैंक की राजनीति। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस विवाद को बड़ा फलक देते हुए यहां तक कह दिया है कि तमिलनाडु 'एक और भाषा युद्ध' के लिए तैयार है। उनके अनुसार केंद्र अगर तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति लागू करता है, तो उसे 2000 करोड़ रुपये मिलेंगे। लेकिन 2000 करोड़ क्या अगर केंद्र 10000 करोड़ रुपये भी देती है, तो हम नई शिक्षा नीति नहीं लागू करेंगे। राज्य सरकार हिंदी को लागू करने की अनुमति नहीं देगी और तमिल भाषा और संस्कृति की रक्षा करेगी। डीएमके सरकार का दावा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फॉमूर्ले के जरिए हिंदी थोपने की कोशिश की जा रही है। साथ ही स्टालिन ने आरोप लगाया कि 25 से अधिक उत्तर भारतीय भाषाओं को हिंदी और संस्कृत के प्रभुत्व के कारण नुकसान हुआ है। उनका दावा है कि यदि तमिलनाडु तीन-भाषा नीति को स्वीकार कर लेता है, तो तमिल को नजरअंदाज कर दिया जाएगा और भविष्य में संस्कृत का दबदबा रहेगा।

हालांकि, केंद्र सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है। सीएम स्टालिन ने अपने पत्र में कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में मैथिली, ब्रजभाषा, बुंदेलखंडी और अवधी जैसी भाषाओं को हिंदी के प्रभुत्व ने खत्म कर दिया है। केंद्र का कहना है कि एनईपी के जरिये किसी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जा रही है। किसी भी राज्य या समुदाय पर कोई भी भाषा थोपने का सवाल ही नहीं उठता। एनईपी 2020 भाषायी स्वतंत्रता के सिद्धांत को कायम रखता है और यह सुनिशित करता है कि छात्र अपनी पसंद की भाषा में सीखना जारी रखें। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोध का लंबा इतिहास है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने दक्षिण भारत में वर्ष 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। वे हिंदी को भारतीयों को एकजुट करने वाली भाषा मानते थे। तब ही तमिलनाडु में हिंदी विरोध शुरू हो गया था। ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में तमिलनाडु को मद्रास प्रेसिडेंसी कहा जाता था। तब 1937 में सी. राजगोपालाचारी की सरकार ने स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य किया, तो तमिलनाडु में इसके खिलाफ तीन साल तक आंदोलन चला। फैसला वापस लेने पर आंदोलन तो खत्म हो गया, पर इसने राज्य में हिंदी विरोध के जो बीज बोए थे, वे जब-तब अंकुरित होने लगते हैं। क्षेत्रीय पार्टियां राजनीतिक फायदे के लिए इन्हें खाद-पानी मुहैया कराती रहती हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में 1967 से दो-भाषा फॉमूर्ले (तमिल और अंग्रेजी) का पालन किया जा रहा है। त्रिभाषा फॉमूर्ले के तहत हिंदी वहां क्षेत्रीय पार्टियों के लिए आंख की किरकिरी बनी हुई है। शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के इस नीति के मकसद के बावजूद ये पार्टियां पुराना राग नहीं छोड़ना चाहतीं। द्रमुक की मौजूदा सरकार पर केंद्र की यह चेतावनी भी बेअसर रही कि जब तक तमिलनाडु एनईपी को पूरी तरह लागू नहीं करेगा, उसे समग्र शिक्षा निधि की 2952 करोड़ रुपए की राशि जारी नहीं की जाएगी। तमिलनाडु सरकार हिंदी के पठन-पाठन के दरवाजे इसलिए बंद रखना चाहती है, क्योंकि उसे लगता है कि एक बार दरवाजे खुले तो राजनीति का रंग-रोगन बदल जाएगा। नई शिक्षा नीति हिंदी थोपने के बजाय विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त भाषा सीखने का अवसर दे रही है। हकिकत यह है कि नई शिक्षा नीति में हमने क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व दिया है। यह हर क्षेत्रीय भाषा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। नई शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा के उपयोग की सिफारिश को लागू किया गया है। इसमें मातृभाषा, स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय भाषा का विकल्प भी दिया गया है। भाषा नीति का मूल आधार त्रिभाषा फामूर्ला है, जिसके अनुसार स्कूली विद्यार्थियों को तीन भाषाओं का ज्ञान अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसके साथ ही तमिल, तेलगू, कनड़, फारसी, संस्कृत और शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन पर जोर दिया गया है। शिक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी की वकालत करने वाला तबका जिसमें देश भर में कुकुरमुत्तों की तरह फैले अंग्रेजी माध्यम के स्कूल भी हैं, शिक्षा नीति के उस प्रावधान का विरोध करता नजर आया, जिसमें प्राथमिक शिक्षा के लिए पढ़ाई का माध्यम मातृभाषा या स्थानीय भाषा में कराने की बात कही गई है। दुनिया भर के शिक्षाविद यह मानते हैं कि बच्चे का सर्वाधिक प्रारंभिक विकास और सौखने की प्रवृत्ति उसी भाषा में बढ़ती है, जो उसके घर में बोली जाने वाली भाषा होती है।

## बुधवार का राशिफल

**मेष** — अपने प्लान के अनुसार कार्य करेंगे, आमदनी की चिंता नहीं रहेगी, कोई रोग है तो दवा लेना ना भूले, शिक्षा के लिए नया कॉलेज, कोर्स पर विचार करेंगे।भाग्य प्रतिशत-81

**वृषभ** — गले में समस्या हो तो चिकित्सक से मिले, परिवार में छोटे बच्चे, बुजुर्ग का भी ध्यान रखें, किसी को धन उधार ना दे, नए अनुबन्ध सोच समझकर करें।भाग्य प्रतिशत-53

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में बदलाव की संभावना है, अधिकारी वर्ग के लोगों से मुलाकात सम्भव है, इन्टरनेट मार्केटिंग के कार्य से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-60

**कर्क** — व्यवसायिक संबंधो को बढ़ायेंगे, परिवार को एकसाथ लेकर चलेंगे, आय बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे, कार्यक्षेत्र में जुझारू बनना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**सिंह** — दांतों में परेशानी सम्भव है, परिवार का मसला परेशान कर सकता है, नया घर बनना शुरू करा सकते है, शिक्षा संबन्धी कार्य में निवेश सोच समझकर करें। भाग्य प्रतिशत-54

**कन्या** — कार्य को करने के लिए भरपूर जोश रहेगा, थोड़ा खर्चा अवश्य होगा, सामाजिक कार्य से पहचान बनेगी, रिश्तेदार से मिलना हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-72

**तुला** — कभी गर्म कभी नर्म स्वभाव रहेगा, शारीरिक श्रम बढ़ेगा, धन निवेश कहीं फंस भी सकता है, सरकारी फिजिकल में अनफिट रह सकते है। भाग्य प्रतिशत-50


**वृश्चिक** — परीक्षा की तैयारी अच्छी नहीं होगी, घर में दुकान है या कोई माल बनाते है तो अच्छी चलेगी, प्रिंटिंग कार्य थोड़ा प्रभावित रहेगा,बोलते समय सही लहजे का इस्तेमाल करे। भाग्य प्रतिशत-50

**धनु** — घर में नकारात्मकता अनुभव हो सकती है, बुजुर्ग लोगों से विचार में मतभेद सम्भव है, पुराना मकान बेचने की योजना भी बनेगी। भाग्य प्रतिशत-52

**मकर** — शारीरिक परीक्षण करवा सकते है, लोगों से कम्युनिकेशन स्थापित करेंगे लेकिन लाभ नहीं मिल पाएगा, भाई की आर्थिक परेशानी बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-50


**कुंभ** — व्यापार को लेकर कुछ देनदारी बढ़ेगी, चुकता करने पर भी पूरा नहीं होगा, शरीर की क्षमता पर असर पड़ेगा, खानपान और दवाई का भी ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-51

**मीन** — बड़े निर्णय नहीं लेंगे, रिश्तेदारों से मुलाकात या फोन पर बातचीत होगी, कोई कार्य दोबारा शुरू करना पड़ेगा, घर से बाहर झगड़ा सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-52



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# विश्व मोटापा उन्मूलन दिवसः मोटापा दुर्लभ बीमारियों के प्रादुर्भाव में अग्रणी बन गया



डॉ बी. आर. नलवाया

अच्छी सेहत और लम्बी उम्र की चाहत मनुष्य मात्र में अतीत से बनी हुई। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व स्वस्थ रहने के लिए चिकित्सीय व प्राकृतिक नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। आज देश में मोटापे की समस्या बढ़ती जा रही है। लैंसेट की नई शोध में भारत की शहरी आबादी का 70 प्रतिशत हिस्सा मोटापा या अधिक वजन की श्रेणी में आ गया है। हालाकि अब भारतीय व्यक्तियों में अपनी सेहत को लेकर चिंता बनी हुई। फिर भी मोटापे से छुटकारा पाने के लिए लोग डाइटिंग करना शुरू कर देते हैं, लेकिन इससे अन्य बीमारियों पनपने लग जाती है। मोटापा कम करने या वजन घटाने के कई तरीके एक्सपटर्स- "डॉक्टर" के साथ योग गुरुओं" से सीखे जाते हैं। मोटापे का माप हाईट के साथ वजन व कमर के माप से की जाती है।

मोटापे का मुख्य कारण - आप रोज जितनी कैलोरी भोजन के रूप में लेते हैं, आपका शरीर उतनी मात्रा में बर्न नहीं कर पाता है। इसके कारण अतिरिक्त कैलोरी फैट के रूप में जमा होने लगती है। मोटापेया वजन बढने का यह मुख्य कारण है। सामान्यतः पुरुषो में 2500 कैलोरी की आवश्यकता होती है, तो वही स्त्रीयों के लिए 2,000 कैलोरी पर्याप्त होती है। यदि आप वजन कम करने की दिली इच्छा है, तो 500 कैलोरी कम कसे की आदत डाले। पिछले दिनों हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने "मन की बात" में देश में तेजी से बढ़ रहे मोटापे का मुद?दा उठाया था। उन्होने कहा अपने नियमित आहार में 10 प्रतिशत खाद्य तेल में कमी करो, उन्होंने इस संबंध में एक टीम का गठन भी किया।

वैसे भी बीते 10 वर्षों में भारत में मोटापा लगातार बढ़ा है। नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे के अनुसार 2015-16 से 2019-21 की बीच मोटापे की दर मै बढ़ोतरी हुई , देखा जाय शहरी इलाकों में मोटापा ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। पुरुषों में 18.9 प्रतिशत से बढकर 22.9 प्रतिशत हो गया, वहीं स्त्रीयों में यह 20.6 प्रतिशत से बढ़?कर 24 प्रतिशत हो गया । यही नहीं बच्चों में भी मोटापे की समस्या बहुत गंभीर रूप में देखी जा रही है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में अधिक वजन की दर 2.1 प्रतिशत से बढ़कर 3.4 प्रतिशत होगई। इस तरह सन् 1990 के बाद वयस्कों में मोटापे की दर दुगुनी और बच्चों में चौगुनी बढ़ी। आज 100 करोड़ से ज्यादा देशवासियों में मोटापा पनपा। सन् 2019 से मोटापे से 50 लाख मौते हो चुकी है। यह कुषोषण के होने वाली मौतों से 20 गुना ज्यादा है।कुछ देशों ने बचपन से मोटापे पर लगाम लगाने की कोशिश की, जिसमें जापान काफी हद तक सफल रहा है। जापान में मोटापे के संबंध में स्पष्ट है। कि जापानी ताजा व स्वस्थ पारंपरिक खाना खाते हैं। इसमें सब्जियां चावल, व सोया उत्पादों के खाने में पर्याप्त मात्रा में लेते, जिससे कैलोरी कम रहती, पोषक तत्त्व ज्यादा होते है। खाने मे पर्याप्त मात्रा में सलाद भी लेते हैं, खाना थोडा- थोड़ा लेते ।पैदल चलना व साइकिलिंग उनकी दिनचर्या का हिस्सा बना रहता है। वहाँ पर बच्चों के स्कूल बॉक्स में जंक फूड पर रोक लगी होने से पिछले तीन वर्षों में मोटे बच्चों की दर घट गई है।

मोटापा से ही दुर्लभ बीमारियों का प्रादुर्भाव हो रहा है। इसी मोटापे के कारण आज 80 करोड लोग दुर्लभ बीमारियों की चपेट में है। अभी भारत में अस्वास्थकर खान पान , शहरीकरण, और आधुनिक जीवन शैली, तनाव और नींद की कमी के साथ फास्टफूड, मिठाईयाँ, तली हुई चीजों का सेवन, अल्कोहल का सेवन, वसा का कम उपयो ग, शारीरिक गतिविधियों की कमी, व्यायाम या योग का अभाव कारणों से मोटापे में बढ़ोतरी हो रही है। एक सर्वे में 50 प्रतिशत से अधिक भारतीय शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं है। वहीं' वायु प्रदुषण भी मोटापे को बढावा दे रहा है । इन सभी विसंगतियों से आज 2025 में 10 करोड़ से ज्यादा भारतीय मधुमेह से पीड़ित भी है, जो विश्व में सबसे अधिक संख्या में है । प्राकृतिक चिकिस्सा से मोटापा कम करने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के साथ घरेलू उपचार की जाने की आवश्यकता है। मोटापा व्यक्ति नियामित वजन की जांच साथ शारीरिक जांचे करवाने से दुर्लभ बीमारियों से बचा सकेगा । डाक्टरी सलाह व संपर्क अवश्यक है न जाने कोन सी बीमारी पनपने लगे ।

# नेत्र ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप, पीड़ित ने सीएमओ से लगाई न्याय की गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** जनपद अलीगढ़ के थाना अकराबाद क्षेत्र के ग्राम धबी निवासी रवि कुमार पुत्र वीरेश सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को प्रार्थना पत्र सौंपकर वरदान हॉस्पिटल, मसूदाबाद में हुई आंखों की सर्जरी में लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित रवि कुमार का कहना है कि उसने वरदान हॉस्पिटल (श्रीराम धर्मशाला, रघुवीर पुरी, अलीगढ़) में डॉ. नीलेश मित्तल से अपनी आंख का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के लिए उससे 50,000/- लिए गए, लेकिन सर्जरी के बाद कोई लाभ नहीं हुआ। जब वह दोबारा अपनी समस्या लेकर डॉक्टर से मिलने पहुंचा, तो डॉक्टर ने न केवल उसे भगा दिया, बल्कि गाली-गलौज कर दुबारा हॉस्पिटल न आने की धमकी दी। पीड़ित ने सीएमओ अलीगढ़ से न्याय की गुहार लगाते हुए डॉक्टर के खिलाफ उचित कार्रवाई करने एवं उसकी चिकित्सा से संबंधित समाधान की मांग की है। मामला संज्ञान में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की उम्मीद जताई जा रही है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से ही आज की पीढ़ी खुली हवा में स्वतंत्र जीवन जी रही है : पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** दिल्ली के पूर्व सासंद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता श्री रमेश बिधूड़ी जी ने आज वृन्दावन में शहीद लक्ष्मण भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों/ उत्तराधिकारियों को सम्मानित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान की वजह से ही आज की पीढ़ी भारत में खुली हवा में जीवन जी रही है।
वृंदा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में 04 मार्च से 13 मार्च 2025 तक हो रहे योग , कर्म , भक्ति, ज्ञान के अद्भुत संगम के प्रथम दिन चुंगी चौराहे पर शहीद लक्ष्मण जी की मूर्ति पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों द्वारा पुष्पांजलि दी गई। सुदामा कुटी वृन्दावन के महंत स्वामी श्री सुतीक्ष्ण दास महाराज जी द्वारा शहीद लक्ष्मण भवन में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया ।
सरस्वती वंदना निंबार्क स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की । शहीद लक्ष्मण जी के ऊपर कान्हा माखन पब्लिक मथुरा के विद्यार्थियों ने श्रीमती कीर्ति शर्मा एवं प्रयास संस्था के श्री अभय वशिष्ठ के नेतृत्व में नाटक मंचन किया ।
वृंदा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह केशोरिया के नेतृत्व में आए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के करीब 60 उत्तराधिकारियों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन निंबार्क विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ब्रज किशोर त्रिपाठी ने किया । स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों एवं श्री रमेश बिधूड़ी



जी के नागरिक अभिनंदन समारोह के कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ देव प्रकाश ने किया ।
शहीद लक्ष्मण भवन के केडी डेंटल मथुरा के डाक्टरों ने डॉ मनीष भल्ला जी के नेतृत्व में कैंप लगाया । समारोह में श्री मारुति नंदन वागीश जी , डॉ मेघना चौधरी , श्री मनोज गोयल , श्री उदयन शर्मा , डॉ देव प्रकाश , श्री अरुण गोयल , श्री आशुतोष गुप्ता , श्री सत्यभान शर्मा , श्री राम सिंह , श्री चंद्र प्रकाश द्विवेदी , पार्षद श्री शशाक शर्मा श्री सतीश मिश्रा श्रीमती संध्या मिश्रा , श्री जगदीश चौधरी , श्री संजय पाठक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

# सपा का दामन छोड़ कॉँग्रेस का हाथ थामा डॉ.आजाद ने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** उत्तर प्रदेश के अनेकों ज़िलों से आए डॉक्टर्स साथियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष उ.प्र. प्रदीप माथुर जी की अध्यक्षता मे कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता कॉँग्रेस प्रदेश मुख्यालय लखनऊ मैं ग्रहण की गई ।

**मुख्य रूप से निम्न लोगो ने सदस्यता ग्रहण की**

डॉ. शैख गुल मो. ,लखनऊ
प्रो. डॉ हलीम ,बलरामपुर
डॉ. बृजेश शुक्ला, बलरामपुर
डॉ. मुजक्किर, संत कबीर नगर
डॉ. सलमान, लखनऊ
डॉ. फि रोज आलम, लखनऊ
डॉ. सैफी, लखनऊ
डॉ. इरफान खान, आगरा
डॉ. फखरुद्दीन खान, लखनऊ
डॉ. वसीम, मथुरा



डॉ. सर्वेश, फिरोजाबाद
डॉ. शारुख, सिद्धार्थ नगर
डॉ अरशद खान, लखनऊ
श्री कृष्णवीर पार्षद, फिरोजाबाद
श्री प्रेमपाल, फिरोजाबाद
श्री राजेश गुप्ता, फिरोजाबाद
श्री सुभाष प्रजापति, आगरा
श्री प्रमोद गौतम, आगरा
श्री अनवर एडवोकेट, मथुरा
श्री शब्दल अली, लखनऊ
श्री तसव्वर अली, लखनऊ
श्री अशफाक अली, लखनऊ
श्री इजहार अहमद, बस्ती
श्री शहजाद, मथुरा आदि सभी लोगो ने डॉ आजाद के नेतृत्व मैं कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा।

# वृंदावन में नगर आयुक्त ने स्कूटी से किया भ्रमण, विशेष साफ सफाई रखने के लिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** वृंदावन। नगर की जन समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए आज नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने स्कूटी से कई स्थानों पर भ्रमण किया। इससे पूर्व उन्होंने स्थानीय पार्षदों के साथ रंग भरनी एकादशी और होली पर्व को लेकर बैठक की।
नगर आयुक्त द्वारा स्कूटी से मंगलवार को नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के वृन्दावन-जोन क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड नं. 69 में छोटी-छोटी गलियों का निरीक्षण किया गया जिसमें नालियों की साफ सफाई कराये जाने एवं नालियों की मरम्मत कराये जाने हेतु, दावानल कुंड की साफ-सफाई एवं वॉल पेटिंग, परशुराम पार्क स्थित रैन बसेरा हेतु नवीन शौचालय वनवाने तथा हरिमिलाप पार्क के सौन्दर्यीकरण व वॉल पेन्टिंग कार्य कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। वार्ड संख्या 09 में किशोरपुरा में पानी की टंकी के नीचे बने बरात घर में वॉल पेन्टिंग, साफ-सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु सीपी पाठक अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया तथा वार्ड सं.-50 में बड़ा खटला के समीप हो रही जल भराव की समस्या के निदान हेतु जलकल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया । साथ ही पैदल एवं मोटर साइकिल से परिक्रमा मार्ग एवं बांके बिहारी जी मन्दिर के आस-पास का क्षेत्र, मलिन बस्तियों,गलियॉ एवं मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया गया। रंगभरनी एकादशी पर परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधार्थ हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष साफ सफाई, चूना छिड़काव, समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं पेचवर्क कराये जाने व बैरीकेटिंग लगाये तथा मन्दिर जाने वाले मार्गो पर



साफ सफाई एवं विशेष अतिक्रमण अभियान चलाये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आम दर्शनार्थियों/श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। साथ ही मन्दिरों के आस-पास पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था, पानी के टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट खडे कराये जाने एवं मन्दिरों के बाहर एकत्रित फूलमालाओं/कूडे को साथ के साथ उठवाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। वृन्दावन नगर में हो रही सीवर की समस्या के निदान के लिये अतिरिक्त सीवर गैंग बनायी जाए ताकि सीवर ओवर फ्लो न हो।
इस अवसर पर निगम के उप सभापति मुकेश सारस्वत पार्षद रूप किशोर वर्मा पार्षद घनश्याम चौधरी पार्षद सुमित गौतम पार्षद शशांक शर्मा पार्षद वैभव अग्रवाल पार्षद श्रीमती मंजु देवी गोवर्धन सिंह सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक अधिशासी अभियन्ता जल राम कैलाश जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चन्द सुरेश चन्द मुख्य सफाई निरीक्षक सफाई निरीक्षक सुभाष चन्द अवर अभियन्ता सिविल अरूण कुमार शैलेश कुमार अवर अभियन्ता प्रकाश आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

# वार्ड नंबर 16 में सड़क निर्माण नगर निगम की लाइट लगवाने के लिए नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त रामजी लाल को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियों ने भारतीय किसान यूनियन सुनील के महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी महानगर संयोजक असलम कुरैशी के नेतृत्व में होली के पावन पर्व रमजान माह के चलते मथुरा महानगर में पीने के पानी गंगाजल की सप्लाई सफाई व्यवस्था हंसराज कॉलोनी बार्ड नंबर 16 में सड़क निर्माण नगर निगम की लाइट लगवाने के लिए नगर आयुक्त महोदय की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त अनिल कुमार जी अपर आयुक्त रामजी लाल जी को ज्ञापन सौंप कर समस्या के समाधान की मांग पर आयुक्त रामजी लाल जी अपर आयुक्त अनिल कुमार जी ने ज्ञापन पर आदेश कर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया संबंधित अधिकारियों को बुलाकर तत्काल समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय





प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी जिला प्रभारी सुनील चौधरी जनसेवक ने कहा होली का पावन पर्व आ रहा है रमजान का महीना चल रहा है लेकिन नगर निगम दौरा जनता के लिए कोई व्यवस्था नही की गई मथुरा महानगर में नगर निगम के गंगाजल की सप्लाई जनता को नहीं मिल रही है स्थानीय जनता अपने पैसे से पीने का मीठा पानी खरीदने को मजबूर है मथुरा महानगर में पीने के पानी पर जल माफियाओं का राज है मथुरा महानगर के वार्ड नंबर 22 नई बस्ती में नगर निगम की लाइट खराब पड़ी है मस्जिदों के आगे भी कोई लाइट नहीं है अमरनाथ स्कूल रोड पर नगर निगम की सभी लाइटें खराब पड़ी है जिससे इस क्षेत्र में अंधकार रहता है वार्ड नंबर 16 हंसराज कॉलोनी मथुरा वृंदावन नगर निगम में तो आती है लेकिन यहां पर नगर निगम की कोई सुविधा नहीं है रोड टूटे पड़े हैं सफाई कर्मचारी प्रतिदिन नहीं आते पीने के पानी की समस्या विकराल रूप धारण किये हुए हैं इस क्षेत्र में नगर निगम की कोई बोरिंग नही है मथुरा वृंदावन नगर निगम के अधिकारी जनता को सिर्फ टैक्स के नाम पर लूट रहे हैं सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है 72 घंटे के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के कर्यकर्ता अनिश्चितकालीन आंदोलन को मजबूर होंगे ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी जिला प्रभारी सुनील चौधरी जनसेवक महानगर संयोजक असलम कुरैशी पप्पू शर्मा पुनीत सत्येंद्र काकू प्रतीक धुर्वे चौधरी मौजूद थे ।

# डीएम की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना शहरी के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के संकल्प के तहत सभी पात्र एवं जरूरतमंदों के सिर पर छत का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के द्वितीय चरण में पात्रों का चयन कर उनको प्राथमिकता से लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा नगर निगम समेत अन्य नगर निकायों से पात्र लाभार्थियों की डीपीआर तैयार कर भेजे जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके क्रम में शासन द्वारा निर्धारित पात्रता की शर्तों के दिशा निर्देशानुसार सत्यापन कर रिपोर्ट भेजी जानी है। उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी नगर निकायों में पात्रता एवं आनलाइन आवेदन संबंधी जानकारी प्रदर्शित करते हुए होर्डिंग्स की स्थापना कराई जाए.डीएम ने बताया कि योजना के तहत जिले के ऐसे निवासी जिनके पास नगर निगम, नगर पालिका परिषद या नगर





पंचायत कम से कम 30 वर्ग गजजमीन हैं और जिन्होंने भी इस योजना में पहले आवेदन किया था या नया करना चाहते हैं, वह सभी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदक का मोबाइल से लिंक आधार कार्ड होना अनिवार्य है। इसके साथ ही बैंक की पासबुक की छायाप्रति, आवेदक का 03 लाख रुपए वार्षिक तक का आय प्रमाण पत्र, आवेदक के परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, आवेदक का पैन कार्ड, आवेदक के जमीन से सम्बन्धित दस्तावेज होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन परिवार में महिला के नाम से कराना अनिवार्य है। सिर्फ एकल पुरुष ही परिवार में है तो अपने नाम से आवेदन कर सकता है.बैठक का संचालन करते हुए पीओ डूडा कौशल कुमार ने बताया कि जिले में 28 फरवरी तक 8604 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 46 निराश्रित महिला, 870 विधवा, 333 वरिष्ठ नागरिक एवं 7354 अन्य आवेदक शामिल हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का 20 मार्च तक पारदर्शिता से सटीक सत्यापन कर सर्वे का कार्य पूर्ण किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### जिया सेमीकंडक्टर,बेंगलुरु द्वारा एएमयू के 12 छात्रों का चयन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)** अमुवि के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (जेडएचसीईटी) के अंतिम वर्ष के 12 छात्रों का चयन जिया सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु द्वारा किया गया है। भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और एचआर साक्षात्कार शामिल थे। शॉर्टलिस्ट किए गए कुल 49 उम्मीदवारों में से 12 छात्रों को 4.50 लाख रूपए वार्षिक प्रारंभिक पैकेज के साथ नौकरी का प्रस्ताव मिला, जो चार वर्षों में 14.00 लाख तक बढ़ सकता है।चयनित छात्रों में 11 बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स से हैं जिनमें ऋतिका वर्मा, अफजल मलिक, आतिफ अख्तर, आयशा परवीन, मोहसिन हुसैन, आदम अमीन, मोहम्मद मुसय्यब शेरवानी, अबू तल्हा, हारिस वकार, फराज मकसूद और ओजस शर्मा शामिल हैं, जबकि एक छात्र मोहम्मद शहबाज खान बी.ई. इलेक्ट्रिकल से हैं।प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) फरहान सईद के साथ हुई चर्चा में, भर्ती अधिकारियों ने जेडएचसीईटी के छात्रों के उच्च शैक्षणिक स्तर और उद्योग के अनुकूल कौशल की सराहना की।

### भारतीय ज्ञान प्रणाली पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ (मनोज चौहान)।** अमुवि के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में शिक्षकों के लिए एक सप्ताह का ऑफलाइन भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) क्षमता निर्माण (कैपेसिटी बिल्डिंग) कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम 8 मार्च तक चलेगा, जिसका उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के साथ जोड़ना है। उद्घाटन सत्र के अवसर पर महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) के कुलपति प्रो. मेनन विजयकुमार सी.जी., राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ (उ.प्र.) के कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह, एएमयू के रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान और एएमयू के संस्कृत विभाग की अध्यक्ष प्रो. सारिका वार्ष्णेय उपस्थित रहे।प्रो. मेनन विजयकुमार सी.जी. ने अपने मुख्य वक्तव्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली के दार्शनिक दृष्टिकोण पर चर्चा की और संस्कृत व अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं के महत्व को समझाया।



उन्होंने वेदों, पुराणों और महाकाव्यों के उदाहरण देते हुए बताया कि ये ग्रंथ आधुनिक शिक्षा के लिए कितने प्रासंगिक हैं।प्रो. एन.बी. सिंह ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की सांस्कृतिक जड़ों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को केवल परंपरा के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवन शैली के रूप में देखा जाना चाहिए, जो हमारे विचार और कार्यों को प्रभावित करती है। प्रो. सारिका वार्ष्णेय ने एएमयू के संस्कृत विभाग के 1920 में स्थापना के बाद से किए गए योगदानों के बारे में बताया। उन्होंने इस विभाग की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिसमें दीवान-ए-गालिब का संस्कृत अनुवाद भी शामिल है।

उन्होंने एएमयू की बहुसांस्कृतिक शोध परंपरा और अंतरविषयक अध्ययन की समृद्ध विरासत पर भी प्रकाश डाला।रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के अंतःविषयक (इंटरडिसिप्लिनरी) पहलुओं को उजागर किया और आधुनिक प्रबंधन व तकनीकी साधनों का उपयोग कर-के इसे और व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक विषयों के बीच सहयोग स्थापित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि भारतीय बौद्धिक परंपराओं को गहराई से समझा जा सके। स्वागत भाषण यूजीसी-एमएमटीटीसी की निदेशक डॉ. फायजा अब्बासी ने दिया। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के सिद्धांतों को आधुनिक पाठ्यक्रम विकास में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एमएमटीटीसी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।

**मथुरा-वृंदावन की होली पर विवाद** | **झूठ और नफरत का प्रचार**

# भाजपा विधायक का भड़काऊ बयान और सांप्रदायिक विभाजन की कोशिश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** वृंदावन में होली के त्योहार को लेकर भाजपा विधायक राजेश चौधरी और कुछ हिंदू संगठनों द्वारा दिए गए बयान न केवल समाज में सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देने वाले हैं, बल्कि भारतीय संविधान और गंगा-जमुनी तहजीब के भी खिलाफ हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा सीएम योगी को "खून से लिखा गया पत्र" भी इसी सांप्रदायिक एजेंडे का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को पूरी तरह से होली के कार्यक्रमों से प्रतिबंधित करने की मांग की गई है।

**भाजपा विधायक और संत समाज का आधारहीन आरोप**

विधायक राजेश चौधरी ने यह दावा किया कि मुसलमान "लव जिहाद" और "छेड़छाड़" की घटनाओं को अंजाम देने के लिए होली में शामिल होते हैं। यह बयान पूरी तरह से आधारहीन और पूर्वाग्रह से ग्रसित है। भारतीय संविधान किसी भी नागरिक को देश के किसी भी भाग में जाने और किसी भी सामाजिक उत्सव में भाग लेने का अधिकार देता है।

**"मुसलमान मिठाइयों पर थूक सकते हैं"– झूठ और नफरत का प्रचार**


श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने पत्र में मुसलमानों पर यह आरोप लगाया कि वे "मिठाइयों पर थूक सकते हैं", "रंगों में मिलावट कर सकते हैं", और "कुंभ की तरह मुसलमानों पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है।" यह न केवल झूठा और अपमानजनक आरोप है, बल्कि खुलेआम सांप्रदायिक नफरत फैलाने का प्रयास भी है।

**होली को न मानने वाले तबके**

भाजपा विधायक और हिंदू संगठनों द्वारा मुसलमानों को निशाना बनाया जाना यह दशार्ता है कि वे केवल राजनीतिक लाभ के लिए एक समुदाय को टारगेट कर रहे हैं। जबकि मुसलमानों के अलावा भी कई अन्य धार्मिक और सांप्रदायिक समूह होली नहीं मनाते, लेकिन उनके खिलाफ ऐसा दुष्प्रचार नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए:

**1. मुस्लिम समुदाय**

इस्लाम में रंगों से खेलने जैसी परंपरा नहीं है, और अधिकांश मुसलमान होली में भाग नहीं



समाज सेवी,रज्जु कुरैशी

लेते। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में सांस्कृतिक रूप से मुसलमान भी इसमें भाग लेते हैं, लेकिन इस्लामी मान्यताओं के अनुसार यह अनिवार्य नहीं है।

**2. ईसाई समुदाय**

मुख्यधारा के ईसाई होली को धार्मिक रूप से नहीं मनाते, क्योंकि यह उनकी परंपरा का हिस्सा नहीं है। भारतीय ईसाई कभी-कभी सांस्कृतिक रूप से इसमें भाग ले सकते हैं, लेकिन धार्मिक रूप से वे इससे अलग रहते हैं।

**3. जैन समुदाय**

जैन धर्म में अहिंसा और आत्मसंयम का विशेष महत्व है। वे रंग खेलने को अनावश्यक मानते हैं, जिससे जीवहत्या की संभावना होती है, इसलिए वे होली नहीं मनाते।

**4. बौद्ध समुदाय**

थेरवाद बौद्ध धर्म के अनुयायी आमतौर पर होली नहीं मनाते, क्योंकि यह उनके धार्मिक परंपराओं का हिस्सा नहीं है। महायान बौद्ध परंपरा में कुछ लोग सांस्कृतिक रूप से इसमें भाग ले सकते हैं।

**5. हिंदू धर्म के भीतर भी कई संप्रदाय होली नहीं मनाते**

आर्य समाजः आर्य समाज मूर्तिपूजा और पारंपरिक धार्मिक त्योहारों को नहीं मानता। वे इसे पौराणिक मान्यता का हिस्सा मानकर नकारते हैं।
ब्रह्मकुमारी संप्रदायः ब्रह्मकुमारी पंथ के लोग रंगों से दूर रहते हैं और इसे केवल आध्यात्मिक रूप में मनाने पर जोर देते हैं।
वैष्णव संप्रदाय के कुछ अनुयायीः अत्यधिक सात्त्विक जीवन जीने वाले कुछ वैष्णव संप्रदाय के लोग भी होली से दूरी बनाए रखते हैं। भाजपा विधायक और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अध्यक्ष का यह बयान केवल मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए दिया गया है, जबकि ईसाई, जैन, बौद्ध और स्वयं हिंदू धर्म के कई संप्रदाय भी होली नहीं मनाते।
बिना किसी ठोस सबूत के "लव जिहाद," "छेड़छाड़," और "मिठाइयों में थूकने" जैसे आरोप लगाना घोर असंवैधानिक और नफरत फैलाने वाला कृत्य है।

भारतीय संविधान के अनुसार, कोई भी नागरिक किसी भी सार्वजनिक स्थान पर जाने और किसी भी सांस्कृतिक या धार्मिक उत्सव में भाग लेने का अधिकार रखता है। मथुरा-वृंदावन की होली केवल धार्मिक नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक विरासत भी है, जिसमें हर समुदाय को अपने हिसाब से भाग लेने या उससे दूर रहने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।प्रशासन को ऐसे भड़काऊ बयानों पर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि समाज में शांति और भाईचारा बना रहे।

# आगामी पर्वों को लेकर हुई अमन कमेटी की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल (सय्यद अतहर अली)।** रमजान व एकादशी के रंग के जुलूस को लेकर नखासा स्थित एकता चौकी पर अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें गणमान्य व्यक्ति और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। पुलिस ने कहा कि सभी अपने अपने त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। मंगलवार को आयोजित अमन कमेटी की बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने बताया कि रमजान का महीना चल रहा है और आगामी पर्व होली का है। होली से पूर्व 10 मार्च को शहर में रंग एकादशी का जुलूस निकाला जाता है। कहा कि आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ प्रेमपूर्वक तरीके से अपने-अपने त्योहारों को मनाएं। अगर किसी को कोई परेशानी है तो वह पुलिस से संपर्क कर सकता है। इसके अलावा बताया कि अफवाहों पर ध्यान न दें। अगर कोई व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। बैठक में रजनीकांत तिवारी, बबलू शर्मा, रूपेश सराफ, अजीम अब्बासी, हाजी एहतेशाम, मोहम्मद नाजिम सैफी, फुरकान वारसी, बिट्टू वारसी, आदिल, मोहम्मद दानिश, गुलजार अंसारी, मोहम्मद अमान व कई मस्जिद के इमाम व मौलाना उपस्थित रहे।

# 11 हजार बोल्ट की लाइन हटाए जाने को लेकर तहसीलदार को दिया पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चंदौसी।** मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष की मौजूदी में तहसीलदार चन्दौसी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत नवीन सरकारी हाई स्कूल समय सीमा के अन्तर्गत ग्राम असालत पुर जारई विकास खण्ड वनिया खेड़ा की भूमि पर निर्माण हेतू स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया हैं जिस जगह स्कूल का निर्माण कार्य चल रहा है उसके उपर से चन्दौसी बिजली घर से ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाली बिजली जो 11000वोल्ट लाईन है जिसके कारण गंभीर घटना घटित होने की संभावना से उक्त निर्माण कार्य अधूरा रूक गया हैं जिसमें बिल्डिंग में बने कमरों के ऊपर लैटर नहीं पढ़ पा रहे हैं तहसीलदार को पत्र देकर राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा मांग की गई है कि विधुत विभाग चन्दौसी के अधिकारीओ से तुरन्त 11000वोल्ट लाईन हटवाई जाये ताकि समय सीमा के अन्दर नवीन हाई स्कूल का निर्माण हो सके इस पर तहसीलदार ने अधिशासी अभियंता चंदौसी एस डी ओ पंचम चंदोसी को फोन किया जिस पर उन्होने फोन नहीं उठाया तत्पश्चात तहसीलदार आश्वासन दिया कि मै फोन से फिर कहूगां व लिखित में चिट्ठी भेजूंगा किसान नेताओ ने कहा कि उक्त 11000लाईन शीघ्र नही हटाई तो आन्दोलन होगा।

# अन्तर्जनपदीय फर्जी बीमा पॉलिसी के दो सदस्य किए गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल/बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के दो सदस्य मौ० दानिश पुत्र जाहिद हुसैन नि 0 बहेडी ब्रहमनान थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद तथा नवीजान पुत्र हाजी भूरे नि० भैसिया थाना कटघर को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद आई.डी ईस्ट इण्डिया इन्वेस्टीगेशन कम्पनी व तीन अदद मोबाइल फोन व मृतक मुकेश की बीमा पॉलिसी से सम्बन्धित प्रपत्र बरामद हुये।

**संभल पुलिस फर्जी बीमा कंपनी के सदस्यों पर कर रही है लगभग कार्रवाई**

**अभियुक्तगण द्वारा घटना कारित करने का तरीका (मोडस ओपरेंडी)-**

अभियुक्त फर्जी बीमा पॉलिसी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य है। जिनका केन्द्र मुरादाबाद व बरेली में है।पकड़े गये अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि अभियुक्त मौ० दानिश ईस्ट इण्डिया इन्वेस्टीगेशन कम्पनी में इन्वेस्टीगेटर के तौर पर काम करता है और उसका साथी अभियुक्त नवी जान भी उसके साथ ही काम करता है। जो अभियुक्त मौ० दानिश का सगा बहनोई है। यह दोनों अभियुक्तगण गिरोह के अन्य सदस्य ओंकारेश्रर मिश्रा, करन व अमित जिन्हे कि थाना रजपुरा जनपद सम्भल में पूर्व में जेल भेजा गया है, भी उनके साथ व गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अपराध करते है।

इनका एक गिरोह है जिसमें काफी लोग जुडे है जो सुनियोजित तरीके से गरीब लोगों को माध्यम बनाते हुये फर्जी बीमा पॉलिसी करके विभिन्न जीवन बीमा कम्पनी जैसे आईसीआईसीआई प्रूडिशयल, पीएनबी मेटलाईफ, बजाज एलाईन्स, एसबीआई जीवन बीमा इत्यादि को आर्थिक हानि पहुँचाते है और बीमा का सारा पैसा हडप लेते है।

**यह लोग दो तरीके से फर्जी बीमा करवाते है**

जो लोग मरणासन्न स्थिति में होते है एसे लोगों को यह लोग निरन्तर रुप से तलाश में रहते है जो कि बीमारी की वजह से मरणासन्न स्थिति में होते हैं। ऐसे व्यक्तियों के परिवार वालो से बात कर मरणासन्न व्यक्तियों को स्वस्थ दिखाते हुये फर्जी तरीके से इनकी जीवन बीमा पॉलिसी करवायी जाती है। क्योंकि यह लोग अक्सर गरीब होते है इनका प्रीमियम इन लोगों के द्वारा ही भरा जाता है। इन लोगों को ज्यादा प्रीमियम नहीं भरना पडता क्योंकि यह लोग जल्दी मर जाते है और मरने के बाद ये सभी क्लेम का पैसा बाँट लेते हैं।दूसरा तरीका जो व्यक्ति मर गया हो उनकी भी बैंक डेट में फर्जी तरीके से पॉलिसी कराकर उनका जो बीमा क्लेम का रुपया मिलता है, उसे भी आपस में बाट लेते है।

दोनों ही स्थिति में नॉमिनी का जो खाता खुलवाया जाता है। उन खातों का संचालन गिरोह के सदस्यों द्वारा ही किया जाता है। खातों के डेबिट कार्ड इन्ही के पास रहते है व खातों में मोबाइल नम्बर भी इनका लिखा होता है। मृत्यु उपरान्त जब बीमा का पैसा खातों में आता है तो उसमें कुछ हिस्सा यह लोग परिवार को दे देते है बाकी समस्त राशि आपस में बाँट लेते है। अगर परिवार नहीं पूछता है तो कोई भी राशि परिवार को नहीं देते है।







अभियुक्त मौ० दानिश द्वारा यह भी बताया गया कि उनको सत्यापन हेतु ईस्ट इण्डिया इन्वेस्टीगेशन कम्पनी के पॉलिसी केस ओंकारेश्रर मिश्रा, करन के माध्यम से ही मिलते है जिनका पॉलिसी धारक से बिना मिले ही सत्यापन कर दिया जाता है। जिसमें दलाल लोग उसकी सहायता करते है। पॉलिसी खुलवाते वक्त दलाल इस बात का ध्यान रखते है कि पॉलिसी धारक का पता सटीक ना हो जिससे अगर कोई भी व्यक्ति सत्यापन करने आये तो वह सीधा पॉलिसी धारक के घर न पहुँच पाये। इस तरह दलाल सुनिश्चित करते है कि पॉलिसी का प्रत्येक काम उनकी जानकारी के बिना ना हो।

अभियुक्त ने यह भी बताया कि क्योंकि नॉमिनी को भी फर्जी तरीके से बनायी हुई पॉलिसी का लाभ मिलता है तो वह बिना विरोध के हमें प्रीमियम और क्लेम पास कराने के खर्चे के सहित हमारा हिस्सा दे देते है और कानूनी कार्यवाही के डर से शिकायत नहीं करते। अन्य साथियों के बारे में पूछा गया तो इसके साथी ओंकारेश्रर मिश्रा करन व अमित व छोटपाल उर्फ सत्यपाल व सचिन शर्मा के अलावा जनपद सम्भल के रजपुरा, बबराला, जनपद मुरादाबाद व बरेली के कई व्यक्तियों के नाम बताये गये। इस गिरोह के कई सदस्य अन्य राज्यों में भी कार्य करते है।

**केस मृतक मुकेश पत्र अमर सिंह नि० शाहपुर थाना रजपुरा जनपद सम्भलः-**

मृतक मुकेश की बीमा पॉलिसी व बैंक डिटेल के कागजात के बारे में मौ० दानिश से पूछा गया तो उसने बताया कि यह केस हमारे गिरोह के सदस्य द्वारा ही धोखाधड़ी करके कराया गया है। मुकेश को किडनी की बीमारी थी और उसके बचने की सम्भावना कम थी। इस केस में हमारे द्वारा मृतक व नॉमिनी का पता धोखाधडी से हमने कासना नोएडा का बदल दिया और मुकेश का बीमा एसबीआई लाइफ इन्श्योरेन्स कम्पनी में पॉलिसी नं0 35780904408, आरसीडी 11.जुलाई .2024 बरेली में ले जाकर कराया गया था। इसके बाद हमने धोखाधडी से मृतक की पत्नी सर्वेश कुमारी जो कि इस पॉलिसी में नॉमिनी थी उसका यस बैंक सूरजपुर नोएडा में खाता खुलवाया था। जिसकी जानकारी नॉमिनी को नहीं हो पायी थी क्योंकि नॉमिनी पढ़ी लिखी नहीं थी। जब मृतक मुकेश की दिनांक 02 अक्तूबर 2024 को मृत्यु हो गयी थी तब हमारे द्वारा ही उसके क्लेम के रुपये लेने के लिये कम्पनी को आवेदन किया गया था। कम्पनी ने उक्त केस की इन्वेस्टीगेशन ईस्ट इण्डिया इन्वेस्टीगेशन कम्पनी से करायी थी, जो ओंकारेश्रर के माध्यम से इन्वेस्टीगेशन हेतु मुझे मिली थी। मैं मुकेश के केस की इन्वेस्टीगेशन के लिये उसके घर गया और उसके समस्त कागजात मैनें अपने पास रख लिये।

**मुकेश का इलाज राम मनोहर**

लोहिया अस्पताल दिल्ली में हुआ था। उसके इलाज सम्बन्धी सभी कागजात भी हमने अपने पास रख लिये थे जो कि अभी मेरे अन्य साथियों के पास है। इन सभी की फोटो मैनें ओंकारेश्रर मिश्रा करन को दी थी। परन्तु मेरे द्वारा तैयार की गयी इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट में हमनें यह सभी बीमारी सम्बन्धी तथ्य रिपोर्ट में नहीं बताये थे। आवेदन में मृत्यु का कारण हार्ड अटैक बताया गया था। मैनें मुकेश के केस की फर्जी इन्वेस्टीगेशन करके ओंकारेश्रर को भेज दी थी। ओंकारेश्रर ने उक्त केस ईस्ट इण्डिया इन्वेस्टीगेशन कम्पनी के माध्यम से एसबीआई लाइफ इन्श्योरेन्स कम्पनी को भिजवा दिया था। जब मुकेश के बीमा क्लेम का रुपया आ गया था तो हम सभी ने सम्बन्धित यस बैंक शाखा सूरजपुर ग्रेटर नोएडा से दिनांक दो जनबरी 2025 को 990000/- रुपये सेल्फ चैक से निकालकर आपस में बाँट लिये थे। जबकि नॉमिनी सर्वेश कुमारी द्वारा बताया गया है कि वह कभी भी यस बैंक नोएडा में नहीं गयी है और ना ही उसे नोएडा के किसी खाते की जानकारी है और ना ही उसे किसी भी तरह की कोई धनराशि प्राप्त हुई है।

इन लोगो के फर्जी काम से बीमा कम्पनियों को भी काफी वित्तीय नुकसान होता है तथा हमें इसका बड़ा लाभमिल जाता है। अगर भविष्य में धोखाधडी की बात प्रकाश में आती है तो क्योंकि क्लेम का राशि नॉमिनी के एकाउन्ट में आयी होती है तो बीमा कम्पनी द्वारा नॉमिनी पर ही कार्यवाही होती है, नेक्सस (गिरोह) पर नहीं। हम लोग यह कार्य अपने आर्थिक लाभ के लिये संगठित होकर करते है तथा अभियुक्त मौ० दानिश द्वारा यह भी बताया गया कि मेरे द्वारा पिछले वो वर्षों में अब तक 300 से अधिक बीमा केसों की इन्वेस्टीगेशन की जा चुकी है।

**हिंसा के बाद प्रशासन हुआ है सख्त, हाईटेक निगरानी के लिए टावर के बाद अब पीए सिस्टम लगाने की तैयारी**

# सत्यव्रत पुलिस चौकी में सुरक्षा होगी और मजबूत, लगेगा पीए सिस्टम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल (सय्यद अतहर अली) ।** शहर की शाही जामा मस्जिद के सामने बनी सत्यव्रत पुलिस चौकी में सुरक्षा के इंतजाम और मजबूत किए जा रहे हैं। हिंसा के बाद प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी के तहत अब चौकी में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस तत्काल जनता से संवाद कर सकेगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

सत्यव्रत पुलिस चौकी पहले ही संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। इसलिए यहां सुरक्षा को लेकर विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। अब पीए सिस्टम लगाने का काम शुरू होने वाला है, जिससे पुलिस किसी भी स्थिति में तुरंत अनाउंसमेंट कर सकेगी। इस सिस्टम से पुलिस सीधे जनता को निर्देश दे सकेगी और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर कोई भी लापरवाही नहीं बरतना चाह रहा है। संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा चौकियों को और मजबूत किया जा रहा है। सत्यव्रत चौकी को तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जा रहा है, ताकि कानून-व्यवस्था को बेहतर तरीके से संभाला जा सके। सीसीटीवी कैमरे, टॉवर और अब पीए सिस्टम के जरिए पुलिस चौकी को पूरी तरह हाईटेक बनाया जा रहा है। पीए सिस्टम एक ऐसा उपकरण है, जिससे पुलिस किसी भी भीड़भाड़ वाली जगह या संवेदनशील इलाके में माइक्रोफोन के जरिए लोगों तक जरूरी संदेश पहुंचा सकती है। भीड़ नियंत्रण में मदद मिलेगी और किसी भी अफवाह को फैलने से रोका जा सकेगा। आपातकालीन स्थिति में पुलिस जनता को तुरंत सतर्क कर सकेगी। किसी भी कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पुलिस तत्काल निर्देश जारी कर सकेगी। धार्मिक आयोजनों और जुलूसों के दौरान पुलिस सुचारु रूप से व्यवस्था संभाल सकेगी।

# प्रयागराज से लाया गया गंगाजल किया गया वितरित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** प्रदेश के मुखिया सदैव प्रदेश हित की बात करते हैं उनके अथक प्रयास से 144 वर्षों बाद आने वाले महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज की पवित्र धरती पर देश-विदेश के लोगों ने अमृत जल में डुबकी लगायी, व्यवस्था ऐसी की गयी कि जिससे पूरे देश-विदेश से आने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सके जहां प्रदेश के मुखिया ने लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान था। वहीं उसके डेढ़ गुने से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र अमृत स्नान में डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त किया। वहीं देश-विदेश से तमाम साधुसंतों ने अपने-अपने अखाड़ों के अंतर्गत स्नान किया। यहां बताते चलें कि देश-विदेश की तमाम सेलेब्रिटी प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने पहुंचे। यह आंकड़ा 65 करोड़ तक पहुंच गया जो उत्तरप्रदेश की जनसंख्या से तीन गुना हुआ। वहीं उसके उपरांत भी बहुत ऐसे लोग भी थे जो सिकी



कारणवश महाकुंभ स्नान में सम्मिलित नहीं होने से वंचित रह गये। योगी आदित्यनाथ ने उन सभी लोगों तक गंगाजल पहुंचाने का निर्णय लिया गया। उसके लिए तहसील स्तर से लेकर गांव-गांव तक पवित्र जल पहुंचाने के लिए प्रयागराज बुलायी गयी। फायरबिग्रेड गाड़ियों में महाकुंभ का पवित्र जल भरवाकर कूच किया। वहीं सभी प्रदेश वासियों के दिल छू लेने वाला सामने आया कि प्रदेश के मुखिया सनातनियों से लेकर आम लोगों का कितना ख्याल रखते हैं। सोमवार को यह फायर बिग्रेड की गाड़ियां चन्दौसी पहुंचीं जहां तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह, राजस्वकर्मी अतुल पाठक, वरुण सक्सैना, शिवओम शर्मा, गोपाल, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। बता दें कि चन्दौसी के मूंछो वाले शिव मंदिर पहुंचकर महाकुंभ गंगाजल का वितरण किया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों पर गंगाजल वितरण करते हुए रामबाग धाम पहुंचे जहां लोगों ने गंगाजल को लिया। यहां से टीम कैथल, आटा, मझावली से होते हुए बहजोई पहुंची जहां रेलवे स्टेशन पर स्थित मंदिर पर प्रयागराज से लाया गया जल वितरित किया गया।

# होली त्यौहार डीएम एसएसपी ने विभिन्न समुदाय के धर्मगुरूओ संभ्रांत नागरिको साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मीरजापुर (शशि भूषण दूबे /रोमेश रंजन दूबे)।** आगामी होलिका दहन व रंग भरी होली के त्यौहार को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के

**पुराने विवादो दर्ज मुकदमो के लोगो सहित आराजक तत्वों पर रखे कड़ी नजर : जिलाधिकारी**

सभी थानों तहसीलों के विभिन्न धर्म गुरूओ, गणमान्य नागरिको व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक कर होली के त्यौहार को आपसी सौहार्द व गंगा जमुनी तहजीब से मनाए जाने की अपील की गई। बैठक में जनपद के सभी थानो के विभिन्न स्थानों स्थापित एक-एक होलिका स्थल की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेटो व उप पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित कर ले कि जिन क्षेत्रो में विगत वर्षो में होलिका दहन व रंग खेलने को लेकर विवाद के कारण मुकदमे हुए है ऐसे क्षेत्रो/लोगो पर कड़ी नजर बनाए रखे तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रो सहित अपने-अपने क्षेत्रो में भ्रमणशील रहे ताकि कही भी किसी प्रकार की घटना होने की सम्भावना न होने पाए। उन्होंने सभी थानाध्यक्षो को भी निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रो में प्रत्येक होलिका दहन स्थलों का एक बार पुनः भ्रमण कर सम्बन्धित ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायज राज अधिकारी एवं लेखपाल के साथ बैठक कर लें। उन्होंने कहा कि सभी लेखपाल, अमीन अपने-अपने क्षेत्रो में रहे ताकि किसी भी स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन व पुलिस प्रशासन को मालूम हो सकें। उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष, उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी होली के दिन





जुमे की नमाज के दृष्टिगत लोगो से वार्ता कर शान्तिप्रिय ढंग से त्यौहार को सम्पन्न कराएं ताकि कही भी किसी प्रकार अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि पारम्परिक ढंग से निकलने वाले जुलूस ही निकाले जाएंगे नए जुलूस अथवा बिना अनुमति के किसी प्रकार का जुलूस नही निकाला जाएगा। किसी भी जुलूस में अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किसी के द्वारा नही किया जाएगा यदि ऐसा कही पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जुलूस में शामिल होने वाले डीजे का साउंड तेज ध्वनि न होकर निर्धारित मानक के अन्दर ही बजाया जाए तथा डीजे में किसी भी अश्लील गीतो को न बजाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शरारती तत्वो तथा मादक पदार्थ/शराब का सेवन करने वालो पर कड़ी नजर रखी जाए यदि आपसी सौहार्द एवं मेल मिलाप के त्यौहार होली के रंग में किसी के द्वारा खलल डाला जाता है जो उस शक्ति से कार्रवाई करे किसी व्यक्ति ऊपर जबरदस्ती रंग न डाला जाए महिलाओं के प्रति पूरा सम्मान रखा जाए। जिलाधिकारी ने धर्मगुरू व गणमान्य नागरिको से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के युवाओं को सचेत करे कि मादक पदार्थ का सेवन न करे या किसी आवेश में आकर होली के त्यौहार को खराब न होने दे। जिलाधिकारी ने विभिन्न थानो से आए नागरिको की बातो को सुना तथा उनके समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों से अनवरत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा ढीले तारो करने का निर्देश दिया। नगरीय क्षेत्रा व नगर पालिका तथा ग्रामीण क्षेत्रो में जिला पंचायत राज अधिकारी साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखते हुए सफाई सुनिश्चित कराएं। जल निगम के द्वारा पानी की आपूर्ति बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी चिकित्सक को अवकाश न देकर अपने-अपने स्वास्थ्य केन्द्रो पर तैनात रखना सुनिश्चित करे तथा आवश्यक जीवन रक्षक दवाईया भी सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर उपलब्ध कराएं।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने किया, जनसभा आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सम्भल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** मंगलवार को ब्लाक रजपुरा के ग्राम भिरावटी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कार्यकर्ता मुकेश यादव, दुष्यंत शर्मा घमवाडी यादव कार्यकताओं द्वारा एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षा अपर्णा सम्भोना जिलाध्यक्ष सुहेल देव ने फीता काटकर की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अपर्णा सक्सेना ने जन समस्याएं सुनी तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधाराओं को जनता के लिए बताया। जिलाध्यक्षज ने इस अवसर पर अधिक से अधिक व्यक्तियों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अपर्णा सक्सेना के साथ सत्यवीर, भगवामयस प्रथ्वीसिंह कुशवाहा, तुलाराम झा, अजग टाइगर, प्रिंस शमी, कुनाल शर्मा एवं लक्ष्यसक्सेना ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

**सावधान** | **सीआरपीएफ अफसर का फनीर्चर बेचने का झांसा दे रहे ठग**

# सीओ की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी करने का हो रहा प्रयास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**






**संभल (अंकित गोस्वामी)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मलिक की फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों से ठगी का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह का मामला सामने आने के बाद वह खुद लोगों को सचेत कर रहे है। सीओ अनुज मलिक ने मेसेज जारी कराया, जिसमें फर्जी आईडी बनाने और उनके झांसे में नहीं आने की अपील की है।

सीओ सम्भल अनुज मलिक के नाम से फेसबुक आईडी बनाकर उनका फोटो लगाया। इसके बाद लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई और उन्हें संदेश भेजा गया। लिखा कि सीआरपीएफ कैंप से मेरा एक दोस्त विकास पटेल आपको कॉल करेगा, मैं आपका नंबर उसे भेज दूंगा। वह सीआरपीएफ अधिकारी हैं। वह अपने घरेलू फर्नीचर आइटम का सेकेंड हैंड बेच रहा है। सभी वस्तुएँ अच्छी हैं और कीमत बहुत सस्ती है। आप चाहें तो ले सकते हैं। इस तरह से काफी लोगों के पास मेसेज पहुँचे होंगे।

**यह बोले सीओ**

आपके पास इस तरह के संदेश या कॉल आती है तो सचेत रहे। मेरे नाम से फर्जी आईडी बनाकर ठगने का प्रयास कर रहे है। साइबर क्राइम में इसकी शिकायत दर्ज कराई जा रही है।

**अनुज कुमार मलिक,**
**पुलिस क्षेत्राधिकारी संभल**

# आगामी त्योहारो को लेकर सी.ओ ने की अमन कमेटी की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चन्दौसी।** होली पर्व व रमजान माह को लेकर मंगलवार को कोतवाली में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सीओ आलोक सिद्धू व इंस्पेक्टर मोहित कुमार द्वारा शहर के गणमान्य लोगों को बुलाकर शांति व्यवस्था हेतु चर्चा की गई। यहां बताते चलें कि इस बार होली पर्व व रमजान माह एक साथ है। इसको लेकर हिंदू मुस्लिम दोनों पक्षों के गणमान्य लोग कोतवाली में बुलाये गये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सीओ ने कहा कि सभी लोग त्यौहार मिलजुलकर मनायें। कोई ऐसी नई परंपरा शुरू न करें जिससे किसी को परेशानी हो। हालांकि चन्दौसी शांतिप्रिय कस्बा है। सभी वर्गों के लोग एक साथ मिलकर त्यौहार मनाते हैं। बैठक में योगेश गोल्डन ने कहा कि होली पर्व पर पानी व बिजली की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। वहीं सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रहनी चाहिए। बैठक में उमेश सैनी, अजय कुमार, देवप्रकाश गौड़, अतुल चौहान, सुक्खी सिंह, नक्षत्र विजय अग्रवाल, सभासद अमन कोरी, सतीश, प्रेम ग्रोवर, सुशीला वार्ष्णेय, तरुण नीरज, विनय सर्राफ, नीरज रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, शाहआलम मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# माता पद्मावती देवी का तीसरी ध्वजारोहण पूरे हर्षोल्लास के साथ नगर में हुआ विराजमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**सरधना।** चौक बाजार स्थित श्री सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर जिनालय में प्रभु श्री पार्श्वनाथ अधिष्ठायिका राजराजेश्वरी माता पद्मावती देवी जी की तीसरी ध्वजारोहण पूरे हर्षोल्लास के साथ नगर मे विराजमान परम पूज्य साध्वी जिग्नेश रत्ना जिनेश रत्ना के सानिध्य मे पूर्ण हुआ। वहीं सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक ट्रस्ट संघ के अध्यक्ष सतेन्द्र जैन ने बताया कि इस वर्ष माता पद्मावती देवी कि ध्वजा का लाभ सतेन्द्र जैन आलोक जैन आदित्य जैन परिवार निवासी गंज बाजार को मिला।इस अवसर पर माता का चोला एवं अष्टप्रकारी पूजन सुन्दरी जैन, गरिमा जैन हरिती जैन समृद्धि जैन परिवार ने कराया,बैंड बाजे घंटनाद के साथ ध्वजरोहाण किया गया। जिसके पश्चात आरती का लाभ लबार्थी परिवार ने लिया,पर्युषण पर्व मे तपस्वीयो को गिफ्ट देकर संघ के संरक्षक सतेंद्र जैन जयप्रकाश जैन,गंज बाजार संघ के अध्यक्ष आलोक जैन मंत्री रमेश चंद जैन स्थानक समाज के मंत्री शिव कुमार जैन ऋषभ जैन विजेंदर जैन बड़ी संख्या मे मातृ शक्ति अनु जैन सुनैना जैन शिक्षा जैन सारिका जैन संतोष जैन सुंदरी जैन आंचल जैन त्रिशला जैन सारिका जैन निधि जैन आदि ने सम्मानित किया, कार्यक्रम के पश्चात प्रभावना वितरण सतेंद्र जैन आलोक जैन आदित्य जैन परिवार द्वारा किया गया।

# "भक्त ही भगवान बनता है ": आचार्य श्री सौरभ सागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो






**सरधना।** आदर्श नगर स्थित "सौरभ सागर संत निकेतन" प्रांगण मे परम पूज्य पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य श्री पुष्पदन्त सागर जी सुयोग्य शिष्य परम पूज्य संस्कार प्रणेता ज्ञानयोगी आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य मे श्री जिनेन्द्र महार्चना के सातवें दिन कर्म दहन विधान का आयोजन किया गया।जिसमे जिनेन्द्र भगवान कि आराधना कि गई जिसमे सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य नरेशचंद मयंक जैन रतनपुरी परिवार व इंद्र बनने का सौभाग्य अरविंद जैन ललित जैन प्रवीण जैन प्रियम को प्राप्त हुआ।समस्त मांगलिक क्रियाये पंडित संदीप जैन "सजल" ने सम्पन्न करवाई।परम पूज्य संस्कार प्रणेता ज्ञानयोगी आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज ने धर्म कहा कि पूर्वोपार्जित पुण्य के उदय से आज हमें यह मनुष्य योनि, जैनकुल और देव शास्त्र गुरु का समागम प्राप्त हुआ है, प्रभु की हमेशा भक्ति करते रहना चाहिए क्योंकि भक्ति करने वाला भक्त ही एक दिन भगवान बनता है।

गुरुदेव ने बताया कि- आज आप सभी कर्म दहन महामंडल विधान कर रहे हैं जिसमें सिद्ध परमेष्ठी भगवान की आराधना की गई है जिन्होंने आठ कर्मों का नाश करके सिद्ध शिला का वरण कर लिया है आज पारसनाथ पद्मावती भक्त मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने आचार्य श्री के समक्ष श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इसअवसर पर पंकज जैन ऋषभ जैन सौरभ जैन विकास जैन विनोद जैन परदेशी हैं नीरज जैन विजय जैन रामभूल जैन दीपक जैन परवीन जैन शुभम जैन मुकेश जैन प्रदीप जैन राजकुमार जैन कमल कुमार जैन रजत जैन अंशुल जैन राजीव जैन योगेश जैन सोनी विकास जैन आशीष जैन महिपाल जैन आदिश जैन राजेश जैन प्रमोद जैन अनिल जैन नितिन जैन गौरव जैन अनुज जैन आदि गुरु भक्त उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील में भाकियू किसान सभा ने किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में विद्युत विभाग के जेई के खिलाफ कारवाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष चौधरी निखिल राव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए

**कस्बा हर्रा में तैनात विद्युत विभाग के जई पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप**



जोरदार प्रदर्शन किया।साथ ही समस्या के समाधान के लिए एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा।ज़िला अध्यक्ष निखिल राव ने बताया कि कस्बा हर्रा में विद्युत विभाग के जैई राजेश कुमार द्वारा जो किसानों के बकाया बिल के कारण बिजली के मीटर उतार लिए जाते हैं वह किसी मकान में रखकर अवैध वसूली का काम किया जाता है जो पैसा नहीं देता उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी जाती है।और सुरानी गांव में कुछ दबंगों ने सरकारी नाली का निर्माण नही होने दे रहे जिसमें कई बार एसडीएम और बीडीओ से भी शिकायत मगर आज तक कोई कारवाई अमल में नहीं लाई गई। जबकि किसान की फसल बर्बाद हो रही है।वही एसडीएम नारायणी भाटिया ने निष्पक्ष जांच कर जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही।जिसमे एसडीएम के अश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। इस दौरान धरने में मजहर सैफी, अकरम कुरैशी,सहदेव पाल, मनीष पाल जिनेन्द्र, रहीश खान, दिनेश मोतला, सहरोज मलिक,फरमान अली, सोनी, पिंकी,लक्ष्मी, मोनिका, प्रिंस सोम आदि मौजूद रहें।

# एक बार फिर हुई भाकियू इंडिया की भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीत, संभागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय का लिपिक बर्खास्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मेरठ।** एक बार फिर भाकियू इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया का संघर्ष रंग लाया। उनके नेतृत्व में भाकियू इंडिया संघर्ष की नई इबारत लिख रही है। गरीबों व किसानों के लिए किये जा रहे संघर्ष में भाकियू इंडिया द्वारा अभी पिछले दिनों ही एक राशन डीलर की दुकान निरस्त कराई गई थी और अब भ्रष्टाचार में लिप्त संभागीय खाद्य नियंत्रक के बाबू राहुल गौड़ के खिलाफ शिकायत सही मिलने पर उसको बरखास्त कर दिया गया।राहुल गौड़ सम्भागीय खाद्य नियंत्रक का लिपिक पद पर तैनात था पर गंगानगर स्थित आर.एफ.सी के गोदाम से सरकारी राशन के गेहू की बड़े स्तर से कालाबाजारी का व्यापार करता था। जब इसके विरुद्ध आवाज उठाई तो इसने सन् 2018 में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया व उनके साथ प्रदीप गोयल पर जान लेवा हमला व लूटपाट की गई थी, जिसमें इस पर व इसके साथियों पर धारा 392, 323, 352, 504, 506 दिनांक 01.03.2018 के तहत मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया था। पर उस समय पैसे के दम व अपनी पहुंच के कारण इसने मामला दबवा दिया था। पर यूनियन का संघर्ष जारी रहा और अब संघर्ष का ही नतीजा है कि अब इसे बरखास्त करने के साथ ही इसके विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति की जांच भ्रष्टाचार निवारण संगठन, मेरठ इकाई कर रही है। अब यूनियन द्वारा उपरोक्त मुकदमे के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक, मेरठ से मिल कर कार्यवाही की मांग की जायेगी। भाकियू इंडिया की गरीब, किसानों व मजदूरों के हक की लड़ाई जारी रहेगी। क्योंकि कई राशन माफिया व डीलर अपने आप को सत्ताधारी दल का नेता बताते है और बच जाते है। पर यूनियन द्वारा राज्यमंत्री के सरंक्षण में कालाबाजारी कर रहे है कई अधिकारी व सरकारी राशन के डीलरों के विरुद्ध आंदोलन की धार और तेज की जायेगी।

# एसआरएम में आयोजित विज्ञान कोलोक्वियम 2.0 नवाचार और प्रेरणा का संगम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में विज्ञान कोलोक्वियम 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान और नवाचार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार वैज्ञानिक-जी के पूर्व सलाहकार डॉ एस के वर्मा ने अपने संबोधन में विज्ञान एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सतत अनुसंधान और नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विज्ञान दर्पण नामक पत्रिका के दूसरे अंक का विमोचन किया गया। इस विज्ञान पत्रिका में विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए शोध लेख एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रचनाएँ प्रकाशित की गई हैं। विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी में कुल 17 नवाचारपरक परियोजनाएँ प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर डॉ एस विश्वनाथन, डीन डॉ आर पी महापात्रा, डीन, एसएंडएच डॉ नवीन अहलावत, और डीन आईक्यूएसी डॉ धोम्या भट्ट ने की। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के फैशन क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा रोबोटिक्स थीम पर रैंप वाक प्रस्तुत किया गया ' और उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में बीडीएस इंटर्न्स के लिए क्लीनिकल एकेडमिक एनहेन्समेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर असालत नगर के निकट स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी, ओरल पैथोलॉजी एवं पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभागों के द्वारा बीडीएस इंटर्न्स के लिये दो दिवसीय क्लीनिकल एकेडमिक एनहेन्समेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 85 इंटर्न्स ने भाग लिया जिसमें छात्रों को तीन समूह में विभाजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनके क्लीनिकल ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ उन्हें नवीनतम उपचार की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान पहले समूह को ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग की फैकल्टी द्वारा इमर्जिंग रोल ऑफ सी.बी.सी.टी.- ए.3डी. इमेजिंग मोडेलिटी इन डेन्टिस्ट्रीह्यह्य विषय पर विभिन्न व्याख्यान एवं हैंड्स-ऑन प्रस्तुत किये गये, जिसमें सभी छात्रों को सी.बी.सी.टी. के उपयोग की मूल प्रक्रिया के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई।

ओरल पैथोलॉजी विभाग की फैकल्टी द्वारा भी ह्यह्यअटैनिंग द मैक्सिमम प्रिसिशन इन चेयर साइड एंड नॉन इनवेसिव मेथोडोलोजिज इन डायग्नोसिस एंड रिसर्चह्यह्य विषय पर विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किये गये जिसमें उन्होंने सभी छात्रों को बताया की वह कैसे दंत चिकित्सा के अभ्यास में रिसर्च एवं विभिन्न प्रकार के अध्ययन करके अपने ज्ञान को बढ़ा सकते है। इसके साथ ही उन्होंने पीसीआर कार्यप्रणाली और मौलिक अनुसंधान में इसके महत्व के बारे में छात्रों को अवगत कराया तथा छात्रों को जीनोमिक्स की भूमिका के बारें मे भी बताया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्रों को क्लीनिक एवं एकेडमिक के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# महाकुंभ मेले में तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉड्र्स अंकित, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रमाण पत्र सौंपे गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने भव्य महाकुंभ मेले के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपे गए। इस अवसर पर प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मेलाधिकारी श्री विजय किरण आनंद और वर्ल्ड रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट भी उपस्थित थे। निश्चल बारोट ने इन रिकॉर्ड प्रयासों की योजना और निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पहला गिनीज रिकॉर्ड कई स्थानों पर सबसे अधिक लोगों द्वारा फर्श की सफाई का है, जिसमें 19,287 प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत योगदान दिया। इस पहल ने सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखने और सफाई को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। दूसरा रिकॉर्ड कई स्थानों पर सबसे अधिक प्रतिभागियों द्वारा नदी सफाई अभियान का है, जिसमें 329 स्वयंसेवकों ने प्रयागराज की पवित्र नदियों की सफाई में भाग लिया और नमामि गंगे मिशन का समर्थन किया। इस पहल ने जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया।

तीसरा रिकॉर्ड आठ घंटे में सबसे अधिक लोगों द्वारा हैंडप्रिंट पेंटिंग बनाने का है, जिसमें 10,102 प्रतिभागियों ने समुद्र मंथन की पौराणिक घटना को दशार्ने वाली भव्य कलाकृति तैयार की। यह पेंटिंग महाकुंभ मेले के सांस्कृतिक महत्व को प्रतिबिंबित करने के साथ-साथ एकता, भक्ति और आध्यात्मिक सद्भाव का प्रतीक बनी।

वर्ल्ड रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने कहा कि इन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को हासिल करना केवल एक मानक स्थापित करना नहीं है, बल्कि करोड़ों



लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक करने की प्रेरणा देना है। उन्होंने जनभागीदारी और सफल आयोजन को उत्तर प्रदेश के लोगों की सामूहिक शक्ति और प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश के नागरिकों के प्रयासों की सराहना की और इन रिकॉर्ड उपलब्धियों को साकार करने में उनकी सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने महाकुंभ मेले के वैश्विक महत्व को रेखांकित किया, इसे केवल एक आध्यात्मिक संगम ही नहीं बल्कि स्वच्छता और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का एक प्रभावी मंच भी बताया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाण पत्र एक भव्य समारोह में आधिकारिक रूप से सौंपे गए, जिससे उत्तर प्रदेश की वैश्विक रिकॉर्ड-स्थापना पहलों में प्रमुखता को और अधिक मजबूती मिली। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद के नेतृत्व में प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम प्रबंधन का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जो स्वच्छ भारत और सतत विकास के उद्देश्यों के अनुरूप है। इन उपलब्धियों ने प्रयागराज की वैश्विक पहचान को और मजबूत किया है, जिससे महाकुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन न रहकर सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व का एक वैश्विक आंदोलन बन गया है।

# सोलरयुक्त होंगी जिले की साधन सहकारी समितियां, सहकारिता विभाग को शासन ने दिया आदेश, संचालित हैं 73 समितियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** बिजली पर निर्भरता कम कर सौर ऊर्जा के अधिक उपयोग को लेकर सरकार प्रयासरत है। पीएम सूर्य घर योजना के लिए मिशन बनाकर कार्य किया जा रहा है।

इस मिशन के अंतर्गत सरकारी विभागों को सोलर सिस्टम युक्त करने का कार्य किया जा रहा है। जिले की साधन सहकारी समितियों पर भी सोलर सिस्टम लगाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए भी निर्देश जारी हो गए हैं अब समितियों पर बिजली से मुक्ति दिलाकर सोलर युक्त समितियां बनाने का कार्य होगा। जिले में 73 साधन सहकारी समितियों का संचालन किया जा रहा है। एआर कोआपरेटिव वीरेंद्र प्रकाश उपाध्याय के अनुसार, साधन सहकारी समितियों पर वर्तमान में बिजली कनेक्शन हैं और बिजली की सप्लाई

**पीएम सूर्य घर योजना के लिए मिशन के तहत किया जा रहा है कार्य**

चल रही है। सभी समितियों पर कामर्शियल बिजली का कनेक्शन हैं। जिनका बिल भी हर महीने अधिक आता है। केंद्र सरकार के सोलर मिशन के तहत अब समितियों को भी सोलर युक्त करने के लिए शासन से आदेश जारी हो गया है। जिले की सभी साधन सहकारी समितियों पर दो से पांच किलो वाट तक के सोलर पैनल लगाने का कार्य किया जाएगा। जिससे समितियों को संचालित किया जायेगा। इसके बाद समितियों पर बिजली का झंझट खत्म होगा और सभी को सोलर युक्त कर दिया जाएगा।

**कोट**

जिले की सभी साधन सहकारी समितियों पर सोलर सिस्टम लगाने का कार्य होगा। शासन से आदेश हुआ है बजट के अनुसार समितियां सोलर पैनल लगवाएंगी। जिससे हर महीने आने वाले बिजली के बिल से राहत मिलेगी और किसानों को भी लाभ होगा, क्योंकि कई बार बिजली के अभाव में किसानों को भी इंतजार करना पड़ता था।

**वीरेंद्र प्रकाश उपाध्याय, एआर कोआपरेटिव सहकारिता विभाग।**

**निर्देश** सफाई कर्मियों के साथ प्रत्येक माह अधिकारी करें बैठक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की दें जानकारी

# राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ0 सुषमा गौडियाल ने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** सर्किट हाउस सभागार में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य डॉ0 सुषमा गौडियाल की अध्यक्षता में मैन्युअल स्कैवेंजर एक्ट

- **सफाई कर्मियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं का दिलाया जाए लाभ- सदस्या**
- **महत्वपूर्ण बिंदुओं को रखा जाएगा शासन के समक्ष जल्द कराया जाएगा निराकरण- डॉ0 सुषमा गौडियाल**

2013 के कार्यान्वयन की समीक्षा,सफाई कर्मियों व इनके आश्रितों के सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक जीवन का अध्ययन करने तथा सरकारी योजनाओं की समीक्षा करने के सम्बंध में अधिकारियों व सफाईकर्मी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक में सफाई कर्मियों की समस्याओं तथा उनकी पीड़ाओं से अवगत कराते हुए सदस्या ने निर्देशित किया कि सफाई कर्मी केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में हैं अधिकारी इसको गंभीरता से लें तथा हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी स्थान हो, सफाई जैसा महत्वपूर्ण कार्य इस समाज के द्वारा किया जाता है। समस्त अधिकारियों का यह प्राथमिक दायित्व है कि उनके कल्याण के लिए सरकार की जो भी योजनाएं संचालित हैं उनके प्रति इस समाज के लोगों को जागरूक करें।उन्होंने कहा कि महीने में कम से कम दो बैठक सफाई कर्मचारियों के पदाधिकारी एवं सफाई कर्मियों के साथ की जाए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाए इनको जागरूक किया जाए ।उन्होंने कहा कि अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी समझते हुए तथा शासनादेशों का अनुपालन



करते हुए इस समाज को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाज को बेहतर स्थिति में पहुंचाना सभी का दायित्व है। सरकार सफाई कर्मियों एवं इस समाज की लगातार चिंता करती है। इस समाज के उन्नयन एवं विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं परंतु जानकारी का अभाव होने के कारण यह समाज सरकार की बहुत सारी योजनाओं से वंचित रह जाता है जरूरत है तो इनको जागरूक करने की उनको बताने की कि योजना का लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने निर्देशित किया की सफाई कर्मियों के रिटायरमेंट ,मृतक आश्रित के देयक, नियुक्ति से संबंधित जो भी प्रकरण हैं उनको नियत समय पर निस्तारण किया जाए तथा कैंप लगाते हुए इनको योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि सफाई जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी यह लोग निभाते हैं उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हम सभी की है स्वास्थ्य से संबंधित सरकार की विभिन्न योजनाएं चलाई गई हैं स्वास्थ्य कैंप लगाते हुए सफाई कर्मियों को लाभान्वित किया जाए।बैठक में सफाई यूनियन के पदाधिकारी द्वारा ,मानक अनुसार सफाई कर्मियों की नगर निगम में नई भर्ती करने, संविदा बहाली, मृतक आश्रितों के समय पर भुगतान/ नियुक्ति, सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं को उठाया गया जिसका संज्ञान लेते हुए सदस्या ने कहा कि जो भी शासन स्तर के बिंदु हैं संवाद एवम पत्र प्रेषित करते हुए समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा तथा स्थानीय स्तर के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव ,सीएमओ अशोक कटारिया, अपरनगर आयुक्त प्रमोद कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार ,समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार ,डीपीआरओ ,बीएसए एवं अन्य संबंधित अधिकारियों सहित सफाई कर्मी यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डंपर ने सड़क पर जा रहे घनश्याम सिंह चौहान को कुचला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । सड़क किनारे जा रहे वृद्ध को आज की डंपर ने कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीणों ने विरोध में जाम लगाया लेकिन अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोल दिया गया 'पुलिस ने

**विरोध में लोगों ने लगाया जाम, चालक के खिलाफ थाने में दी तहरीर**

शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है ' मंगलवार को मिश्रीपुर मंझरा गांव के सामने सुबह करीब 10:30 बजे गांव के वृद्ध घनश्याम सिंह पुत्र धर्म सिंह चौहान निवासी मिश्रीपुर मँझरा खेत से होकर घर के लिए जा रहे थे तभी पीछे से आए डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर लगने से घनश्याम डंपर के नीचे आ गए और डंपर उन्हें कुचलता हुआ आगे निकल गया घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग इकट्ठा हो गए और उन्होंने चालक की लापरवाही मानते हुए सड़क पर जाम लगा दिया जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीएम मौके पर पहुंच गए उन्होंने ग्रामीणों को समझा कर जाम खुलवाया बताया गया कि डंपर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए डंपर को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शब को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। उल्लेखनीय है कि ठाकुरद्वारा -कांठ रोड पर डंपरों का बोलबाला है और यह डंपर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिसकी वजह से कांठ में अक्सर दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहती है और सड़कों पर जाम भी इनके कारण लगता है लोग काफी समय से डंपरों के दिन में संचालन पर रोक लगाने की मांग करते आ रहे हैं मगर इस संबंध में कोई कार्रवाई न होने से आज घनश्याम सिंह को इसका खामियांजा जान देकर भुगतना पड़ा है मृतक के परिजनों ने चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।








## राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव के लिए 9 मार्च तक होगा पंजीकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव में भाग लेने वाले 9 मार्च तक पंजीकरण करा सकते हैं। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना को इसका आयोजक बनाया गया है। जनपद स्तरीय आयोजन के लिए 24 फरवरी को 18 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष आयु वाले को पात्र माना जाएगा। युवा अपना आवेदन माय भारत पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। आवेदक एक मिनट के अपने वीडियो से पोर्टल पर पंजीकरण के आवेदन कर सकेंगे। 10 विजेता को प्रदेश की विधानसभा में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। नेहरू युवा केंद्र संगठन मेरा युवा भारत के उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि इसके लिए 301 नोडल केंद्र बनाए गए हैं। मुरादाबाद भी एक केंद्र है।

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए जिले से 104 ग्राम पंचायतों ने किया आवेदन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए जिले की 104 ग्राम पंचायतों की ओर से आवेदन किए गए हैं। अवॉर्ड का आधार ऑनलाइन कार्यों की गुणवत्ता है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार में शामिल होने के लिए ग्राम पंचायतों से 28 फरवरी तक आवेदन मांगे गए थे।इस दौरान जिले की 104 ग्राम पंचायतों ने आवेदन किए। इस पुरस्कार में उन ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया, जो आम जनता की सुविधा के लिए ऑनलाइन कार्य कर रही हैं। आवेदन करने वालों में सबसे अधिक मूंढापांडे ब्लॉक से 40, कुंदरकी ब्लॉक की 23, बिलारी ब्लॉक की नौ, छजलैट ब्लॉक की सात, ठाकुरद्वारा की सात, मुरादाबाद की सात और भगतपुर टांडा की छह ग्राम पंचायतें शामिल हैं।नियमानुसार ब्लॉक स्तर पर बीडीओ तीन-तीन ग्राम पंचायतों के नाम जिला स्तर पर भेजेंगे। जिला स्तर पर डीएम के नेतृत्व में गठित टीम निर्णय करेगी कि किन ग्राम पंचायतों ने ऑनलाइन सेवाओं के लिए बेहतर कार्य किया है। इसी आधार पर समिति नामों का चयन कर सूची लखनऊ के लिए भेजेगी। वहां से केंद्र को भेजी जाएगी। डीपीआरओ वाचस्पति झा ने बताया कि अभी ब्लॉक स्तर की सूची का इंतजार किया जा रहा है।

## पोर्टल पर नामांकन शून्य :15 मदरसों को नोटिस जारी किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** यूडायस पोर्टल पर छात्र मॉड्यूल में नामांकन पूर्ण न करने पर खंड शिक्षाधिकारी ग्रामीण ने 15 मदरसों को नोटिस जारी किया है। उन्होंने मदरसों के संचालकों को अपार आईडी बनवाने की हिदायत भी दी है। अन्यथा की स्थिति में यूडायस कोड बंद कर दिया जाएगा।

खंड शिक्षाधिकारी बेगीश गोयल ने 15 मदरसों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें बताया कि कई मदरसों में छात्र नामांकन ठीक है। फिर भी अपार आईडी की प्रगति शून्य है।

कई मदरसों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में यूडायस पोर्टल पर नामांकन शून्य दिखा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं हैं।

## बोर्ड परीक्षा: मंगलवार को 339 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, उड़न दस्ते ने विभिन्न परीक्षा केदो का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर मंगलवार को बोर्ड परीक्षा में 339परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' उड़न दस्ते ने विभिन्न परीक्षा केदो का औचक निरीक्षण किया ' पहली पारी में विभिन्न परीक्षा केदो पर 308 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे'' दूसरी पारी में 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा हेतु तहसील क्षेत्र में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के कुल 9173 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है ।विभाग द्वारा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं' आज जिला प्रशासन द्वारा गठित उड़न दस्तें ने विभिन्न परीक्षा केदो का औचक निरीक्षण किया' नगर में ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को अप संकलन केंद्र बनाया गया है' केंद्र के प्रभारी रामसागर ने देर शाम " बुलंद संदेश" को बताया कि मंगलवार को प्रथम पारी में हाई स्कूल विज्ञान एवं इंटरमीडिएट लेखाशास्त्र की परीक्षा थी पहली पारी में 308 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे' दूसरी पारी में अर्थशास्त्र इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल कृषि की परीक्षा थी दूसरी पारी में 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ।





## शासन के निर्देश पर लदावली में लगे शिविर में लोगों के चेस्ट एक्स-रे किए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर 100 दिवसीय टीबी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को ग्राम पंचायत लदावली में शिविर लगाया गया जहां पर चेस्ट x-ray ki AI आधारित पोर्टेबल मशीन की व्यवस्था की गई जिसमें 130 लोगों के चेस्ट x-ray किए गए। जिसमें 40 लोग टीबी सस्पेक्ट पाए गए। व सिम्पटमेटिक 20 लोगों की बलगम जांच की गई। Xray में स्पेक्ट समस्त लोगों की बलगम की जांच ल्लं३ से कराने के बाद जिन लोगों को टीबी पाई जाएगी उनका टीबी का इलाज शुरू कर दिया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव ने बताया कि अब उन गांव में चेस्ट Xray कराए जाएंगे जहां पर टीबी के अधिक मरीज मिलने की संभावना है। इस कैंप में डॉ जगवीर सिंह, निहाल खान, फलिया बेगम व कुमारी कविता आदि ने सहयोग प्रदान किया।





## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ सहित अन्य केदो पर स्थापित होगी" नवजात शिशु विशेष देखभाल इकाई" नवजातों की होगी देखभाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सीएचसी स्तर पर डिलीवरी बढ़ाने के साथ नवजातों की विशेष देखभाल भी करेगा। हर सीएचसी पर एसएनसीयू यानी नवजात शिशु विशेष देखभाल इकाई बनाने की योजना है।

इसमें 24 घंटे ऑक्सीजन सप्लाई से लेकर बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती भी होगी' कम वजन वाले, जन्म के बाद सांस लेने में परेशानी, पीलिया व अन्य बीमारियों से संबंधित नवजातों को विशेष देखभाल इकाई में रखा जाता है। जल्द ही बिलारी में इस इकाई का उद्घाटन होने जा रहा है।एसएनसीयू में मिलने वाली सुविधाएंः नवजात शिशुओं के लिए चौबीस घंटे ऑक्सीजन की व्यवस्था, रेडिएंट वार्मर (बच्चों को गर्म रखने के लिए), फोटो थेरेपी (पीलिया पीड़ित बच्चों के लिए), वर्तमान में मुरादाबाद में महिला अस्पताल के अलावा किसी सरकारी अस्पताल में एसएनसीयू नहीं है।

सीएचसी स्तर पर यह सुविधा उपलब्ध होने से गांव देहात के लोगों को शहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। साथ ही निजी अस्पतालों में मोटी रकम खर्च करने से बच जाएंगे।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि बहुत जल्द एसएनसीयू की शुरूआत कर दी जाएगी। गंभीर रूप से बीमार नवजातों को उचित देखभाल व उपचार मिल सकेगा।

## एएमयू सिविल इंजीनियरिंग छात्रों ने अलीगढ़ जंक्शन के शैक्षिक भ्रमण के दौरान व्यावहारिक अनुभव हासिल किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के जाकिर हुसैन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अलीगढ़ जंक्शन (एनसीआर) का एक शैक्षिक दौरा आयोजित किया गया। यह भ्रमण स्नातक पाठ्यक्रम ह्यपरिवहन इंजीनियरिंग (रेलवे इंजीनियरिंग)ह्न का एक भाग था, जिसका उद्देश्य छात्रों को रेलवे ट्रैक के घटकों और इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था।इस दौरे में बी.टेक और बी.ई. (सिविल इंजीनियरिंग, छठे सेमेस्टर) के 110 से अधिक छात्र शामिल हुए, जिन्हें शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के वरिष्ठ इंजीनियरों ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें आधुनिक रेलवे ट्रैक घटकों, रखरखाव तकनीकों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। सत्र के दौरान प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें स्लीपर, वेल्डेड रेल, स्विच, विस्तार जोड़, रेल दोष पहचान के लिए अल्ट्रासोनिक वेव टेस्टिंग सिस्टम, सिग्नलिंग प्रणाली और ट्रैक रखरखाव रणनीतियाँ शामिल थीं।रेलवे इंजीनियरों ने रेलवे ट्रैक निर्माण और रखरखाव में आधुनिकीकरण के महत्व पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (यूएसएफडी) जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग संभावित दोषों की पहचान के लिए किया जाता है, जिससे ट्रेनों की सुरक्षा और संचालन की दक्षता सुनिश्चित होती है। सहायक मंडल अभियंता लक्ष्मीकांत झा ने सतत ट्रैक निगरानी और समय पर रखरखाव की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।छात्रों ने रेलवे अधिकारियों, जिनमें मानव पुंडीर, मुकेश शर्मा, मोहम्मद अरशद कुरैशी, दीपक कुमार और श्रीराम शर्मा शामिल थे, के साथ संवादात्मक चचाओं में भाग लिया ।



## दिगम्बर जैन समाज चुनाव : अनिल जैन निर्विरोध अध्यक्ष, सुशील जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कसेरठ बाजार पर आयोजित बैठक में दिगम्बर जैन समाज की पदाधिकारियों का आगामी दो वर्षीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों का चुनाव,चुनाव अधिकारी सुरेश चन्द जैन ने चुनाव सम्पन्न कराया। चुनाव अधिकारी की निगरानी में पर्ची द्वारा गुप्त मतदान के आधार पर साधारण बैठक से चुने 14 सदस्यों, 2 आजीवन सदस्यों तथा 1 सरंक्षक सदस्य ने वोट दिये। जिसमें अनिल जैन को अध्यक्ष, सुधीर जैन को उपाध्यक्ष, अशोक जैन को महामंत्री, सुशील जैन को कोषाध्यक्ष तथा आकाश जैन को मंत्री घोषित किया गया। अध्यक्ष अनिल जैन अब तक नौवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने जा चुके है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा से जैन समाज के कार्य को विस्तार देने का आश्वासन दिया। उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।





## गोल्डन लायनेस क्लब हापुड़ विराट का आयोजित हुआ अधिष्ठापन समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रेलवे रोड स्थित रॉयल पैलेस में गोल्डन लायनेस क्लब हापुड़ विराट का अधिष्ठापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें दीपाली कंसल को क्लब का नया अध्यक्ष घोषित किया गया।

**दीपाली कंसल बनी अध्यक्ष,शिक्षिका डॉ सुमन अग्रवाल सहित अन्य को किया सम्मानित**

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमनजीत कौर, शिखा गुप्ता और अंशु शर्मा ने किया। विराट क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपाली कंसल और उनकी टीम को शुभकामनाएं दी गई। सचिव किरन गोस्वामी ने क्लब द्वारा किए गए सेवाकार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की श्रृंखला में महिला सशक्तीकरण के लिए चार सशक्त महिलाओं शिवा प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाध्यापिका डॉ सुमन अग्रवाल,शिक्षिका डॉ हरजीत कौर व अन्य को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही क्लब की 12 पूर्व अध्यक्ष को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने फूलों की होली खेली और होली के गानों पर खूब थिरके। इसके बाद एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

इस मौके पर स्नेह लता, शिखा गुप्ता,गीता गुप्ता,डॉ. पुष्पा गर्ग,निशा छाबड़ा,सुनीता शर्मा,निशा अग्रवाल,मंजू गर्ग,ममता कंसल,ममता गर्ग, प्रभा गर्ग,स्वीटी सिंह, रवनीत कौर,दिव्या शर्मा,अंजू सिंघल आदि मौजूद रहीं।

## आरजीएनएलयू पटियाला ने एएमयू में सर सैयद राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता जीती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अमुवि के विधि संकाय द्वारा आयोजित सर सैयद राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में आरजीएनएलयू पटियाला की टीम टीसी 14 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लॉयड लॉ कॉलेज की टीम टीसी 10 उपविजेता घोषित हुई। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिभाशाली विधि छात्रों ने भाग लिया और संवैधानिक कानून पर गहन कानूनी बहसें कीं।विजेता टीम को 18,000 रूपए की नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 12,000 रूपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, विशेष पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ वक्ता का पुरस्कार आरजीएनएलयू पटियाला की अनम साजिद को, सर्वश्रेष्ठ स्मारिका (मेमोरियल) का पुरस्कार एनएलएसआईयू बेंगलुरु की टीम टीसी 12 को, और सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार एनएलयू नागपुर की टीम टीसी 22 को दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन एएमयू के विधि संकाय, जो कानूनी शिक्षा और वकालत प्रशिक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है, द्वारा विधि छात्रों को कानूनी तर्क, बहस और न्यायालयीन कौशल को निखारने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधि संकाय के डीन और विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम. जेड. एम. नोमानी के स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने संवैधानिक कानून के महत्व और समतावादी समाज के निर्माण में इसकी भूमिका पर जोर दिया। प्रतियोगिता कई चुनौतीपूर्ण चरणों से होकर गुजरी, जिसमें सेमीफाइनल मुकाबले दो अलग-अलग कोर्टरूम में आयोजित किए गए। कोर्टरूम 1 में न्यायाधीश फौजान शाह, उज्जवल सिन्हा और पवन वर्मा ने टीसी 10 (याचिकाकर्ता) और टीसी 12 (प्रतिवादी) के बीच मुकदमे की सुनवाई की। वहीं, कोर्टरूम 2 में न्यायाधीश पी.बी. शशांक, मोहम्मद कुमैल हैदर और मोहम्मद अमान आलम ने टीसी 22 (याचिकाकर्ता) और टीसी 14 (प्रतिवादी) के बीच बहस सुनी।




## गन्ने के ट्राले के चपेट में आकर साइकिल सवार रघुपाल की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । गन्ने के ट्राले की चपेट में आकर आज साइकिल सवार ग्रामीण की मौत हो गई है 'पुलिस ने शब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है थाना क्षेत्र के गांव चक फेरी निवासी रघुपाल पुत्र नो सिंह साइकिल से आ रहा था इसी ओर से दीवान शुगर मिल का खाली ट्राला भी गांव स्थित गन्ने के केंद्र की ओर जा रहा था बताया गया कि जैसे ही दोनों बराबर में आए रघुपाल ट्राले की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर घर में कोहराम मच गया' बताया गया कि रघु पाल दो भाई थे जिनमें छोटा रघुपाल अविवाहित था और बड़े रामौतार की शादी हो चुकी है रघुपाल के माता और पिता की भी पहले मौत हो चुकी है। इस घटना से गांव में गम का माहौल है।



**ड्रा होगा** — जिले में 143 देशी व 104 अंग्रेजी,बीयर एवं 7 मॉडल शाप संचालित

# आर्ब्जबर की निगरानी में शराब की दुकानों का होगा ई-लाटरी से ड्राः प्रभारी डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** कल गुरुवार को मोदीनगर रोड स्थित श्रीमति ब्रहमा देवी स्कूल में जनपद में संचालित अंग्रेजी,देशी,बीयर व मॉडल शॉप की दुकानों का ई लाटरी से ड्रा होगा। शासन द्वारा जनपद के

**विभाग को आवेदनों से 15 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई: प्रकाश सिंह**

नामित किये गये आर्ब्जबर की निगरानी में दुकानों का ड्रा होगा। जिसके सम्बंध में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा तैयारी की जा रही है। आपको बता दें,कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर देशी शराब की 143,अंग्रेजी व बीयर की 104 व मॉडल शॉप 7 संचालित है। शासन के निर्देश पर प्रतिवर्ष दुकानों का नवीनीकरण होता आ रहा है। लेकिन वर्ष 2025-26 के लिए शासन ने दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया समाप्त करते हुए दुकानों का ई=लाटरी से ड्रा कराने का निर्णय लिया है। जनपद के प्रभारी जिलाधिकारी (सीडीओ) हिमांशु गौतम ने बताया कि जिले में देशी, अंग्रेजी, बीयर व मॉडल शॉप का ई-लाटरी से ड्रा मोदीनगर रोड स्थित श्रीमति ब्रहमा देवी स्कूल के सभागार कक्ष में कराया जायेगा। जिसके लिए समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि शराब की दुकानों के ई-लाटरी से ड्रा शासन द्वारा नामित आर्ब्जबर की निगरानी में होगा। शासन ने सीनियर आईएएस के रविन्द्र नाइक की निगरानी में होगा। आबकारी विभाग द्वारा तैयारी की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि जनपद में संचालित देशी, अंग्रेजी, बीयर व मॉडल शॉप का ई-लाटरी के माध्यम से ड्रा किया जायेगा,इसके लिए तैयारी की जा रही है। दुकान लेने के लिए किये गये आवेदनों से सरकार को 15 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई है। दुकानों का लाटरी से ड्रा सात वर्ष बाद होने जा रहा है। इससे पूर्व ड्रा वर्ष 2018-19 में हुआ था।

| दुकानों की श्रेणी | दुकानों की संख्या | आवेदन |
|---|---|---|
| देशी | 143 | 141 |
| कंपोजिट | 104 | 104 |
| मॉडल शॉप | 7 | 7 |







## छात्राओं को कुचलने के मामले में आरोपी दरोगा का नाबालिग बेटा गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** सिविल लाइंस क्षेत्र में छेड़खानी के विरोध पर छह छात्राओं को कार से कुचलने के मामले में फरार चल रहे दरोगा के नाबालिग बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से राजकीय संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। मामले में चार आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस की जांच में पता चला था कि पांचवां आरोपी पीलीभीत में तैनात दरोगा का 17 वर्षीय बेटा है। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट भी जारी हुआ था। सोमवार को आरोपी को सिविल लाइंस क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। दोपहर बाद उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर राजकीय संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। मामले में अब तक तीन छात्राओं के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। तीन छात्राओं की हालत अभी भी ठीक नहीं है।सिविल लाइंस क्षेत्र के हाई स्ट्रीट एरिया में सात फरवरी की सुबह करीब साढ़े 11 बजे 12वीं की छह छात्राएं स्कूल से एडमिट कार्ड लेकर घर लौट रही थीं। सड़क किनारे खड़ी छह छात्राओं से कार सवार युवकों ने छेड़खानी शुरू कर दी। छात्राओं ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें कार से कुचल दिया। सभी छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई थीं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# त्रिशा कृष्णन ने गुड बैड अग्ली में राम्या की भूमिका निभाने तैयार



अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन, जो 'पोन्नियिन सेल्वनइ, 'लियोइ, '96इ और अन्य फिल्मों के लिए जानी जाती हैं, आगामी फिल्म 'गुड बैड अग्लीइ में राम्या की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

फिल्म के निमार्ताओं ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने फॉलोअर्स के साथ यह खबर साझा की।

'गुड बैड अग्लीइ एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन आदिक रविचंद्रन ने किया है और इसका निर्माण मैथ्री मूवी मेकर्स और टी-सीरीज फिल्म्स ने किया है।इस फिल्म में अजित कुमार, प्रभु, प्रसन्ना, अर्जुन दास, सुनील, राहुल देव, योगी बाबू और शाइन टॉम चाको भी हैं। फिल्म की घोषणा 2023 के अंत में वर्किंग टाइटल एके63 के तहत की गई थी, क्योंकि यह अजित की मुख्य अभिनेता के रूप में 63वीं फिल्म है, और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा मार्च 2024 में की गई थी। मुख्य फोटोग्राफी अगले मई में हैदराबाद में शुरू हुई, साथ ही स्पेन में छिटपुट कार्यक्रम भी हुए, और दिसंबर की शुरूआत में इसे पूरा किया गया। फिल्म का संगीत जी. वी. प्रकाश कुमार ने तैयार किया है। इससे पहले, अभिनेत्री ने साझा किया था कि 'बृंदाइ के बारे में उन्हें क्या दिलचस्पी थी, जो उनकी ओटीटी सीरीज की शुरूआत थी। बृंदा में वह एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो उनके लिए पहली बार है। उन्होंने बताया कि उन्होंने फ्लाइट में स्क्रिप्ट के पन्नों को खंगाला। इस सीरीज में इंद्रजीत सुकुमारन, जया प्रकाश, आमानी, रवींद्र विजय, आनंद सामी, राकेन्दु मौली और अन्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जिसमें ड्रामा, अपराध और रहस्य के तत्वों को एक साथ पिरोया गया है, जो एक मनोरंजक देखने का अनुभव प्रदान करता है। इस सीरीज की पटकथा सूर्या मनोज वंगाला और पद्मावती मल्लाडी ने लिखी है, जिसका संगीत शक्तिकांत कार्तिक ने दिया है और प्रोडक्शन डिजाइनर अविनाश कोल्ला हैं। सूर्या मनोज वंगाला द्वारा लिखित और निर्देशित तथा एडिंग एडवरटाइजिंग एलएलपी के बैनर तले आशीष कोल्ला द्वारा निर्मित बृंदा सोनी लिव पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

# सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार तंडेल, 7 मार्च से नेटफ्लिक्स पर होगा प्रीमियर

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की तंडेल ने 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने के बाद सिनेमाघरों में धूम मचा दी थी। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया और दर्शकों से सराहना प्राप्त की। अब, यह कुछ ही दिनों में अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है।




ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म की डिजिटल रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है। तंडेल 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर कई भाषाओं में रिलीज होगी। इसकी घोषणा करते हुए ओटीटी पार्टनर ने लिखा, सरहदों के पार का सफर, हदों से परे की कहानी। तंडेल को 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में देखें। तंडेल में राजू (नागा चैतन्य) बुज्जी (साई पल्लवी) नाम की लड़की से प्यार करता है। उनकी शादी से पहले वह उसकी सुरक्षा के लिए डरती है और उसे मछली पकड़ना बंद करने के लिए कहती है। हालांकि, राजू उसकी चिंताओं को नजरअंदाज करता है और समुद्र में निकल जाता है। एक शक्तिशाली तूफान उसकी नाव को रास्ते से हटा देता है, जिसके कारण उसे पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा पकड़ लिया जाता है। कहानी उसके जीवित रहने और घर वापस आने के संघर्ष पर आधारित है। यह फिल्म श्रीकाकुलम के मछुआरों से जुड़ी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है, जो अनजाने में पाकिस्तानी जलक्षेत्र में चले गए थे। 2000 में चोडिपिल्ली मुसलय्या नामक एक युवा मछुआरा काम के लिए गुजरात चला गया। उस समय जीपीएस का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जाता था और कई मछुआरे गलती से सीमा पार कर जाते थे। एक रात पाकिस्तानी तट रक्षकों ने उनकी नावों को जब्त कर लिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। तंडेल का निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया है। इसकी पटकथा उन्होंने ही लिखी है और कहानी कार्तिक थीडा की है। फिल्म में राजू के रूप में नागा चैतन्य और सत्या के रूप में साई पल्लवी मुख्य भूमिका में हैं। प्रकाश बेलवाडी एक पाकिस्तानी जेलर की भूमिका में हैं, जबकि आडुकलम नरेन चित्ता की भूमिका में हैं। दिव्या पिल्लई चंद्रा के रूप में दिखाई दे रही हैं और करुणाकरण मुरली की भूमिका निभा रहे हैं। बबलू पृथ्वीराज सत्या के पिता की भूमिका में हैं, जबकि कल्पा लता को राजू की मां के रूप में देखा गया।

# साड़ी पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिखाईं दिलकश अदाएं, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज



इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। इन फोटोज में आप देख सकते हैं प्रज्ञा जैसवाल ने फोटोशूट के दौरान ग्लास नेक लुक में ब्लाऊज और गोल्डन कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। गले में नेकलेस, माथे पर छोटी सी काली कलर की बिंदी, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनके इस लुक को देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर आउटफिट में बवाल काटती है।

# फिर साथ आए ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा 2 को लेकर अटकलें तेज

ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल अभिनीत जिंदगी ना मिलेगी दोबारा अपनी रिलीज के 13 साल बाद भी प्रशंसकों की पसंदीदा बनी हुई है। जबकि दर्शक जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इस बीच अब ऋतिक, फरहान और अभय हाल ही में फिर से साथ आए, लेकिन दुख की बात है कि सीक्वल के लिए नहीं।

ऋतिक, फरहान और अभय यास आइलैंड के साथ एक विशेष सहयोग के लिए फिर से साथ आए। तीनों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की और एक संयुक्त पोस्ट में लिखा, समय लगा, लेकिन आखिरकार हमने यस कहा- जिंदगी को यस बोल। प्रशंसकों ने इस पोस्ट पर उत्साह के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की, हालांकि कई लोगों ने अनुमान लगाया कि यह सहयोग किसी विज्ञापन के लिए था।

इस साल की शुरूआत में फरहान ने ऋतिक और अभय के साथ एक रेस्तरां में बैठे हुए एक वीडियो



शेयर किया था। वीडियो में अभय को एक किताब को घूरते हुए देखा गया था। ऋतिक ने भी उसी किताब को देखते हुए कहा, अविश्वसनीय, जबकि फरहान ने कहा, शानदार। जिस किताब को तीनों देख रहे थे, वह थी द थ्री मस्किटर्स, जो फ्रांसीसी लेखक एलेक्जेंडर डुमास का क्लासिक एडवेंचर उपन्यास है।

फरहान अख्तर ने इस पोस्ट में अपनी बहन और फिल्म निमार्ता जोया अख्तर को टैग किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, जोया अख्तर क्या आपको ये संकेत दिख रहे हैं? बैकग्राउंड में फरहान ने प्रतिष्ठित जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का गाना सेनोरिटा जोड़ा गया था, जिससे प्रशंसक पुरानी यादों में खो गए। जिंदगी ना मिलेगी दोबारा में कैटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी थीं। इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया था और एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने इसका निर्माण किया था।

# भारत ने लिया ऑस्ट्रेलिया से 2023 का बदला, सेमीफाइनल में रौंदकर फाइनल में बनाई जगह


भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने जीत के कारवां को जारी रखते हुए सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को 4 विकेट से हराया है। इसके साथ ही भारत ने लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। टीम इंडिया की जीत के स्टार मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे, जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को रौंदने में अहम भूमिका निभाई। शमी ने जहां 3 विकेट चटकाए वहीं ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर रोका। वहीं कोहली ने 84 रन के दमदार पारी खेली और भारतीय टीम के लिए सफलतापूर्वक रन चेज किया। दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने 14 साल बाद किसी आईसीसी टूनार्मेंट के नॉकआउट मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। वर्ल्ड कप 2011 के क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और पिर खिताब भी जीता था। इस बार टीम इंडिया ने खिताब के और करीब आकर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में रौंदकर बाहर का रास्ता दिखाया है। वहीं भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाकर हैट्रिक भी कर ली है। वहीं 265 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को 30 के स्कोर पर पहला झटका लगा। गिल ने 11 गेंद में 8 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 29 गेंद में 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। श्रेयस अय्यर 62 गेंद में 45 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल 30 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हुए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 98 गेंद में 84 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पंड्या 24 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल 34 गेंद में 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई।



ऑस्ट्रेलियाई पारी की बात करें तो टीम की शुरूआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज कूपर कोनोली बिना खाता खोले आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने अपना शिकार बनाया। ट्रेविस हेड ने धीमी शुरूआत के बाद ताबड़तोड़ बड़े शॉट खेले जैसे ही वो भारत के लिए खतरनाक साबित हो रहे थे तो वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें शुभमन गिल के हाथों कैच आउट करा दिया। इस दौरान हेड ने 33 गेंद में 39 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन 36 गेंद में 29 रन बनाकर आउट हुए। लाबुशेन ने स्टीव स्मिथ के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। जॉर्ज इंग्लिस 12 गेंद में 11 गेंद रन बनाकर आउट हुए। वहीं स्टीव स्मिथ 96 गेंदों में 73 रन बनाकर मोहम्मद शमी के शिकार बने। ग्लेन मैक्सवेल महज 7 रन बनाकर अक्षर पटेल के शिकार बने। वहीं बेन ड्वार्शियस भी 19 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती के शिकार बने। एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों में 61 रन बनाए। नाथम एलिस ने 10 रन बनाए। वहीं हार्दिक पंड्या ने कंगारू टीम का आखिरी विकेट एडम जैम्पा के रूप में गिराया। वहीं भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 3, वरुण चक्रव्रती और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट झटके।

# आईब्रो थ्रेडिंग के बाद जलन होने पर अपनाएं ये नुस्खा, मिल सकती है राहत

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाओं को बहुत सारे ताम-झाम से गुजरना पड़ता है. कभी उन्हें हाथ-पैर में वैक्सिंग करवाते समय दर्द झेलना पड़ता है तो कभी आईब्रो थ्रेडिंग के बाद जलन सहनी पड़ती है. आजकल महिलाओं के अलावा कई सारे पुरुष भी आईब्रो सेट कराते हैं. इसको करवाने के बाद चेहरा काफी अलग और अच्छा दिखने लगता है. थ्रेडिंग कराने में दर्द तो होता ही है, लेकिन उसके बाद कई लोगों को जलन भी होती है. अगर आपको भी ये दिक्कत है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है. अगर थ्रेडिंग के बाद आपकी त्वचा लाल हो जाती है और उस पर जलन होने लगती है तो आपको कुछ नुस्खे अपनाने चाहिए. इनसे आपको काफी राहत मिलेगी. आइए जानते हैं इसके बारे में.



**जलन होने पर एलोवेरा जेल लगाएं**

आईब्रो थ्रेडिंग कराने के बाद अगर आपको जलन महसूस हो रही है तो आपको एलोवेरा जेल लगाना चाहिए. इससे त्वचा को ठंडक मिलेगी. एलोवेरा जेल को प्रभावित जगह पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें।

**कॉटन बॉल से लगाएं गुलाब जल**

अगर आपको जलन हो रही है तो आप गुलाब जल का इस्तेमाल करें. त्वचा को हाइड्रेटेड बनाता है. इसके इस्तेमाल के लिए कॉटन बॉल को गुलाब जल में भिगोकर आईब्रो के आसपास लगाएं और 10-15 मिनट तक छोड़ दें. इससे भी आपको तत्काल राहत मिलेगी।

**शहद करेगा जलन कम**

शहद में पाए जाने वाले एंटी-बैक्टीरियल और मॉइश्चराइजिंग गुण जलन को कम करते हैं. हल्की मात्रा में शुद्ध शहद लें और जलन वाली जगह पर लगाकर 15 मिनट बाद धो लें।

**प्रभावित जगह पर रखें खीरे की स्लाइस**

जलन कम करने के लिए आप प्रभावित जगह पर खीरे की स्लाइस रखें. इसे 5-10 मिनट तक रखें. इसके बाद हटा दें. खीरे की प्राकृतिक ठंडक आपको राहत पहुंचाएगी।

**सूजन और जलन तुरंत कम करने के लिए लगाएं आइस क्यूब**

बर्फ लगाने से त्वचा की सूजन और जलन तुरंत कम होती है. इसके लिए एक साफ कपड़े में बर्फ का टुकड़ा लपेटकर आईब्रो के आसपास हल्के-हल्के 2-3 मिनट तक घुमाएं. ध्यान रखें कि बर्फ को सीधा त्वचा पर न लगाएं।

# छावा की दहाड़ से गूंजा बॉक्स ऑफिस, विक्की कौशल की फिल्म 600 करोड़ से बस इतने कदम दूर

विक्की कौशल की छावा को थिएटर में रिलीज हुए 15 दिन हो चुके हैं लेकिन दिन ब दिन छावा की गूंज बढ़ती ही जा रही है. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करते हुए कई ब्रेक कर चुकी है. वहीं तीसरे शनिवार को फिल्म ने 69.23त्न की ग्रोथ दर्ज की. यानि फिल्म के लिए तीसरा सैटरडे भी सुपरहिट रहा. आइए जानते हैं फिल्म की 16वें दिन की कमाई। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर छावा वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई थी. जिसके बाद फिल्म ने तीन दिन में ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था और अब तक फिल्म दुनियाभर में 500 करोड़ से ज्यादा कमाई कर चुकी है. मीडिया ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 16वें दिन फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 69.23त्न ग्रोथ के साथ 22.5 (लगभग) की कमाई की है. इसके साथ ही फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 447.26 करोड़ हो गया है. वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो छावा जल्द ही 600 करोड़ के आंकड़े को पार करेगी. फिलहाल दुनियाभर में फिल्म की कमाई 566 करोड़ हो चुकी है। 16वें दिन दुनियाभर में छावा ने 73 करोड़ की कमाई करते हुए बॉक्स ऑफिस पर 566.5 करोड़ की कमाई कर ली है. बता दें छावा 140 करोड़ के बजट के साथ बनी थी जो वह पहले हफ्ते में ही कमा चुकी है. इसके सा ही छावा विक्की कौशल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन गई है. इसने उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के लाइफटाइम कलेक्शन (244.14 करोड़) को भी पीछे छोड़ दिया है. छावा में छत्रपति संभाजी महाराज के साहस और गौरव को दिखाया गया है जिनका किरदार विक्की कौशल ने प्ले किया है।



# कहानीकार भावना शर्मा बीपीए समाज रत्न सम्मान से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नई दिल्ली (इरफान राही )।** बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा साहित्यकार सम्मानोत्सव-2025 का आयोजन मयूर विहार में शनिवार को आयोजित किया गया, जिसमें मातृभाषा उन्नयन संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व मातृभाषा डॉट कॉम व मासिक साहित्य ग्राम की सह सम्पादक भावना शर्मा को हिन्दी के प्रचार-प्रसार व उत्कृष्ट साहित्य सेवा के लिए बीपीए समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध लघुकथाकार बलराम अग्रवाल, दीपक पाण्डेय, विमला भंडारी, सुधाकर पाठक, मनोरमा जी, विनोद पाराशर , सुशील अवस्थी मौजूद रहे, साथ ही वरिष्ठ साहित्यकार चित्रा मुद्गल, ममता कालिया, गिरीश पंकज, दिविक रमेश का आतिथ्य भी रहा। ज्ञात हो कि भावना शर्मा कहानीकार हैं, जिनके दो कहानी संग्रह आ चुके हैं। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा अखिल भारतीय नारद मुनि पुरस्कार से पुरस्कृत मातृभाषा डॉट कॉम का संपादन भी करती हैं।

इस सम्मानोत्सव में पूरे देश के अलग-अलग राज्यों से आए करीब 120 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इंडिया नेटबुक्स द्वारा प्रकाशित की जा रही "विधि नायक" एवं "अनुस्वार" पत्रिका के नए अंकों का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश एस एन श्रीवास्तव, प्रेम जनमेजय, शैलेंद्र शर्मा, सुधा आदेश, नीलिमा शर्मा, शैली मुद्गल, राजीव मुद्गल, नंद भारद्वाज, संतोष खन्ना एवं अन्य साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही, आयोजन का संचालन रणविजय राव जी एवं मनीषा चौगांवकर ने किया।

# स्टांप एवं पंजीयन मंत्री को निबंधन कार्यालय की समस्याओं से कराया अवगत, विधायक ने की अन्य निबंधन कार्यालय स्थापित करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मोदीनगर (अनवर खान)।** क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच ने लखनऊ प्रवास के दौरान स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल से मुलाकात कर उन्हें मोदीनगर तहसील स्थित निबंधन कार्यालय की समस्याओं के बारे में बताते हुए अन्य स्थान पर निबंधन कार्यालय स्थापित कराए जाने की मांग की। यह जानकारी विधायक कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि विधायक डॉ मंजू शिवाच ने स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल को एक मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि मोदीनगर तहसील में स्थित निबंधन कार्यालय में प्रतिवर्ष करीब 25000 रजिस्ट्रियां होती हैं। जिससे करीब 176 करोड़ रुपये का राजस्व स्टांप के रूप में प्रदेश सरकार को प्राप्त हो रहा है। लेकिन निबंधन कार्यलय में जगह कम होने के कारण वहां रजिस्ट्री कराने आए लोगों का बैठना तो दूर, खड़े होने तक की भी पर्याप्त जगह नहीं है।इसके अलावा कार्यालय में पेयजल की व्यवस्था नहीं है साथ ही शौचालय की भी कोई व्यवस्था नहीं है। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने मांग पत्र के माध्यम से लगातार बढ़ रही रजिस्ट्रीयों की संख्या तथा आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए निबंधन कार्यालय का एक अन्य ऑफिस स्थापित कराए जाने की मांग की है।

# त्यागी समाज के लोगों ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर रावली रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग की

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी, सतेंद्र त्यागी, एवं त्यागी समाज के अन्य लोगों ने नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर नगरपालिका मुरादनगर के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर रावली रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने ज्ञापन पर 2 दिन में कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया है। समिति के अध्यक्ष विनीत त्यागी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 2 दिन में रावली रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं की गई तो नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरियाणा त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्यागी, जिला महासचिव गौरव त्यागी, राजपाल त्यागी जी, अमरीश त्यागी ब्लॉक अध्यक्ष, गौरव शर्मा, सुनील त्यागी,सन्दीप त्यागी,भूषण त्यागी, रिंकू त्यागी, राजीव त्यागी, रविन्द्र शर्मा, सुनील त्यागी आदि साथी मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रवक्ता के रोहित शर्मा पर टिप्पणी को लेकर गिरिराज का तंज, 'दूसरे को कम ज्ञान दें

**पटना (आरएनएस)।** कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद के भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा पर दिए बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोग दूसरे को कम ज्ञान दें।

रोहित शर्मा पर कांग्रेस प्रवक्ता के टिप्पणी को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, 'मैं किसी पर टिप्पणी नहीं करूंगा, लेकिन रोहित शर्मा ने क्रिकेट जगत में बहुत उपलब्धि हासिल की है। उन्हें पता है कि कैसे फिट रहना है। लोग दूसरे पर कम ज्ञान दें और अपनी फिटनेस पर ज्यादा ध्यान दें। वे रोहित शर्मा के फिटनेस की चिंता नहीं करें। बिहार के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात को लेकर उन्होंने कहा, राज्यपाल से मुलाकात के बाद स्वाभाविक है कि वे सकारात्मक



और रचनात्मक सुझाव देते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कैसे ठीक किया जाए और शिक्षा व्यवस्था को कैसे दुरुस्त किया जाए, इन सभी विषयों पर उनकी सकारात्मक सोच रही है। समाज के प्रति उनकी जो चिंता है, उसी पर चर्चा हुई। बिहार बजट को लेकर उन्होंने कहा, पूरे मंत्रिमंडल का मैं धन्यवाद देता हूं। बेगूसराय में कैंसर इंस्टीट्यूट को मान्यता दी गई। ये पुरानी मांग थी। अब वहां पर मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट होगा।

इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विधानसभा में पेश बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इस साल बिहार का बजट 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये का है। बिहार की विकास दर 14.5 प्रतिशत रही है।मुख्यमंत्री ने कहा, बिहार बजट (2025-26) न्याय के साथ विकास के हमारे संकल्प को मजबूत करेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य सरकार अपने राजकोषीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से बिहार के आर्थिक विकास को गति देगी। सड़कों का चौड़ीकरण कर आवागमन की सुविधा को बेहतर किया जाएगा। युवाओं को रोजगार देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे। हम सरकारी नौकरी के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पित हैं, इसके लिए वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं होने दी जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि में हमारे प्रयास से हुए विकास को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान बजट में किए गए हैं।

## भारतीय सेना के मध्य कमान और दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्रों (TCOE) के बीच...

# भारतीय नक्षत्र एकीकृत निर्देशित हवाई वितरण प्रणाली के साथ नेविगेशन के विकास के लिए समझौता ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यालय मध्य कमान, भारतीय सेना और दूरसंचार उत्कृष्टता केंद्र (टीसीओई) भारत ने भारतीय नक्षत्र एकीकृत हवाई वितरण प्रणाली के साथ नेविगेशन के अनुसंधान और विकास पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिचालन वातावरण में भारतीय सेना की सटीक हवाई वितरण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक का लाभ उठाना है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण से जुड़ी इस अनुसंधान और विकास परियोजना की संकल्पना और मार्गदर्शन लखनऊ स्थित सूर्या कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने किया।इस समझौता ज्ञापन पर टीसीओई इंडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और मुख्यालय मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा ने प्रमुख अधिकारियों और डोमेन विशेषज्ञों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह समझौता रक्षा अभियानों में नवाचार, आत्मनिर्भरता और उन्नत दूरसंचार और उपग्रह-आधारित नेविगेशन तकनीकों के अनुप्रयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। 50 (इंडिपेंडेंट) पैराशूट ब्रिगेड समूह को उक्त



अनुसंधान और विकास परियोजना का मार्गदर्शन और निगरानी करने के लिए मुख्यालय मध्य कमान द्वारा नामित किया गया है। इस पहल के तहत, टीसीओई इंडिया सैटेलाइट नेविगेशन, दूरसंचार एकीकरण और निर्देशित प्रणालियों में विशेषज्ञता प्रदान करेगा, जबकि भारतीय सेना प्रौद्योगिकी की व्यावहारिक और प्रभावी तैनाती सुनिश्चित करने के लिए अपनी परिचालन अंतर्दृष्टि और आवश्यकताओं का योगदान देगी। यह परियोजना परिचालन रसद, मानवीय सहायता वितरण और सामरिक पुनः आपूर्ति संचालन को और बढ़ाने के लिए जीपीएस के लिए भारत के स्वदेशी विकल्प, एनएवीआईसी का उपयोग करके एक मजबूत और सटीक हवाई वितरण प्रणाली विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस अवसर पर बोलते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा, "टीसीओई इंडिया के साथ यह सहयोग हवाई वितरण मिशनों के लिए स्वदेशी तकनीक के विकास और उपयोग में एक मील का पत्थर है, जो दूरस्थ और उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में हमारी परिचालन तत्परता के लिए महत्वपूर्ण है।"

# किसानों का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः भाकियू (महासभा)

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** कस्बे में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन



(महासभा) ने राष्ट्रीय कार्यालय पर संगठन की एक बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी व संचालन दीपक ठाकुर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए गीता भाटी ने कहा कि, संगठन के सभी कार्यकर्ता किसानों की समस्याओं के निराकरण कराने के लिए सदैव तत्पर रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा ग्रामीणों का उत्पीड़न संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके लिए जल्द पंचायत कर, संगठन आगे की रणनीति बनाएगा। बैठक में आगामी 12 मार्च को होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। इस दौरान करण ठाकुर, मिथिलेश सिंह, विजेंद्र कसाना, पवन शर्मा, रणवीर शाहरुख, सादिक, नीलू प्रधान, गुल्लू प्रीत चौधरी, देशराज, लक्ष्मण आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।

# कुरान व अहलेबैत (अ.स) की तालीमात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** मआरिफ ए कुरान व अहलेबैत (अ.स) क्क हासिल करने के लिए मरकज ए तालीम ओ तरबियत ट्रस्ट) की जानिब से लखनऊ और उसके आस पास के इलाकों में मुसलसल होने वाले इन क्लासेज का असर यह है कि अब जवानों और नौजवानों के साथ साथ वेल्चेर के सहारे आने वाले मर्द ओ खवातीन और मायें जब अपनी आगोश में शीर खार बच्चों को लिए हुए क्लास में हाज़िर हो रहे हैं जो कि फख कि बात है। कल रात में चौथा दिन था जिस में मौलाना हैदर अब्बास साहब ने हैदरी इमामबाड़ा मुफ़्ती गंज में क्लास में बयान किया को रमजान अल्लाह कि इबादत ओ बंदगी का महीना है। इस महीने में बन्दों को चाहिए कि मजहब का फर्क किये बगैर जरूरत मंद लोगो कि मदद करें और खास तौर से अपने करीबी रिश्तेदारों और नेक दोस्तों का जरूर ख्याल रखें। क्लास के आखिर में इमाम जमाना (अ.स) कि सलामती के साथ कौम ओ मिल्लत कि सलामती की दुआ पे क्लॉस खत्म हुआ।



# भाषा विवि में हुआ उद्यमिता पर जागरूकता कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा एक दिवसीय उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम (स्पॉन्सर्ड बाय विकास आयुक्त एम.एस.एम.ई, नई दिल्ली) सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन वि वि के अटल सभागार में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ आरम्भ हुआ। सभागार में उपस्थित मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव जी एवं आए हुए समस्त आगंतुओं का स्वागत वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन श्री राजन यादव( फील्ड इन्वेस्टिगेटर एम.एस.एम.ई, नई दिल्ली) ने भारत सरकार द्वारा उद्यमिता से सम्बंधित संचालित की जा रही योजनाओं जैसे की PMEGP Ver 2.0, MUDRA के बारे में सम्पूर्ण जानकारी सभा में उपस्थित बहुतायत छात्रों को प्रदान की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव (President All India Small scale association) ने उद्यमिता से जुड़े अपने व्यक्तिगत सफर के बारे में बताया और कहा कि "सपने ही किसी व्यक्ति को उद्यमी बनाते हैं" और सभा में उपस्थित छात्रों को अपना मोबाइल नंबर साझा करते है कहा कि किसी भी छात्र को उद्यमिता से सम्बंधित कोई भी सुझाव व सहयोग की आवश्यकता हो तो वह उनसे संपर्क कर सकता है बशर्ते कि उनके आइडिया में नवाचार तथा रचनात्मकता हो। इसके पश्चात रिसोर्स पर्सन एवं भाषा विवि के कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ल द्वारा उद्यमिता और नई शिक्षा नीति के अंतसंबंध के बारे में बताते हुए कहा कि एक सफल उद्यमी में माइंडसेट, नवाचार और रचनात्मकता जैसे गुणों का होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ जैबुन निसा (सहा. आचार्य) द्वारा किया गया। सभागार में में वाणिज्य और इंजीनियरिंग संकाय के कुल लगभग 75 बच्चों ने उद्यमिता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से जुड़े रहे।



अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभागार में आए हुए समस्त आगंतुओं का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष कुमार (सहा. आचार्य वाणिज्य विभाग) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. सुमन मिश्र, सुश्री आफरीन फातिमा, डॉ अप्रतिम चटर्जी, डॉ. अनुभव तिवारी, डॉ मृदुल सोनी, श्री अर्जुन यादव, आएशा अलीम, सैय्यद अली जुहैर जैदी, शिवम् चतुर्वेदी, ऋषभ त्रिवेदी स्टूडेंट कोऑर्डिनेटर में दीपांशु गुप्ता, नमरा रफत, सफीया, मनतशा, महजबी आदि लोग उपस्थित रहे।

## मनोनीत — दीपक चौधरी बने युवा रालोद के जिला महासचिव

# अपने दादा और पिता की तरह करूंगा पार्टी की सेवा: दीपक चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष चौधरी जयदीप सिंह ने गोविंदपुरी निवासी किसान नेता दीपक चौधरी को जनपद गाजियाबाद के जिला महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। दीपक चौधरी के साथ दर्जनों युवाओं ने भी युवा राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा है। मंगलवार को हाईवे के निकट स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान युवा रालोद के जिला अध्यक्ष चौधरी जयदीप सिंह ने किसानों के हितों की आवाज उठाने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाने वाले गोविंदपुरी निवासी किसान नेता दीपक चौधरी को जिला महासचिव के पद पर मनोनीत करते हुए मनोनयन पत्र सौंपा। जिला महासचिव के पद पर मनोनीत होने के बाद दीपक चौधरी ने कहा कि उनके पूर्वजों का राष्ट्रीय लोकदल के साथ बड़ा गहरा नाता है। उनके दादा चौधरी बलबीर सिंह और पिता चौधरी रणबीर सिंह राष्ट्रीय लोकदल के सच्चे सिपाही रहे हैं। और किसानों व मजदूरों के हित में की गई पार्टी की सभी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। दीपक चौधरी ने कहा कि अपने पूर्वजों की तरह वे भी राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों






पर चल रहे हैं। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी एवं जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सहित सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उनको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उस जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाकर इस विश्वास को हमेशा बनाए रखने का काम करेंगे। साथ ही पार्टी के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व चौधरी अजीत सिंह द्वारा दिखाये मार्ग पर चलकर किसानों और मजदूरों के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान दीपक चौधरी के साथ आए करीब 40 नौजवान युवा रालोद में शामिल हुए। इस दौरान नव मनोनीत जिला महासचिव दीपक चौधरी का फूल मानव के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ रालोद नेत्री डॉ पूनम गर्ग, महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, पतला अध्यक्ष रीता चौधरी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष ललित सैन, राम भरोसे लाल मौर्य, सतीश राठी, एड अरुण दहिया, योगेश फफराना, सत्येंद्र तोमर, गौरव तेवतिया, आरुष चौधरी, अमित चौधरी, अविनाश चौधरी, विकास राजपूत, पूरू चौधरी, सौरव चौधरी, अर्पण चौधरी, उपेंद्र सिंह, पंकज चौधरी, चौधरी बीर सिंह, पंकज दहिया, अविनाश त्यागी, सुरेंद्र पाल सिंह, जतिन शर्मा, शेखर चौधरी, पवन प्रजापति आदि मौजूद थे।

# दिनेश विद्यापीठ के छात्र भव्यांश त्यागी ने उत्तीर्ण की जेईई मेन की परीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** स्वर्ग आश्रम रोड गांव धनौरा स्थित दिनेश विद्यापीठ के छात्र भव्यांश त्यागी पुत्र अंकित त्यागी निवासी आवास विकास कालोनी मेरठ रोड ने जेईई मेनस की प्रथम चरण परीक्षा को 95 प्रतिशत में उत्तीर्ण किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ आकांक्षा त्यागी ने छात्र के मनोबल को बढ़ाते हुए जेईई मेनस एडवांस की स्कोरिंग करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही छात्र को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



छात्र ने विद्यालय का नाम किया रोशन,छात्र को बधाई दी

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267